# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

• बोकारो, रविवार 10 मई 2026 • वर्ष : 09 • अंक : 350 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो, पटना व औरंगाबाद से प्रकाशित




कोलकाता में नयी सरकार के शपथ ग्रहण के पूर्व रवीन्द्र नाथ टैगोर को श्रद्धांजलि अर्पित करते पीएम नरेन्द्र मोदी

### रवींद्र जयंती पर पश्चिम बंगाल की राजनीति ने लिखा नया इतिहास

# शुभेंदु ने ली मुख्यमंत्री पद की शपथ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की राजनीति ने शनिवार को रवींद्र जयंती पर नया इतिहास लिख दिया। कोलकाता के विशाल ब्रिगेड परेड ग्राउंड में पहली बार भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार ने शपथ ली। शुभेंदु अधिकारी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के अलावा देश के अलग-अलग राज्यों के एनडीए सरकारों के मुखिया की मौजूदगी में पश्चिम बंगाल के नौवें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। उनके शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए देश भर के नेता आये थे। बंगाल के कोने-कोने से आम लोग भी ब्रिगेड परेड ग्राउंड में इस ऐतिहासिक पल के गवाह बने। आजादी के बाद यह पहली बार है, जब बंगाल की किसी सरकार का शपथ ग्रहण समारोह लोक भवन के बंद कमरों से निकलकर खुले मैदान में आयोजित हुआ। बांग्ला पंचांग के अनुसार बैसाख



के 25वें दिन जब राज्य भर में रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती मन रही थी उसी दौरान राज्यपाल आरएन रवि ने शुभेंदु अधिकारी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी। उनके साथ पांच मंत्रियों दिलीप घोष, अग्निमित्रा पॉल, अशोक किर्तिनया, खुदीराम टुडू और निशीथ प्रमाणिक ने भी शपथ ली। अधिकारी के शपथ ग्रहण समारोह से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुली जीप में बंगाल के नये चीफ मिनिस्टर और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष के साथ ब्रिगेड परेड ग्राउंड में आये लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। पीएम मोदी हाथ हिला रहे थे और शुभेंदु अधिकारी तालियां बजा रहे थे। थोड़ी देर बाद पीएम मोदी, शुभेंदु और शमिक जीप से उतरकर पैदल ही स्टेज की तरफ बढ़े। कोलकाता पुलिस ने सुरक्षा के लिए 4000 पुलिसकर्मियों को तैनात किया था। पूरे मैदान में 1500 सीसीटीवी कैमरे और ड्रोन से नजर रखी जा रही थी। वीवीआईपी मेहमानों के लिए कार्यक्रम स्थल के पास ही अस्थायी हेलीपैड बनाया गया था। मैदान में उमड़ने वाली लाखों की भीड़ के लिए 100 से अधिक बड़ी एलईडी स्क्रीन लगायी गयी थी ताकि हर कोई इस पल को लाइव देख सके। शपथ ग्रहण समारोह में केंद्रीय मंत्री, भाजपा सांसद, उद्योगपति, फिल्मी हस्तियां, संत और धार्मिक नेता शामिल हुए। इस तरह शपथ ग्रहण समारोह एक बड़े राजनीतिक आयोजन में बदल गया, जिसे पार्टी ने बंगाल के लिए 'ऐतिहासिक सवेरा' बताया।

## वज्रपात से एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**कोडरमा।** जिले के सतगावां थाना क्षेत्र अंतर्गत नंदूडीह गांव में शुक्रवार देर रात हुए भीषण वज्रपात ने एक ही परिवार के तीन सदस्यों की जान ले ली। मृतकों में सरस्वती देवी, उनका पुत्र अंकित यादव और बुआ मुंद्रिका देवी शामिल हैं। घटना उस समय हुई जब तेज बारिश के साथ आसमान में लगातार बिजली कड़क रही थी। बताया गया कि तीनों घर के अंदर खिड़की के पास बैठे थे। तभी जोरदार वज्रपात हुआ। उसकी चपेट में खिड़की आ गई जो बिजली के तार के संपर्क में थी। धातु के जरिए करंट कमरे में फैल गया। तीनों इसकी चपेट में आ गए। वज्रपात इतना शक्तिशाली था कि तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मुंद्रिका देवी दो दिन पहले ही गिरिडीह के गांवा क्षेत्र से एक शादी समारोह में शामिल होने नंदूडीह आई थीं। वे प्रदीप यादव के भतीजे नीतीश कुमार की 6 मई को हुई शादी में शरीक हुई थीं और शनिवार को वापस लौटने वाली थीं। लेकिन इससे पहले ही यह दर्दनाक हादसा हो गया। घटना के समय गृहस्वामी प्रदीप राउत खुद एक शादी समारोह में शामिल होने डोमचांच गए हुए थे। जैसे ही उन्हें घटना की सूचना मिली, वे तुरंत घर लौटे। बताया जा रहा है कि परिवार के अन्य बच्चे उस समय घर पर नहीं थे, जिससे वे सुरक्षित बच गए। अचानक हुए इस हादसे से पूरे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। जिस आंगन में दो दिन पहले शादी की खुशियों के बीच गाना-बजाना हो रहा था वहां अब मातम पसरा हुआ है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पूरे गांव में शोक की लहर फैल गई है। सूचना मिलते ही सतगावां थाना पुलिस मौके पर पहुंची। शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को मुआवजा देने की मांग की है।

### संक्षिप्त समाचार

#### स्कूल परिसर में नाबालिग का शव बरामद

**जमशेदपुर(नबिटा ब्यूरो)।** परसुडीह क्षेत्र स्थित एक स्कूल परिसर में नाबालिग का शव बरामद हुआ है। इसकी जानकारी जैसे ही लोगों को मिली क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मामले में परसुडीह थाना प्रभारी ने बताया कि मृत नाबालिग बच्ची के गले पर निशान पाए गए हैं। मृतका की पहचान के लिए आस पास के लोगों से पूछताछ की जा रही है। मौके पर पहुंचे परसुडीह थाना प्रभारी ने आस पास के क्षेत्रों का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी है।

#### टेंपू सवार युवक की सड़क हादसे में मौत

**मेदिनीनगर(नबिटा ब्यूरो)।** पलामू जिले के लेस्लीगंज थाना क्षेत्र में शुक्रवार रात एक सड़क हादसे में 25 वर्षीय युवक बीरेंद्र राम की मौत हो गई। वह भकासी गांव का निवासी था और एक तिलक समारोह में शामिल होने जा रहा था। मृतक के जीजा अशोक राम ने बताया कि बीरेंद्र अपने गांव भकासी निवासी लक्खू भुईयां की बेटी के तिलक समारोह में शामिल होने के लिए जा रहा था। रात करीब 9:30 बजे वे तीन टेंपू में सवार होकर पोलपोल के पास पोखराहा गांव के लिए निकले थे। बीरेंद्र सबसे पीछे वाले टेंपू में बैठा था।

#### जंगली लोमड़ी ने मासूम को नोच डाला

**पाकुड़(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के तारानगर पंचायत अंतर्गत लखी नारायणपुर गांव में एक बेहद दर्दनाक और दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। रात के अंधेरे का फायदा उठाते हुए एक जंगली लोमड़ी ने करीब तीन महीने के मासूम बच्चे को अपना शिकार बना लिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में दहशत का माहौल है। मिली जानकारी के अनुसार रामचंद्रपुर निवासी मुसफ़ेरा बीबी अपने बच्चों के साथ मायके लखी नारायणपुर आई हुई थीं तभी लोमड़ी ने उसके बच्चे को अपना शिकार बना लिया।

## वन विभाग कर्मी की करंट लगने से मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**लातेहार।** पलामू टाइगर रिजर्व के गारू रेंज में ट्रैकर गार्ड के रूप में कार्यरत लल्लू उरांव की करंट लगने से मौत हो गई। मृतक के परिजनों का आरोप है कि पलामू टाइगर रिजर्व के फॉरेस्ट गार्ड के कहने पर लल्लू उरांव बिजली बनाने के लिए पेड़ पर चढ़ा था जहां करंट लगने से उसकी मौत हो गई। घटना के बाद संबंधित विभाग के अधिकारियों का मोबाइल भी बंद है जिससे परिजनों में भारी आक्रोश है। घटना शुक्रवार रात की बताई जा रही है। मृतक के भाई निलेम उरांव ने बताया कि गारू स्थित वन विभाग के कार्यालय के पास बीती रात बिजली का तार गिर गया था। वन विभाग के अधिकारियों ने इसकी सूचना बिजली विभाग को देने के बजाय उनके भाई को तार ठीक करने के लिए भेज दिया। इसी दौरान करंट लगने से उसकी मौत हो गई। इसके बाद विभाग के द्वारा परिजनों को सूचना दिए बगैर सीधे उसे लातेहार अस्पताल में पहुंचाकर छोड़ दिया गया। उन्होंने बताया कि आज सुबह जब उन्हें घटना की जानकारी मिली तो वह अस्पताल आए। यहां सिर्फ एक अन्य ट्रैकर गार्ड उपस्थित था। विभाग के कोई भी अधिकारी मौजूद नहीं थे। उन्होंने आरोप लगाया कि विभागीय लापरवाही के कारण उनके भाई की मौत हुई है। मृतक अपने परिवार का इकलौता कमाने वाला व्यक्ति था। उन्होंने कहा कि मृतक की पत्नी को सरकारी नौकरी तथा 60 लाख रुपए मुआवजा दिया जाए। इधर वन विभाग के ट्रैकर गार्ड अजय कुमार ने बताया कि रात में बिजली का तार गिर गया था। तार को दुरुस्त करने के लिए लल्लू को पेड़ पर चढ़ाया गया था लेकिन करंट लगने से उसकी मौत हो गई। इस संबंध में थाना प्रभारी जयप्रकाश शर्मा ने बताया कि मामले की सूचना उन्हें शनिवार को मिली। सदर अस्पताल से ही उन्हें घटना की जानकारी दी गई। सूचना मिलने के बाद वह मामले की जांच कर रहे हैं।

## गांव-गांव तक पहुंचाएं सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने आज शनिवार को चान्हो प्रखंड मुख्यालय में विभिन्न तरह के आपदा के शिकार हुए लोगों के परिजनों के बीच राहत राशि का वितरण किया। प्राकृतिक आपदा राहत वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की शामिल हुईं। मंत्री ने 152 लाभुकों के बीच 16 लाख से अधिक की राशि वितरित की। कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि वर्ष 2025-26 के अंतर्गत राज्य सरकार द्वारा स्वीकृत निधि से 152 लाभुकों के बीच 16 लाख 05 हजार 430 की सहायता राशि वितरित की गई है। जिसमें सर्पदंश, डूबने, सड़क दुर्घटना, वज्रपात, घर एवं फसल क्षति जैसी प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित परिवारों को इस योजना के माध्यम से सहयोग प्रदान किया गया। मंत्री ने प्रभावित परिवारों से कहा कि आप सभी से आग्रह है कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी गांव-गांव तक पहुंचाएं ताकि अधिक से अधिक लोग इन योजनाओं





का लाभ उठा सके। पिछले कुछ दिनों में लगातार आंधी, तूफान एवं बारिश के कारण कई लोगों के घरों और संपत्तियों को नुकसान हुआ है। कई ग्रामीणों को यह जानकारी नहीं होती कि क्षतिग्रस्त घर का फोटो, आवेदन पत्र, बैंक पासबुक एवं आधार कार्ड जमा करने पर सरकार द्वारा मुआवजा दिया जाता है। उन्होंने लोगों को जानकारी दी कि वज्रपात से मवेशियों की मृत्यु होने पर सरकार द्वारा साठ हजार रुपये से अधिक की सहायता राशि प्रदान की जाती है। वहीं सांप काटने, डूबने या सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने पर आवश्यक दस्तावेज एवं पोस्टमार्टम रिपोर्ट जमा करने के बाद चार लाख रुपये तक की सहायता राशि दी जाती है। मंत्री ने बताया कि पूर्व में सहायता राशि प्रखंड विकास पदाधिकारी के खाते के माध्यम से दी जाती थी। जिससे भुगतान प्रक्रिया में कई तरह की शिकायतें आती थीं, अब सरकार ने पारदर्शिता बढ़ाते हुए लाभुकों के नाम सीधे चेक जारी करने की व्यवस्था लागू की है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि अब केवल संबंधित लाभुक ही अपने खाते में चेक जमा कर सकता है, इसलिए किसी दलाल या बिचौलिए के झांसे में आने की आवश्यकता नहीं है। यदि कोई व्यक्ति काम करवाने के नाम पर पैसे की मांग करे तो उसे कोई राशि न दें, सरकार सीधे लाभुकों तक सहायता पहुंचा रही है। मंत्री ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि वैज्ञानिकों के अनुसार इस वर्ष औसत से कम वर्षा होने की संभावना है। ऐसे में किसानों को पहली बारिश के साथ ही धान की रोपनी शुरू कर देनी चाहिए। कम पानी में होने वाली फसलों जैसे मडुआ, तिलहन एवं दलहन की खेती को भी बढ़ावा देने की आवश्यकता है। मंत्री ने कहा कि मछली पालन आज रोजगार का एक महत्वपूर्ण माध्यम बन चुका है। विभाग द्वारा इस क्षेत्र में कई जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनका लाभ किसानों को अवश्य लेना चाहिए। पशुपालन के क्षेत्र में भी विभाग द्वारा बकरी, मुर्गी, सुअर, गाय एवं भेड़ पालन के लिए योजनाएं संचालित की जा रही हैं। कृषि मंत्री ने कहा कि चान्हो क्षेत्र सब्जी उत्पादन में अग्रणी है लेकिन उचित बाजार मूल्य नहीं मिलने के कारण कई बार किसानों को टमाटर एवं गोभी जैसी सब्जियां सड़क पर फेंकनी पड़ती हैं। इस समस्या के समाधान के लिए मांडर के बुढाखुखरा में 5000 एमटी क्षमता वाले कोल्ड स्टोरेज का निर्माण पूरा कर लिया गया है जिसका लाभ क्षेत्र के किसान उठा सकते हैं।

## कई मामलों का खुलासा, छह गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में जिला पुलिस ने बड़ी कामयाबी हासिल की है। शनिवार को पुलिस अधीक्षक कपिल चौधरी ने एक प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि पुलिस ने पिछले कुछ दिनों में हुई हत्या, लूट और गोलीबारी की चार प्रमुख घटनाओं का सफल उद्भेदन किया है। पुलिस ने इन मामलों में शामिल कुल छह आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। लातेहार जिला बल के जवान पवन सिंह को गोली मारकर घायल करने के मामले में पुलिस ने सख्ती दिखाई है। आरोपी ऋषभ सिंह को रिमांड पर लेकर जब पूछताछ की गई, तो उसकी निशानदेही पर पुलिस ने घटना में प्रयुक्त 7.65 एमएम की देशी पिस्टल और मैगजीन बरामद की। इसके साथ ही





चैनपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर से वारदात में इस्तेमाल की गई बुलेट बाइक भी जब्त कर ली गई है। पिपराटांड थाना क्षेत्र के करमा गांव में बीते 29 अप्रैल को हुई राजमनी पाठक की नृशंस हत्या की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। इस मामले में पुलिस ने बिरेंद्र कुमार सिंह उर्फ गुड्डु सिंह को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया है। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर हत्या में इस्तेमाल की गई लोहे की कुल्हाड़ी और एक पीला थैला बरामद किया है। लेस्लीगंज के बोहिता गांव में सात मई की रात एक महिला के साथ हुई लूटपाट के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की है। पुलिस ने तीन अपराधियों असतफाक आलम, मो. इरफान उर्फ सोनू और नाजिल आलम को गिरफ्तार किया है। इनके पास से लूटा गया मंगलसूत्र का लॉकेट, मोबाइल और घटना में प्रयुक्त पल्सर बाइक बरामद हुई है। गिरफ्तार मो. इरफान का पुराना आपराधिक इतिहास भी रहा है। चैनपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर में शुक्रवार को महज 20 रुपये के मामूली विवाद में एक दुकानदार पर गोली चलाने वाले मुख्य आरोपी सैफ खलीफा को पुलिस ने दबोच लिया है। पुलिस ने उसके पास से एक देशी कट्टा, खोखा और पिलेट बरामद किया है। एसपी ने बताया कि छोटी सी बात पर हथियार का इस्तेमाल करने वाले अपराधियों के खिलाफ पुलिस जीरो टॉलरेंस की नीति अपना रही है।

## तूल पकड़ता जा रहा महिला संप्रेक्षण गृह में युवती की मौत का मामला

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**देवघर।** शहर के कुंडा थाना क्षेत्र स्थित चरकी पहाड़ी के समीप बने झारखंड के एकमात्र महिला संप्रेक्षण गृह में 5 मई को एक और युवती की मौत के बाद मामला तूल पकड़ता जा रहा है। हालांकि घटना के बाद जिला प्रशासन ने जांच के लिए एक टीम गठित की थी। टीम ने जांच के बाद अपनी रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को सौंप दी है। जांच टीम की सदस्य और जिला कल्याण पदाधिकारी रंजना कुमारी ने बताया कि संप्रेक्षण गृह में युवती की मौत की सूचना मिलते ही जिला प्रशासन तत्काल जांच में जुट गया। उन्होंने बताया कि मृत युवती की पहचान श्रावणी कुमारी के रूप में हुई थी। उन्होंने बताया कि मृत बच्ची स्पेशल चाइल्ड थी और संप्रेक्षण गृह में रह रही थी। इससे पहले वह रांची के सीआईपी में भी रह चुकी थी। जिला कल्याण पदाधिकारी ने बताया कि संप्रेक्षण गृह में श्रावणी की तबीयत अचानक बिगड़ गई थी जिसके बाद उसे बेहतर इलाज के लिए अस्पताल ले जाया जा रहा था लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। मौत के बाद डॉक्टरों की टीम ने उसका पोस्टमार्टम किया। जिला कल्याण पदाधिकारी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का स्पष्ट कारण पता चल सकेगा। घटना के बाद जिला प्रशासन की ओर से संप्रेक्षण गृह में अतिरिक्त डॉक्टरों की नियुक्ति की गई है। साथ ही वहां रह रही बच्चियों की विशेष निगरानी की जा रही है जो शारीरिक या मानसिक रूप से बीमार हैं। संप्रेक्षण गृह में रह रहे स्पेशल चाइल्ड की समय-समय पर एम्स और सदर अस्पताल में जांच कराई जाती है।


## ड्रॉपआउट बच्चों को मुख्यधारा से जोड़ने की उम्मीद बना 'रूआर'

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची/देवघर।** शिक्षा एक मौलिक अधिकार है जो सामाजिक पूर्वाग्रहों और असमानताओं से लड़ने में सहायक हो सकता है। भारत ने सर्व शिक्षा अभियान (अब समग्र शिक्षा) और शिक्षा का अधिकार अधिनियम जैसी पहलों के माध्यम से प्राथमिक शिक्षा में लगभग सार्वभौमिक नामांकन सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण प्रगति की है लेकिन बाद की कक्षाओं में छात्रों को स्कूल में बनाए रखना और स्कूल छोड़ने से रोकना अभी भी एक चुनौती है। झारखंड सरकार ने बच्चों को वापस स्कूल लाने के लिए महत्वपूर्ण कोशिश की है। झारखंड सरकार के शिक्षा विभाग द्वारा चलाया जा रहा 'रूआर कार्यक्रम' राज्य भर में स्कूल छोड़ चुके बच्चों को दोबारा शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने की एक महत्वपूर्ण पहल साबित हो रहा है। 'रूआर' संथाली भाषा का शब्द है जिसका अर्थ है स्कूल की ओर लौटना। यह नाम ही कार्यक्रम के उद्देश्य को पूरी तरह प्रतिबिंबित करता है। कार्यक्रम के तहत 5 से 18 वर्ष के उन बच्चों की पहचान की जा रही है जो किसी कारणवश पढ़ाई छोड़ चुके हैं या नए सत्र में नामांकन नहीं करा पाए। जिला शिक्षा अधीक्षक मधुकर कुमार के अनुसार यह अभियान हर वर्ष 15 अप्रैल से 30 अप्रैल तक चलाया जाता है और जरूरत पड़ने पर अवधि बढ़ाई जाती है ताकि अधिकतम बच्चों को स्कूल वापस लाया जा सके। देवघर जिले के आंकड़े चिंताजनक हैं। शिक्षा विभाग के अनुसार जिले में लगभग 61,963 बच्चे



ड्रॉपआउट श्रेणी में हैं। हालांकि रूआर अभियान के तहत अब तक 13,178 बच्चों का पुनः नामांकन (री-एडमिशन) कराया जा चुका है। यह संख्या सकारात्मक शुरुआत दर्शाती है लेकिन अभी भी लंबा सफर तय करना बाकी है। संथाल परगना संभाग के अन्य जिलों की स्थिति भी चिंताजनक है। पाकुड़ में करीब 68 हजार, साहेबगंज में 64 हजार, देवघर में 62 हजार, गोड्डा में 59 हजार, दुमका में 57 हजार और जामताड़ा में 24 हजार बच्चे ड्रॉपआउट की श्रेणी में चिह्नित हैं। पूरे संभाग में कुल मिलाकर लाखों बच्चे प्रभावित हैं। देवघर इस सूची में तीसरे स्थान पर है। जिले में कुल नामांकित बच्चों की संख्या करीब 3 लाख 85 हजार है जिसमें से 62 हजार का ड्रॉपआउट होना शिक्षा विभाग और समाज दोनों के लिए गंभीर चिंता का विषय है। शिक्षा परियोजना परिषद की नोडल ऑफिसर खुशबू कुमारी ने कहा कि राज्य में ड्रॉपआउट दर को कम करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। पिछले दो वर्षों में जो सुधार देखने को मिला है, वह सरकारी विभागों, शिक्षकों और समुदाय के सामूहिक प्रयासों का नतीजा है। हालांकि, अभी भी हमें खासकर माध्यमिक स्तर पर ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है, ताकि बच्चे 10वीं और 12वीं कक्षा तक अपनी पढ़ाई पूरी कर सकें। झारखंड सरकार ने स्कूल ड्रॉपआउट की समस्या को जड़ से खत्म करने के लिए बड़े पैमाने पर अभियान शुरू कर दिया है। वर्ष 2026 में चलाए जा रहे 'स्कूल रूआर 2026' अभियान के तहत सरकार का लक्ष्य पूरे राज्य में ड्रॉपआउट दर को एक प्रतिशत से नीचे लाना है, खासकर ग्रामीण और जनजातीय क्षेत्रों में। इस दिशा में शिक्षा विभाग ने मार्च 2026 में 21 दिवसीय विशेष सर्वे अभियान चलाया। इसमें शिक्षकों और शिक्षा कर्मचारियों ने घर-घर जाकर स्कूल छोड़ चुके बच्चों की पहचान की और उन्हें दोबारा शिक्षा से जोड़ने का प्रयास किया।




CMYK

# राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन, 74 हजार से अधिक मामलों का निष्पादन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**





**गिरिडीह।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से शनिवार को व्यवहार न्यायालय, गिरिडीह में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस दौरान 71,654 प्री-लिटिगेशन मामलों एवं 3,004 लंबित मामलों का निष्पादन किया गया। साथ ही विभिन्न विभागों को कुल 12 करोड़ 46 लाख 93 हजार 739 रुपये की राजस्व राशि प्राप्त हुई। राष्ट्रीय लोक अदालत का ऑनलाइन उद्घाटन सुजीत नारायण प्रसाद, न्यायाधीश, झारखंड उच्च न्यायालय सह कार्यकारी अध्यक्ष, झालसा, रांची के कर-कमलों द्वारा किया गया।

इस अवसर पर दुर्घटना वाद के पीड़ितों के बीच 1 करोड़ 34 लाख रुपये से अधिक राशि के चेक वितरित किए गए राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं झालसा, रांची के निर्देशानुसार 9 मई 2026 को राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारंभ झारखंड के सभी जिलों में ऑनलाइन सीधा प्रसारण के माध्यम से किया गया। गिरिडीह न्यायमंडल में आयोजित कार्यक्रम में माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह मार्तंड प्रताप मिश्रा, प्रधान न्यायाधीश, कुटुंब न्यायालय धनंजय कुमार सहित अन्य न्यायिक पदाधिकारीगण एवं आमजन उपस्थित रहे कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह मार्तंड प्रताप मिश्रा ने कहा कि वर्ष 2026 की द्वितीय राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन आमजनों एवं पक्षकारों को त्वरित एवं सुलभ न्याय उपलब्ध कराने के उद्देश्य से किया गया है। उन्होंने कहा कि लोक अदालत के माध्यम से सुलहनीय आपराधिक मामले, सिविल मामले, बैंक विवाद, वाहन दुर्घटना वाद, बिजली, वन विभाग, उत्पाद, माप तौल एवं खाद्य सुरक्षा विभाग से जुड़े मामलों का निष्पादन किया जा रहा है। इससे पक्षकारों को शीघ्र न्याय मिलने के साथ साथ न्यायालयों पर लंबित मामलों का बोझ भी कम होता है। उन्होंने आमजनों से समय समय पर आयोजित होने वाली लोक अदालतों में भाग लेकर अपने मामलों का निष्पादन कराने की अपील की। साथ ही कहा कि जिला प्रशासन भी न्यायपालिका के साथ समन्वय स्थापित कर हरसंभव सहयोग देने के लिए तत्पर है जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गिरिडीह के सचिव सफदर अली नैयर ने राष्ट्रीय लोक अदालत की विशेषताओं एवं महत्व पर प्रकाश डालते हुए लोगों से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि लोक अदालत समाज में सौहार्द एवं अमन-चैन कायम रखने का सशक्त माध्यम है। राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए गिरिडीह न्यायमंडल द्वारा पूर्व से ही व्यापक तैयारी की गई थी। सभी न्यायिक पदाधिकारियों, विभागीय अधिकारियों, पैनल अधिवक्ताओं एवं पारा लीगल वॉलिंटियर्स के साथ बैठकें आयोजित की गई थीं। संबंधित पक्षकारों को पूर्व में ही नोटिस भेजकर सूचना दी गई थी कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए कुल 13 पीठों का गठन किया गया था। सभी पीठों के पीठासीन न्यायाधीशों ने अपने-अपने आवंटित मामलों का निष्पादन किया। इसके अलावा जिला प्रशासन एवं विभिन्न विभागों के सहयोग से लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण कर उन्हें विभिन्न सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं से भी लाभान्वित किया गया। कार्यक्रम में गिरिडीह न्यायमंडल के सभी न्यायिक पदाधिकारीगण, अधिवक्तागण, विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी, पारा लीगल वॉलिंटियर्स, मीडिया प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में पक्षकार उपस्थित रहे। राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने में न्यायिक पदाधिकारियों, अधिवक्ताओं, विभागीय अधिकारियों, न्यायालय कर्मियों, पारा लीगल वॉलिंटियर्स एवं मीडिया कर्मियों की सराहनीय भूमिका रही।

# विधि-व्यवस्था पर प्रशासन सख्त, अवैध खनन और नशाखोरी के खिलाफ चलेगा अभियान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवीन सिन्हा (हजारीबाग ब्यूरो)।** जिले में विधि-व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने को लेकर उपायुक्त हेमन्त सती एवं पुलिस अधीक्षक अमन कुमार ने संयुक्त रूप से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक की। बैठक में अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, सभी अंचलाधिकारी



(सीओ) तथा थाना प्रभारी शामिल हुए। बैठक में कानून व्यवस्था, अवैध खनन, नशाखोरी, भूमि अतिक्रमण एवं जनसमस्याओं के त्वरित निष्पादन को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए।

बैठक के दौरान उपायुक्त हेमन्त सती ने सभी अंचलाधिकारियों को निर्देश दिया कि पूर्व में जारी निर्देशों के अनुरूप थाना प्रशासन के साथ समन्वय बनाते हुए सूखे पेड़ों की कटाई के लिए मंगलवार से 10 दिनों का विशेष अभियान चलाया जाए। उन्होंने कहा कि आंधी-तूफान के दौरान सूखी टहनियां गिरने से दुर्घटना की आशंका बनी रहती है, वहीं बिजली तारों पर पेड़ गिरने से विद्युत आपूर्ति भी बाधित होती है। ऐसे में समय रहते कार्रवाई जरूरी है। उपायुक्त ने जनता दरबार में आने वाले मामलों की समीक्षा करते हुए कहा कि अधिकांश शिकायतें जमीन विवाद एवं आपसी मामलों से जुड़ी होती हैं, जिनका त्वरित निष्पादन नहीं हो पाता। इसे देखते हुए सभी प्रखंडों में प्रत्येक माह के पहले दो शनिवार को थाना दिवस तथा मंगलवार और शुक्रवार को झरअंचल दिवसझ आयोजित करने का निर्देश दिया गया। इन आयोजनों में अंचलाधिकारी एवं थाना प्रभारी संयुक्त रूप से स्थानीय मामलों की सुनवाई करेंगे, ताकि विवादों का समाधान स्थानीय स्तर पर ही हो सके। बैठक में अवैध कोयला परिवहन पर भी प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया। उपायुक्त ने सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं थाना प्रभारियों को अवैध कोयला ढुलाई पर सख्ती से रोक लगाने का निर्देश दिया। साथ ही जिले में बढ़ती नशाखोरी पर नियंत्रण के लिए नियमित और प्रभावी छापामारी अभियान चलाने का भी निर्देश दिया गया। पुलिस अधीक्षक अमन कुमार ने अवैध खनन एवं नशाखोरी के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस नीति अपनाने की बात कही। उन्होंने सभी अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए विधि-व्यवस्था बनाए रखने का निर्देश दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### शादी की शहनाई से पहले बजी मौत की घंटी, बेटी की डोली से पहले उठी पिता की अर्थी

**गिरिडीह (नबिटासं)।** डुमरी बाराबाडीह के चाचाकी निवासी टहल साव के घर में 13 मई को बेटी की शादी होनी थी। परिवार में खुशियों का माहौल था और शादी की तैयारियां जोर-शोर से चल रही थीं। लेकिन किस्मत को कुछ और ही मंजूर था। शादी की खुशियां मातम में बदल गई, जब ईसरी बाजार में हुए भीषण सड़क हादसे ने पूरे परिवार को तबाह कर दिया।बताया गया कि टहल साव अपनी बेटी की शादी के लिए करीब तीन लाख रुपये का सामान खरीदकर पिकअप वैन से घर लौट रहे थे। इसी दौरान ईसरी बाजार में तेज रफ्तार कोयला लदे ट्रक ने पिकअप वैन को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भयावह था कि पिकअप चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि टहल साव गंभीर रूप से घायल हो गए।स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, लेकिन जिंदगी की जंग हारते हुए उन्होंने भी दम तोड़ दिया। जिस पिता ने अपनी बेटी की खुशियों के लिए दिन-रात मेहनत की, वही बेटी की शादी से पहले दुनिया छोड़ गया घटना के बाद परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। बेटी, जो कुछ दिनों बाद दुल्हन बनने वाली थी, पिता की मौत की खबर सुनते ही बेसुध हो गई। घर में जहां शहनाई बजने वाली थी, वहां अब चीख-पुकार और मातम पसरा हुआ है।

### मजदूरों पर बढ़ते हमलों के खिलाफ मेहनतकशों की एकजुटता जरूरी : कन्वेंशन

**मेदिनीनगर/पलामू (नबिटासं)।** क्रांतिकारी किसान मजदूर यूनियन एवं जन संग्राम मोर्चा, झारखंड के संयुक्त तत्वावधान में बैरिया चौक स्थित कुशवाहा भवन में अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस की स्मृति में संयुक्त कन्वेंशन आयोजित किया गया। अध्यक्षता वृजनंदन मेहता एवं संचालन अशोक पाल ने किया। जन संग्राम मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष युगल पाल ने मई दिवस के राजनीतिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए केंद्र सरकार द्वारा 29 श्रम कानूनों को खत्म कर चार श्रम संहिताएं लागू करने की आलोचना की। उन्होंने कहा कि नई श्रम संहिताओं से मजदूरों के संगठन बनाने के अधिकार कमजोर होंगे और पूंजीपतियों को मनमानी छंटनी का अधिकार मिलेगा। क्रांतिकारी किसान यूनियन के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अर्जुन प्रसाद सिंह ने कहा कि मई दिवस मजदूरों के संघर्ष, बलिदान और व्यवस्था परिवर्तन की प्रेरणा का प्रतीक है। उन्होंने मेहनतकश वर्गों की व्यापक एकजुटता पर जोर दिया। नव जनवादी लोक मंच के डॉ. राम कवीन्द्र ने मजदूरों पर बढ़ते दमन, विस्थापन और आजीविका संकट की चर्चा करते हुए मजदूर विरोधी कानूनों को वापस लेने की मांग की। क्रांतिकारी किसान यूनियन, बिहार के संजय श्याम ने संगठित प्रतिरोध को मजबूत करने की आवश्यकता बताई। इप्टा के शैलेन्द्र कुमार ने सांप्रदायिक फासीवाद के खतरे से सावधान रहने की अपील की। अखिल भारतीय किसान महासभा के बी.एन. सिंह, झारखंड क्रांति मंच के शत्रुघ्न कुमार शत्रु, दलित अधिकार सुरक्षा मंच के विनोद कुमार, रामप्रसाद बौद्ध, मूलनिवासी मंच गढ़वा के विनय पाल, विजय चौरसिया और तपेश्वर सिंह खरवार ने भी श्रम संहिताओं की वापसी और शोषण के खिलाफ संघर्ष तेज करने का आह्वान किया।

### कटिहार रेल मंडल में तीन दिवसीय मजिस्ट्रेट चेकिंग अभियान से हड़कंप

**कटिहार (नबिटासं)।** कटिहार रेल मंडल में चलाए गए तीन दिवसीय विशेष रेलवे मजिस्ट्रेट चेकिंग अभियान में कुल 705 बेटिकट यात्रियों से 4 लाख 90 हजार रुपये से अधिक का जुमार्ना वसूल कर एक नया ऐतिहासिक रिकॉर्ड कायम करने में सफलता हासिल किया है। इस व्यापक अभियान का नेतृत्व नव पदस्थापित रेलवे मजिस्ट्रेट श्री गौरव ने स्वयं किया। जानकारी के अनुसार कटिहार के अलावा किशनगंज, बारसोई एवं पूर्णिया सहित विभिन्न प्रमुख स्टेशनों और ट्रेनों में यह सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान राजधानी एक्सप्रेस, सीमांचल एक्सप्रेस,अवध असम एक्सप्रेस के अलावा साप्ताहिक ट्रेन जोधपुर एक्सप्रेस समेत दर्जनों मेल एवं पैसेंजर ट्रेनों में सघन जांच की गई। वही चेकिंग के दौरान बिना टिकट यात्रा करने वालों के अलावा महिला एवं दिव्यांग कोच में अवैध रूप से सफर करने वाले यात्रियों तथा स्टेशन परिसर में अनावश्यक रूप से घूमने वो मटरगस्ती वाले लोगों पर भी कार्रवाई की गई। इस विशेष अभियान में लगभग चार दर्जन से अधिक आरपीएफ एवं जीआरपी की सुरक्षा एवं वाणिज्य कर्मियों की टीम के साथ पेशकार कुलदीप कुमार सिन्हा, नवीन कुमार के साथ प्रिंस कुमार एवं आदित्य कुमार सहित कई अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

### घर से बुलाकर युवक के साथ मारपीट, नगदी और चेन छीनने का आरोप

**बरारी/कटिहार (नबिटासं)।** बरारी थाना क्षेत्र के सुजापुर गांव में एक युवक को घर से बुलाकर बहियार में ले जाकर बेरहमी से मारपीट करने और नगदी व चांदी की चेन छीन लेने का मामला सामने आया है। घटना को लेकर पीड़ित पक्ष ने थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है।पीड़ित गुलेसर ऋषि ने बताया कि मेरा मझला पुत्र धर्मेंद्र ऋषि (35) मजदूरी का काम करता है। आरोप है कि 7 मई की रात करीब 7 बजे गांव के ही नीरज ऋषि,पुतुल ऋषि,शिवम,अमका,अमन ऋषि उनके दरवाजे पर पहुंचे और धर्मेंद्र को बुलाकर अपने साथ गांव से करीब एक किलोमीटर दूर बहियार की ओर ले गए। वहां ले जाकर लोहे की रॉड,बेल्ट और बांस की लाठी से जमकर मारपीट की गई।घटना की जानकारी प्राप्त होते ही युवक को बहियार से खाट पर उठाकर घर लाया गया। जिसके बाद इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरारी लाया गया।जहां उसका इलाज किया गया। आवेदन में कहा गया है कि आरोपियों ने युवक के पीठ,पैर,सिर और हाथ पर गंभीर चोट पहुंचाई। मारपीट के दौरान उसके पॉकेट से करीब दो हजार रुपये नकद भी निकाल लिए गए। वहीं गले से चांदी की चेन छीन लेने का भी आरोप लगाया गया है, जिसकी कीमत करीब दस हजार रुपये बताई गई है।

### प्रगणक एवं पर्यवेक्षकों को तकनिकी समस्या होने पर फिल्ड ट्रेनर से संपर्क करे : बीडीओ

बारसोई /कटिहार -जनगणना के संदर्भ में प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों के लिए यह अत्यंत महत्वपूर्ण निर्देश है कि यदि फिल्ड में किसी भी प्रकार की कोई तकनिकी, प्रक्रियात्मक अथवा एचएलओ ऐप से संबंधित कोई समस्या आ रही है तो अविलम्ब फिल्ड ट्रेनर से संपर्क कर लें। यह बात प्रखंड विकास पदाधिकारी बारसोई चंदन प्रसाद ने जनगणना कार्य में लगे प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को तकनिकी सहायता मुहैया कराने को लेकर कही है।

# पचम्बा-जमुआ मार्ग पर हादसा, अनियंत्रित बस होटल में घुसी, दो गंभीर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गिरिडीह।** जिले के पचम्बा-जमुआ मुख्य मार्ग स्थित परियाण में शनिवार सुबह एक भीषण सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार और अनियंत्रित ह्लविष्णु रथह्व बस सड़क किनारे स्थित एक होटल में जा घुसी, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। हादसे में होटल संचालक की पत्नी समेत दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, शनिवार सुबह ह्लविष्णु रथह्व नामक यात्री बस पचम्बा जमुआ मार्ग से तेज गति में गुजर रही थी।

इसी दौरान परियाण के समीप चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा और बस सीधे सड़क किनारे स्थित ऋतु मंडल के होटल में घुस गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि होटल का बड़ा हिस्सा क्षतिग्रस्त होकर ढह गया घटना के समय होटल के अंदर मौजूद संचालक ऋतु मंडल की पत्नी और एक अन्य व्यक्ति मलबे में दब गए। हादसे के तुरंत बाद स्थानीय ग्रामीण मौके पर पहुंचे और राहत-बचाव कार्य शुरू किया। काफी मशक्कत के बाद दोनों घायलों को मलबे से बाहर निकाला गया। उनकी गंभीर हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए अस्पताल रेफर कर दिया गया घटना के बाद स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश देखा गया। ग्रामीणों ने प्रशासन से पचम्बा-जमुआ मार्ग पर तेज रफ्तार वाहनों पर नियंत्रण लगाने, नियमित जांच अभियान चलाने और पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा देने की मांग की है। इधर सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त बस को कब्जे में लेने की प्रक्रिया भी प्रारंभ कर दी है।

# तीसरी-गांवा मुख्य सड़क पर कोयला लदा ट्रक पलटा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** जिले में सड़क हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। शनिवार दोपहर करीब 2 बजे तीसरी से गांवा जाने वाली मुख्य सड़क पर एक कोयला लदा ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे जा गिरा।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रक अचानक संतुलन खो बैठा, जिसके बाद वह मुख्य मार्ग से नीचे पलट गया।

हादसे के बाद आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई। हालांकि राहत की बात यह रही कि दुर्घटना में किसी बड़ी जनहानि की सूचना नहीं है।लगातार हो रही दुर्घटनाओं ने सड़क सुरक्षा व्यवस्था और वाहन चालकों की लापरवाही पर सवाल खड़े कर दिए हैं। बीती रात की बड़ी घटना, शनिवार सुबह हुई दुर्घटना और अब दोपहर में फिर हादसे ने लोगों की चिंता बढ़ा दी है स्थानीय लोगों का कहना है कि तेज रफ्तार, ओवरलोडिंग और लापरवाही से वाहन चलाना हादसों की बड़ी वजह बनता जा रहा है। लोगों ने प्रशासन से सड़क सुरक्षा को लेकर सख्त कदम उठाने की मांग की है।

# एसडीपीओ कार्यालय पहुंचे एसपी, नए पुराने कांडों की समीक्षा

**आम जनता की सुरक्षा व क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की जिम्मेदारी : एसपी**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**बरही (हजारीबाग)।** जिले के एसपी अमन कुमार ने शुक्रवार को अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय बरही में अनुमंडलीय क्षेत्र के विभिन्न थाना एवं ओपी में दर्ज पुराने और नए कांडों की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान अपराध नियंत्रण, लंबित मामलों के निष्पादन, फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी तथा अनुसंधान की प्रगति पर एसडीपीओ अजीत कुमार बिमल से विस्तार से चर्चा की गई।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने एसडीपीओ विमल से पूरे अनुमंडल की विधि-व्यवस्था की जानकारी ली तथा क्षेत्र में घटित आपराधिक घटनाओं के संबंध में विस्तृत रिपोर्ट प्राप्त की। एसपी ने सभी थाना प्रभारियों और अनुसंधानकताओं को लंबित कांडों का त्वरित निष्पादन करने, गंभीर मामलों में तेजी से कार्रवाई सुनिश्चित करने तथा फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया। बैठक में अंचल निरीक्षक, बरही, बरकट्ठा, चौपारण, गोरहर, चलकुशा थाना एवं पदमा ओपी, महिला थाना प्रभारी प्रभारी सहित कई पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि आम जनता की सुरक्षा और क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने अनुसंधानकताओं को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं समयबद्ध अनुसंधान करने का निर्देश देते हुए कहा कि कर्तव्य में लापरवाही किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। समीक्षा बैठक के दौरान वारंट निष्पादन, अपराध नियंत्रण एवं संवेदनशील मामलों की निगरानी को लेकर भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

# डुमरी में बेकाबू ट्रक ने 13 वाहनों को रौंदा, पांच की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** निमियाघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत इसरी बाजार में शुक्रवार देर शाम एक भीषण सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार और अनियंत्रित ट्रक ने बाइक, कार समेत करीब 13 वाहनों को रौंद दिया। इस दर्दनाक हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि चार से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद पूरे इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया स्थानीय लोगों और निमियाघाट पुलिस की मदद से सभी घायलों को तत्काल रेफरल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने पांच लोगों को मृत घोषित कर दिया।

वहीं चार घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए धनबाद रेफर कर दिया गया। इनमें दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। कुछ अन्य घायलों का इलाज निजी अस्पतालों में भी चल रहा है, जिससे घायलों की संख्या बढ़ने की आशंका जताई जा रही है प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बगोदर की ओर से आ रहा ट्रक (संख्या जेएच 02 बीएल 1853) बस पड़ाव के समीप एक बाइक को छूते हुए तेज गति से इसरी की ओर भागने लगा। इसी दौरान इसरी पुल से पहले ट्रक ने एक बाइक और टाटा मैजिक को टक्कर मार दी। इसके बाद सड़क किनारे खड़ी दो कार समेत कई वाहनों को रौंदते हुए ट्रक एक चहारदीवारी तोड़कर बिजली के पोल से जा टकराया। हादसे में कुल 13 वाहन क्षतिग्रस्त हो गए।मृतकों में डुमरी के नावाटांड़ निवासी कारी इरशाद (46), गिरिडीह निवासी सुजीत (37) तथा सिमरबेड़ा निवासी संतोष महतो (32) की पहचान हुई है। जबकि दो अन्य मृतकों की पहचान की प्रक्रिया जारी है घायलों में नावाटांड़ की रुखसार खातून, रांगामाटी निवासी सागीर, इसरी की सुधा वर्मा तथा बगोदर निवासी संजय कुमार साव शामिल हैं। घटना की सूचना मिलते ही गिरिडीह डीसी रामनिवास यादव, डुमरी के प्रभारी एसडीएम संतोष गुप्ता, सीओ शशिभूषण वर्मा, पीरटांड़ सीओ ऋषिकेश मरांडी सहित कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया हादसे के बाद कुछ समय तक सड़क पर यातायात बाधित रहा। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# सरोज सिंह बने थानाप्रभारी, चौपारण में सिंघम के नाम से बना चुके हैं पहचान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**नवीन सिन्हा (हजारीबाग ब्यूरो)।** जिले के कटकमदाग थाना को नया थाना प्रभारी मिल गया है। तेजतर्रार पुलिस पदाधिकारी सरोज सिंह चौधरी को कटकमदाग थाना का नया थाना प्रभारी बनाया गया है। इससे पहले वे चौपारण थाना में पदस्थापित थे, जहां अपने सख्त कार्यशैली, अपराध नियंत्रण और मादक पदार्थों के खिलाफ लगातार अभियान चलाकर उन्होंने अलग पहचान बनाई थी। चौपारण में पदस्थापन के दौरान सरोज सिंह चौधरी ने अफीम एवं पोस्ता की अवैध खेती के खिलाफ बड़े पैमाने पर कार्रवाई की थी।

पुलिस टीम के साथ कई गांवों और दुर्गम इलाकों में अभियान चलाकर उन्होंने कई एकड़ में लगी अफीम और पोस्ता की फसल को नष्ट कराया। इस कार्रवाई से नशे के कारोबार में संलिप्त लोगों में हड़कंप मच गया था। केवल मादक पदार्थों के खिलाफ अभियान ही नहीं, बल्कि उन्होंने क्षेत्र में विधि व्यवस्था को भी मजबूत बनाए रखने का काम किया। अपराध नियंत्रण, अवैध गतिविधियों पर अंकुश और आम लोगों के साथ बेहतर व्यवहार के कारण चौपारण क्षेत्र में लोग उन्हें ह्लसिंघमह्व के नाम से पुकारने लगे थे। स्थानीय लोगों के बीच उनकी छवि एक सख्त लेकिन जनहित में काम करने वाले पुलिस अधिकारी की रही है। अब कटकमदाग थाना की जिम्मेदारी मिलने के बाद क्षेत्र के लोगों को उनसे काफी उम्मीदें हैं। माना जा रहा है कि उनके नेतृत्व में थाना क्षेत्र में अपराध नियंत्रण, अवैध कारोबार पर कार्रवाई और पुलिस-जनता के बीच बेहतर समन्वय देखने को मिलेगा। सरोज सिंह चौधरी के पदभार संभालने की खबर के बाद स्थानीय लोगों और जनप्रतिनिधियों ने उम्मीद जताई है कि कटकमदाग क्षेत्र में कानून व्यवस्था और अधिक मजबूत होगी तथा अपराधियों पर प्रभावी कार्रवाई जारी रहेगी।

# भक्ति के रंग में रंगा केशठ, कलश यात्रा का शुभारंभ

**यज्ञ आयोजन से गांव में सुख, शांति और समृद्धि का वास होता है : विधायक**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**चौपारण (हजारीबाग)।** प्रखंड के केशठ ग्राम स्थित हरिजन टोला में आयोजित श्री श्री 1008 श्री शिवशक्ति प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का शनिवार को शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने मुख्य पुजारी को कलश सौंपकर यात्रा की शुरूआत की। महायज्ञ के पहले दिन निकली कलश यात्रा में भक्ति और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। जय श्री राम और हर-हर महादेव के नारों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो उठा।

कलश यात्रा केशठ गांव से शुरू होकर जीटी रोड, पाण्डेयबारा होते हुए चपरी गांव तक गई। लगभग 8 किलोमीटर लंबी इस यात्रा में 501 महिलाओं व कन्याओं ने माथे पर कलश लेकर पैदल भ्रमण किया। श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि यज्ञ के आयोजन से न केवल क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बनता है, बल्कि इससे गांव में सुख, शांति और समृद्धि का वास होता है। उन्होंने इस धार्मिक अनुष्ठान के सफल आयोजन के लिए पूरी समिति को बधाई दी। मंच संचालन समाजसेवी डॉ बीके यादव ने किया। कलश यात्रा में सांसद प्रतिनिधि सहदेव प्रसाद यादव, विधायक प्रतिनिधि राजदेव यादव, मुखिया संघ अध्यक्ष बिरेन्द्र रजक, समाजसेवी हरिश्चंद्र सिंह, पैक्स अध्यक्ष अशोक सिंह, मुखिया प्रतिनिधि परमेश्वर साव, बासुदेव साव, मुखिया उम्मीदवार जुगा देवी, सुनीता देवी, विहिप मंत्री मुनेश्वर गुप्ता, बजरंग दल संयोजक दयानंद यादव, अखिल भारतीय भुइयाँ समाज अध्यक्ष आजाद भुइयाँ, सचिव दिगंबर भुइयाँ, संतोष भुइयाँ, रंजीत भुइयाँ, समिति सदस्य प्रतिनिधि मो अतहर, समाजसेवी गौरी साव आदि। यज्ञ को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष सदानंद भुइयाँ, सचिव सुबोध कुमार, कोषाध्यक्ष उदय भुइयाँ सहित रंजीत, संतोष, दिगंबर और रामप्रसाद भुइयाँ सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

# बरही पुलिस ने फरार अभियुक्तों के घर चिपकाया इश्तहार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बरही (हजारीबाग)।** फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी को लेकर बरही थाना पुलिस लगातार अभियान चला रही है। न्यायालय के निर्देश पर फरार अभियुक्तों के खिलाफ नोटिस तामिला एवं इश्तहार चस्पा करने का कार्य लगातार जारी है। इसी क्रम में शनिवार को डपोक पंचायत अंतर्गत चतरो गांव में बरही थाना कांड संख्या 361/24, दिनांक 02 सितंबर 2024, धारा 80(1), 238, 61(2), 3(5) बीएनएस के फरार प्राथमिकी अभियुक्तों के विरुद्ध पुलिस ने इश्तहार चस्पा किया। पुलिस द्वारा सभी फरार अभियुक्तों के घरों एवं सार्वजनिक स्थानों पर इश्तहार चिपकाया गया। इनमें सुजीत यादव, पिता केशो यादव, केशो यादव, पिता स्वर्गीय प्रयाग यादव तथा मिला देवी, पति केशो यादव शामिल हैं। सभी अभियुक्त चतरो गांव के निवासी बताए गए हैं। पुलिस सब इंस्पेक्टर सुशील कुमार दुबे ने बताया कि न्यायालय के आदेश के आलोक में अभियुक्तों के घरों के अलावा चौक-चौराहों एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों पर भी इश्तहार चस्पा किया। यदि अभियुक्त निर्धारित समय के भीतर न्यायालय अथवा पुलिस के समक्ष उपस्थित नहीं होते हैं, तो उनके विरुद्ध आगे कुर्की-जब्ती की कार्रवाई की जाएगी। पुनि सह थाना प्रभारी बिनोद कुमार ने कहा कि फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी को लेकर लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है तथा कानून से बचने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।


# जिला समन्वय व राजस्व-तकनीकी बैठक में योजनाओं की गहन समीक्षा



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** जिलाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में डीआरडीए सभागार में जिला स्तरीय समन्वय, राजस्व एवं तकनीकी विभागों की समीक्षात्मक बैठक आयोजित हुई। बैठक में विभिन्न विभागों की प्रगति की पीपीटी के माध्यम से क्रमवार समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जनगणना कार्य की समीक्षा में रजौली व अकबरपुर में प्रगति अपेक्षाकृत धीमी पाई गई। इस पर जिलाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को कार्य में तेजी लाते हुए निर्धारित समयसीमा में शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने का निर्देश दिया। साथ ही विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर कार्य निष्पादन में तत्परता बरतने पर जोर दिया गया। सहयोग शिविरों में प्राप्त आवेदनों के निष्पादन को लेकर जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी आवेदनों का नियमानुसार परीक्षण कर समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन को योजनाओं का लाभ बिना विलंब मिल सके। वन विभाग की समीक्षा के दौरान कर्पूरी नगर पथ से नालापर रविदास टोला तक सड़क निर्माण के लिए वनभूमि अपयोजन प्रस्ताव लंबित पाया गया। जिलाधिकारी ने संबंधित अभियंता से समन्वय कर प्रक्रिया शीघ्र पूरी करने का निर्देश दिया। ककोलत जलप्रपात के सौंदर्यीकरण और पर्यटक सुरक्षा के लिए भी आवश्यक कदम उठाने को कहा गया। राजस्व विभाग की समीक्षा में सभी प्रखंडों में डिग्री कॉलेज स्थापना हेतु भूमि उपलब्धता सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। काशीचक अंचल से प्रतिवेदन लंबित रहने पर शीघ्र भूमि चिन्हित कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया। गोधन संरक्षण योजना के तहत गोशाला निर्माण के लिए भूमि चिन्हित कर योजना को धरातल पर उतारने को भी कहा गया। भू-अर्जन, एनएच-20 परियोजना, पंचायत सरकार भवनों में आ रही समस्याओं, कृषि योजनाओं, आईसीडीएस, सामाजिक सुरक्षा और दिव्यांगजन योजनाओं की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने सभी विभागों को लंबित कार्यों का शीघ्र निष्पादन कर समयसीमा के भीतर लक्ष्य हासिल करने का निर्देश दिया। बैठक में उप विकास आयुक्त, सिविल सर्जन, अपर समाहर्ता, वन प्रमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# लोक अदालत में एक हजार से अधिक मामलों का निष्पादन





नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देश पर शनिवार को व्यवहार न्यायालय, नवादा परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार नवादा आशुतोष कुमार झा के मार्गदर्शन में तथा सचिव अरविन्द कुमार के सहयोग से हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर न्यायिक पदाधिकारियों, प्रशासनिक अधिकारियों, अधिवक्ताओं और पारा विधिक स्वयंसेवकों की उपस्थिति रही। मंच संचालन न्यायिक पदाधिकारी चन्द्रलेखा मौर्य ने किया। अपने संबोधन में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश आशुतोष कुमार झा ने कहा कि लोक अदालत सुलह-समझौते के आधार पर त्वरित और सस्ता न्याय दिलाने का प्रभावी माध्यम है, जहां से कोई भी पक्षकार निराश नहीं लौटता। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों से लोक अदालत का लाभ उठाने की अपील की। सचिव अरविन्द कुमार ने बताया कि लोक अदालत न्यायालयों पर बढ़ते बोझ को कम करने का सरल और प्रभावी उपाय है, जिसमें दोनों पक्षों की जीत होती है। इस लोक अदालत में न्यायालय आधारित 142 मामलों का निष्पादन किया गया, जबकि प्री-लिटिगेशन के तहत 595 बैंक मामलों का निपटारा हुआ। इसके अलावा ट्रैफिक चालान के 285, श्रम वाद के 2, ग्राम कचहरी के 5 तथा वैवाहिक मामलों के 3 मामलों का सुलह के आधार पर निष्पादन किया गया। इस दौरान बैंक मामलों में कुल 1 करोड़ 35 लाख 60 हजार 632 रुपये की समझौता राशि की वसूली की गई। कार्यक्रम में विभिन्न न्यायिक पदाधिकारी एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# लोक अदालत में हजारों मामलों के निष्पादन की प्रक्रिया



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** नालंदा व्यवहार न्यायालय परिसर में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन पटना हाईकोर्ट के न्यायाधीश सह नालंदा के इंस्पेक्टिव जज राजीव रंजन राय ने दीप प्रज्वलित कर किया। उद्घाटन के अवसर पर न्यायमूर्ति राजीव रंजन राय ने न्यायिक पदाधिकारियों, अधिवक्ताओं और आम लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत त्वरित, सुलभ और अंतिम न्याय का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने कहा कि यह मंच आपसी सहमति के आधार पर बिना किसी हार-जीत के विवादों के समाधान का अवसर प्रदान करता है, जिससे सामाजिक सौहार्द को भी बढ़ावा मिलता है। जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष गुरविंदर सिंह मल्होत्रा ने बताया कि इस बार कुल 17,076 मामलों को सूचीबद्ध किया गया है, जिनमें 10,500 बैंक संबंधी मामले तथा 6,576 न्यायालयों में लंबित मामले शामिल हैं। उन्होंने जानकारी दी कि लोक अदालत के सफल संचालन के लिए व्यवहार न्यायालय के विभिन्न भवनों में कुल 14 बेंचों का गठन किया गया है। इन बेंचों पर न्यायिक पदाधिकारी एवं अधिवक्ता सदस्य के रूप में तैनात हैं, जबकि पारा विधिक स्वयंसेवकों और न्यायालय कर्मियों की भी व्यवस्था की गई है, ताकि पक्षकारों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। कार्यक्रम के दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव राजेश कुमार गौरव सहित कई वरिष्ठ न्यायिक पदाधिकारी उपस्थित रहे। उद्घाटन सत्र के बाद विभिन्न बेंचों पर समझौता प्रक्रिया प्रारंभ हुई, जिसमें बिजली, बैंक ऋण, माप-तौल, वन विभाग, अधिनियम से जुड़े एवं वैवाहिक विवादों जैसे सुलहनीय मामलों का निपटारा किया जा रहा है। राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर लोगों में उत्साह देखा गया और बड़ी संख्या में पक्षकार अपने मामलों के निष्पादन के लिए न्यायालय पहुंचे।

# बर्खास्त कर्मियों ने सांसद से लगाई पुनर्नियुक्ति की गुहार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** वर्ष 2004 पैनल से बर्खास्त किए गए चतुर्थवर्गीय कर्मचारियों ने पुनर्नियुक्ति की मांग को लेकर नवादा सांसद विवेक ठाकुर को आवेदन सौंपा है। कर्मचारियों ने माननीय उच्च न्यायालय, पटना द्वारा पारित आदेशों का हवाला देते हुए जिला प्रशासन को आवश्यक निर्देश देने की मांग की है।

आवेदन में कहा गया है कि वर्ष 2004 पैनल से नियुक्त कर्मचारियों को बाद में सेवा से हटा दिया गया था। इसके खिलाफ कर्मचारियों ने पटना उच्च न्यायालय में CWJC No.-17916/16 दायर किया था, जिसमें 17 जुलाई 2019 को न्यायालय ने पुनर्नियुक्ति के संबंध में आदेश पारित किया। इसके बावजूद नियुक्ति प्रक्रिया पूरी नहीं होने पर कर्मचारियों द्वारा MJC No.-95/2021 दायर किया गया। इस मामले में 12 फरवरी 2026 को न्यायालय ने स्पष्ट निर्देश दिया कि पैनल को कैटेगरी वाइज तैयार कर प्रचलित नियमों के अनुसार फाइनल नियुक्ति की जाए तथा कर्मचारियों की पूर्व सेवा अवधि को भी ध्यान में रखा जाए।

कर्मचारियों ने आवेदन में उल्लेख किया है कि वर्ष 2006 से 2013 तक उन्होंने विभिन्न विभागों में कार्य किया था, जिसे "पास्ट सर्विस" मानते हुए नियुक्ति प्रक्रिया में वेटेज देने का निर्देश न्यायालय ने दिया है। इसके बावजूद अब तक पुनर्नियुक्ति नहीं होने से कर्मचारियों में निराशा है। आवेदन के माध्यम से सांसद से आग्रह किया गया है कि वे जिला पदाधिकारी, नवादा को न्यायालय के आदेशों के अनुरूप कार्रवाई करने हेतु निर्देशित करें, ताकि वर्षों से लंबित पुनर्नियुक्ति प्रक्रिया पूरी हो सके। आवेदन के साथ न्यायालय के आदेशों की प्रतिलिपि भी संलग्न की गई है।

# भाजपा का दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण वर्ग शुरू



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** भारतीय जनता पार्टी, नवादा के तत्वावधान में पंडित दीनदयाल महा प्रशिक्षण महाभियान के तहत दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन त्रिवेणी महाविद्यालय में 9 से 10 मई तक किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अनिल मेहता ने की, जबकि उद्घाटन बिहार सरकार के मंत्री प्रमोद चन्द्रवंशी और नवादा सांसद विवेक ठाकुर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। प्रशिक्षण वर्ग की शुरुआत भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर हुई। पहले सत्र में सांसद विवेक ठाकुर ने "गरीब कल्याण योजनाएं एवं संगठन की भूमिका" विषय पर कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्रत्येक कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है। दूसरे सत्र में मंत्री प्रमोद चन्द्रवंशी ने "कार्यपद्धति" विषय पर संगठन में अनुशासन, समर्पण और जनसंपर्क की आवश्यकता पर बल दिया। तीसरे सत्र में हिसुआ विधायक अनिल सिंह ने "देश के समक्ष राजनीतिक व सामाजिक चुनौतियां" विषय पर कार्यकर्ताओं को जागरूक भूमिका निभाने का आह्वान किया। चौथे सत्र में अरवल विधायक मनोज शर्मा ने संगठन और सरकार के समन्वय पर जोर देते हुए बूथ स्तर तक सक्रियता बढ़ाने की बात कही। पांचवें सत्र में प्रदेश कर समिति सदस्य अनिल स्वामी ने पार्टी के इतिहास और विकास पर प्रकाश डाला। छठे सत्र में भीखु भाई दलसाणिया ने कार्यकर्ता विकास, अनुशासन और सेवा भाव को संगठन की ताकत बताया, जबकि सातवें सत्र में प्रदेश उपाध्यक्ष अनामिका पासवान ने मीडिया और सोशल मीडिया की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। प्रशिक्षण वर्ग में विभिन्न पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी रही।

# पोखर में डूबने से मजदूर की मौत

**बिहारशरीफ/नबिटा ब्यूरो।** नूरसराय थाना क्षेत्र अंतर्गत सरगांव गांव में शनिवार को पोखर में डूबने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान सरगांव निवासी स्वर्गीय बाबूलाल के 40 वर्षीय पुत्र मुकेश कुमार के रूप में हुई है। मृतक के चचेरे भाई सोनू कुमार ने बताया कि मुकेश कुमार शनिवार सुबह गांव के पोखर के पास शौच के लिए गए थे। इसी दौरान अचानक पैर फिसलने से वह गहरे पानी में चले गए और डूबने से उनकी मौत हो गई। कुछ देर बाद ग्रामीणों की नजर पोखर में तैर रहे शव पर पड़ी। इसके बाद गांव वालों ने शव को पानी से बाहर निकाला और घटना की सूचना परिजनों को दी। घटना के बाद परिवार में मातम का माहौल है।

# नवादा में छात्र की हत्या से सनसनी, जलाशय से मिला शव



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवादा।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र में एक स्कूली छात्र की निर्मम हत्या से इलाके में सनसनी फैल गई है। गुनावां मध्य विद्यालय के नौवीं कक्षा के छात्र वंशराज का शव शनिवार सुबह गोनी पहाड़ी स्थित जलाशय से बरामद किया गया। घटना के बाद परिजनों और स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है।

परिजनों के अनुसार, गुनावां डीह निवासी वंशराज शुक्रवार को रोज की तरह स्कूल गया था, लेकिन देर शाम तक घर नहीं लौटा। काफी खोजबीन के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं मिला, जिसके बाद परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। आरोप है कि सूचना देने के बावजूद पुलिस ने तत्परता नहीं दिखाई। शनिवार सुबह जलाशय में छात्र का क्षत-विक्षत शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। आशंका जताई जा रही है कि हत्या के बाद पहचान छिपाने के उद्देश्य से शव को पानी में फेंक दिया गया। परिजनों ने आरोप लगाया है कि इस घटना में उसके कुछ परिचितों की संलिप्तता हो सकती है और सभी आरोपितों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने गुनावां काली मंदिर के पास शव रखकर सड़क जाम कर दिया। कई घंटों तक आवागमन बाधित रहा और प्रदर्शनकारियों ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। सूचना मिलने पर नगर थाना इंस्पेक्टर और मुफस्सिल थाना पुलिस मौके पर पहुंची तथा लोगों को समझाकर जाम समाप्त कराया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और संदिग्धों की तलाश में छापेमारी कर रही है।

## ट्रक की चपेट में आने से युवक की मौत

**बिहारशरीफ/नबिटा ब्यूरो।** सरमेरा थाना क्षेत्र में शनिवार को तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान वृंदावन निवासी रामजीवन मिस्त्री के 20 वर्षीय पुत्र धनराज कुमार के रूप में की गई है। घटना सरमेरा गांव के पास की बताई जा रही है। मृतक के चचेरे भाई रंजन कुमार ने बताया कि धनराज कुमार पैदल बाजार सामान लाने जा रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार ट्रक ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा। स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से उसे सरमेरा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल रेफर कर दिया। हालांकि अस्पताल ले जाने के दौरान रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। इस संबंध में सरमेरा थानाध्यक्ष साकेंद्र कुमार बिंद ने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फरार ट्रक चालक की तलाश की जा रही है। परिजनों की ओर से लिखित आवेदन मिलने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# रविन्द्र नाथ टैगोर एवं महाराणा प्रताप की मनाई गई जयंती

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नारदीगंज, नवादा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित पेंशनर भवन नारदीगंज में शनिवार को धूम धाम से महाराणा प्रताप एवं रविन्द्र नाथ टैगोर जी की जयंती मनाई गई। जिसकी अध्यक्षता समाज के सचिव नरेश कुमार ने किया। कार्यक्रम से शामिल लोगों सर्व प्रथम दोनों महापुरुषों के तेलचित्र पर पुष्प माला अर्पित कर नमन किया। तत्पश्चात दोनों के जीवन पर प्रकाश डाला गया। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए सभापति नरेश कुमार ने कहा कि महाराणा प्रताप एक महान योद्धा थे। वे ताउम्र देश के लिए लड़ते रहे। कभी किसी का गुलामी स्वीकार नहीं किया। मौके पर उपस्थित रामशरण सिंह, यमुना सिंह, कामता सिंह, शुभकरण चौहान, सियाशरण दास ने भी दोनों महापुरुषों के जीवनी पर प्रकाश डाला।

# टी.एस. कॉलेज में स्नातक सेमेस्टर-4 की परीक्षा में 1500 से अधिक परीक्षार्थी शामिल



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हिसुआ।** नगर परिषद स्थित टी.एस. कॉलेज, हिसुआ में मगध विश्वविद्यालय, बोधगया द्वारा आयोजित स्नातक सेमेस्टर-4 (सत्र 2024-28) की परीक्षा शांतिपूर्ण और कदाचारमुक्त वातावरण में संचालित हो रही है। केंद्राधीक्षक सह प्राचार्य डॉ. पवन कुमार शर्मा ने बताया कि नारदीगंज कॉलेज, नारदीगंज के छात्रों के लिए परीक्षा केंद्र टी.एस. कॉलेज, हिसुआ में बनाया गया है। इस केंद्र पर विज्ञान, कला और वाणिज्य संकाय के कुल 1505 छात्र-छात्राएं परीक्षा दे रहे हैं। सैद्धांतिक परीक्षाएं 7 मई से 12 मई 2026 तक निर्धारित हैं। उन्होंने बताया कि परीक्षा के तीसरे दिन दोनों पालियों में परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। महाविद्यालय के 10 कमरों में परीक्षा आयोजित की जा रही है। परीक्षा संचालन में परीक्षा नियंत्रक डॉ. संजय कुमार चौहान, सहायक परीक्षा नियंत्रक सिंधुकांत, अनिल कुमार, शैलेंद्र कुमार और अजय कुमार शर्मा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। मीडिया प्रभारी मुकेश कुमार ने बताया कि परीक्षा कार्य में बड़ी संख्या में शिक्षक एवं कर्मचारी सक्रिय रूप से तैनात हैं, जिससे परीक्षा निष्पक्ष और व्यवस्थित तरीके से संपन्न हो रही है।

# विश्व रेड क्रॉस दिवस पर सर हेनरी ड्यूनां को दी गई श्रद्धांजलि




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, नवादा शाखा द्वारा विश्व रेड क्रॉस दिवस के अवसर पर रेड क्रॉस के संस्थापक सर हेनरी ड्यूनां का जन्मदिवस श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में रेड क्रॉस से जुड़े सदस्यों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर मानव सेवा के प्रति उनके योगदान को याद किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए नवादा शाखा के चेयरमैन डॉ. आरपी साहू ने कहा कि रेड क्रॉस संस्था मानवता, सेवा और सहयोग की भावना का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि सर हेनरी ड्यूनां द्वारा स्थापित यह संस्था आज दुनिया भर में जरूरतमंदों की सहायता के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने सभी सदस्यों से समाज सेवा के कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की। इस अवसर पर उपाध्यक्ष गोपाल प्रसाद, सचिव प्रिया शंकर सिन्हा, कोषाध्यक्ष विजय कुमार, कार्यकारिणी सदस्य विनय कुमार सिन्हा, राजेंद्र प्रसाद, सुरेश बर्मन, सदस्य वजीर प्रसाद, नित्यानंद प्रसाद, नवीन कुमार सिंह, डॉ. पंकज कुमार सिन्हा तथा मनमोहन प्रसाद सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। बैठक के दौरान सदस्यों ने जिलाधिकारी से रेड क्रॉस भवन निर्माण हेतु भूमि उपलब्ध कराने की मांग उठाई। साथ ही जनप्रतिनिधियों से एक एंबुलेंस उपलब्ध कराने का आग्रह करने का निर्णय लिया गया, ताकि जरूरतमंद मरीजों को समय पर सहायता मिल सके। सदस्यों ने यह भी प्रस्ताव रखा कि आने वाले दिनों में रेड क्रॉस की ओर से रक्तदान शिविर आयोजित किया जाए, जिससे अधिक से अधिक लोगों को रक्त उपलब्ध कराया जा सके। कार्यक्रम का समापन समाज सेवा और मानवता की भावना को मजबूत करने के संकल्प के साथ हुआ।

# कार्यकर्ताओं के सम्मान की संस्कृति ही भाजपा की पहचान : अमरेश कुमार

**बिहारशरीफ/नबिटा ब्यूरो।** भाजपा बिहारशरीफ नगर उत्तरी मंडल की बैठक शनिवार को बबुरबन्ना मोहल्ला स्थित सामुदायिक भवन में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता नगर उत्तरी अध्यक्ष संदीप कुमार ने की, जबकि जिला मंत्री सह मंडल प्रभारी अमरेश कुमार मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बैठक में संगठन की कार्यप्रणाली, बूथ स्तर पर मजबूती और आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। अपने संबोधन में अमरेश कुमार ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी केवल सरकार बनाने तक सीमित नहीं है, बल्कि अपने कार्यकर्ताओं के संघर्ष, समर्पण और योगदान का सम्मान करना उसकी मूल संस्कृति है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 98 वर्षीय वरिष्ठ कार्यकर्ता माखनलाल सरकार के पैर छूकर आशीर्वाद लिया और मंच से जनता को दंडवत प्रणाम कर यह संदेश दिया कि भाजपा कार्यकर्ताओं और आम जन का सम्मान करना जानती है। इस मौके पर नगर महामंत्री मोनू कुमार, ओबीसी मोर्चा से राजकुमार, रविशंकर कुमार उर्फ बब्लू गुप्ता, सुरेंद्र शर्मा, प्रेमदीप कुमार, अरविंद कुमार, रितेश कुमार वर्मा, वीरेंद्र चौधरी, शशिकांत सिन्हा, कमल प्रभाकर, राजदीप कुमार, विक्रम कुमार, विकास कुमार, मनोज कुमार गुप्ता सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बिहारशरीफ में मंत्री श्रवण कुमार ने विपक्ष पर साधा निशाना



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** ग्रामीण विकास एवं सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री बनने के बाद पहली बार अपने गृह जिला नालंदा पहुंचे मंत्री श्रवण कुमार का जदयू कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी और उत्साह के साथ स्वागत किया। बिहारशरीफ स्थित परिषदन में सैकड़ों की संख्या में पहुंचे कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं, बुके और नारों के साथ अपने नेता का अभिनंदन किया। इस दौरान पूरे परिसर में जदयू समर्थकों का उत्साह देखने लायक था। मंत्री श्रवण कुमार ने परिषदन में पत्रकारों से बातचीत करते हुए राज्य की वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों, संगठन की मजबूती और विपक्ष द्वारा लगाए जा रहे आरोपों पर खुलकर अपनी बात रखी। उन्होंने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव द्वारा लगाए गए परिवारवाद के आरोपों पर तीखा पलटवार करते हुए कहा कि निशांत कुमार को मंत्रिमंडल में जगह मिलने के पीछे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की कोई व्यक्तिगत भूमिका नहीं है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कभी भी अपने पुत्र निशांत कुमार को राजनीति में लाने को लेकर कोई विशेष रुचि नहीं दिखाई। बल्कि बिहार के युवाओं, पार्टी कार्यकर्ताओं और आम जनता की लगातार मांग के बाद निशांत कुमार ने सार्वजनिक जीवन में आने का निर्णय लिया। श्रवण कुमार ने कहा कि जब पश्चिम चंपारण से जनसंपर्क यात्रा की शुरुआत हुई थी, उस दौरान भी जगह-जगह आम लोगों और युवाओं ने निशांत कुमार को सक्रिय राजनीति में आने और सरकार में जिम्मेदारी देने की मांग की थी। जनता के इसी आग्रह और विश्वास को स्वीकार करते हुए उन्होंने राजनीति में कदम रखा है। इसे परिवारवाद कहना पूरी तरह गलत और भ्रामक है। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि जिन लोगों की राजनीति परिवारवाद पर टिकी रही है, वही आज दूसरों पर आरोप लगा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ राजनीतिक दलों द्वारा भ्रम फैलाने की कोशिश की जा रही है। इस मौके पर मौजूद जदयू कार्यकर्ताओं ने कहा कि मंत्री श्रवण कुमार का प्रशासनिक और राजनीतिक अनुभव तथा निशांत कुमार की युवा सोच आने वाले समय में न सिर्फ नालंदा बल्कि पूरे बिहार की राजनीति को नई दिशा देने का काम करेगी। कार्यकर्ताओं ने विश्वास जताया कि दोनों नेताओं के नेतृत्व में पार्टी और अधिक मजबूत होगी। इस अवसर पर बधाई देने वालों में संजयकांत सिन्हा, संजय मुखिया, सुरेश प्रसाद, बब्लू पटेल, उपेन्द्र दिलवाला, अर्जुन कुशवाहा, विकास कुमार, अमरेन्द्र कुमार, मुन्ना, युगल किशोर प्रसाद, राजेंद्र मुखिया, प्रदीप मुखिया, टुनटुन चंद्रवंशी, सकलदीप कुमार, रंजू देवी, लक्ष्मण प्रसाद सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## महाराणा प्रताप जयंती पर जदयू कार्यालय में श्रद्धांजलि

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** नालंदा जिला जनता दल (यूनाइटेड) कार्यालय में शनिवार को महाराणा प्रताप जयंती समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मंत्री श्रवण कुमार एवं सांसद कौशलेंद्र कुमार ने कार्यकर्ताओं के साथ उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन वीरता, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति का अद्वितीय उदाहरण है। उन्होंने कहा कि विपरीत परिस्थितियों में भी उन्होंने कभी अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं किया और मुगलों से आजीवन संघर्ष करते हुए भी समर्पण नहीं किया। मंत्री ने कहा कि हल्दीघाटी का युद्ध सहित अनेक संघर्ष उनके अदम्य साहस और मातृभूमि के प्रति समर्पण को दर्शाते हैं। युवाओं को उनके जीवन से त्याग, साहस और राष्ट्रप्रेम की प्रेरणा लेनी चाहिए। वहीं सांसद कौशलेंद्र कुमार ने कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन संदेश देता है कि एक योद्धा हार का सामना कर सकता है, लेकिन अन्याय के सामने कभी नहीं झुकता।

# समाज को जब जरूरत होगी, मैं खड़ा रहूंगा : प्रमोद चंद्रवंशी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** बिहार सरकार के खान एवं भूतत्व तथा कला-संस्कृति मंत्री प्रमोद चंद्रवंशी शनिवार को नवादा पहुंचे। वे यहां भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित पंडित दीनदयाल महाप्रशिक्षण वर्ग का उद्घाटन करने आए थे। नवादा पहुंचने पर भाजपा नेता, पूर्व वार्ड पार्षद एवं समाजसेवी मनोज चंद्रवंशी ने समर्थकों के साथ मंत्री का माला पहनाकर गर्मजोशी से स्वागत किया। कार्यक्रम के समापन के तुरंत बाद मंत्री प्रमोद चंद्रवंशी सीधे समाजसेवी मनोज चंद्रवंशी के आवास पहुंचे। वहां उन्होंने परिवारजनों से मुलाकात की और उनकी पुत्री से मिलकर कुशलक्षेम जाना। स्वजातीय होने के कारण मंत्री का मनोज चंद्रवंशी के परिवार से पुराना पारिवारिक लगाव रहा है। इसी आत्मीयता के चलते उन्होंने घर पर पहुंचकर परिवारजनों व समर्थकों से लंबी बातचीत की। इस दौरान परिवारजनों ने उनका सम्मान किया। इस मौके पर मंत्री प्रमोद चंद्रवंशी ने कहा, "यह हमारा परिवार है और हम हमेशा आपलोगों के साथ रहेंगे। समाज को जब-जब मेरी जरूरत होगी, हम समाज के लिए खड़े रहेंगे।"

# दबंगों ने गड्ढा खोदकर रोका रास्ता

## प्रशासन ने चलाया जेसीबी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद**। टुंडी से प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए जनता की एक बड़ी परेशानी को चंद मिनटों में दूर कर दिया है। मामला रतनपुर पंचायत के कटचीरा मधुरसा गांव का है, जहाँ दबंगई या निजी कारणों से गांव की 'लाइफलाइन' कही जाने वाली सड़क को गड्ढा खोदकर ब्लॉक कर दिया गया था। लेकिन आज, टुंडी प्रशासन ने मौके पर पहुँचकर न केवल अवरोध हटाया, बल्कि ग्रामीणों के चेहरों पर मुस्कान भी लौटा दी है।

कटचीरा मधुरसा गांव के ग्रामीण लंबे समय से कर रहे थे। देखिए किस तरह जेसीबी की मदद से उस गड्ढे को भरा जा रहा है, जिसे एक व्यक्ति ने खोदकर पूरे गांव का रास्ता रोक दिया था। यह सड़क सिर्फ मिट्टी का रास्ता नहीं, बल्कि बुजुर्गों के लिए अस्पताल पहुँचने का जरिया और बच्चों के लिए स्कूल जाने का मार्ग थी। रास्ता बंद होने से गांव के लोग एक तरह से कैद होकर रह गए थे। शिकायत मिलने पर टुंडी के प्रभारी अंचल अधिकारी सुरेश प्रसाद वर्णवाल पूरी टीम के साथ मौके पर पहुँचे।

हल्का कर्मचारी अशोक महतो और अंचल अमीन बैजू यादव ने जमीन की पैमाइश की, और फिर थाना प्रभारी उमा शंकर की मौजूदगी में प्रशासन का डंडा चला। जेसीबी ने मिनटों में उस अवैध गड्ढे को भरकर रास्ता बहाल कर दिया। जो सफर घंटों की मशक्कत के बाद तय होता था, अब वो फिर से आसान हो गया है। ग्रामीणों ने प्रशासन की इस त्वरित कार्रवाई की जमकर सराहना की है।

# रेलवे ट्रैक पर आतंकी नजर

- कैमरे से मिली आतंकी की तस्वीर
- कर्नाटक से हो रहा संचालित
- जांच में होंगे विशेषज्ञ शामिल
- एनजीओ ने लगाया है कैमरा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर**। हाजीपुर-मुजफ्फरपुर रेलखंड के सराय स्टेशन के आगे समपार फाटक संख्या-43 सी स्पेशल के पास लगे सिग्नल टावर पर इंटरनेट प्रोटोकॉल कैमरा लगाकर आतंकी नेटवर्क द्वारा रेलवे ट्रैक और सड़क की निगरानी किए जाने का मामला सामने आया है। सोलर संचालित इस कैमरे को इंटरनेट के जरिए चलाया जा रहा था। गुमटीमैन से मिली सूचना के बाद कैमरे की जांच में सनसनीखेज जानकारी सामने आई। बताया जा रहा है कि कैमरे में आतंकी यासीन भटकल की तस्वीर भी मिली है।

आईपी एड्रेस की जांच में कर्नाटक के तटीय क्षेत्र से पाकिस्तान कनेक्शन वाले आतंकी नेटवर्क से इसकी निगरानी होने की बात सामने आई है। सराय स्टेशन के स्टेशन मास्टर मनोज कुमार के बयान पर प्राथमिकी दर्ज कर मुख्यालय को सूचना दी गई। शुक्रवार देर शाम एटीएस की तीन सदस्यीय टीम और एसटीएफ मौके पर जांच के लिए पहुंची। पूर्व मध्य रेलवे के आरपीएफ आईजी अमरेश कुमार और रेल एसपी बीणा कुमारी को भी पूरे मामले से अवगत कराया गया है।

एक दिन पहले हरियाणवी बोलने वाला एक संदिग्ध युवक समपार फाटक पर पहुंचा और खुद को एक एनजीओ से जुड़ा बताते हुए सिग्नल टावर पर कैमरा फिट कर वहां से निकल गया। गुमटीमैन को उसकी गतिविधियां संदिग्ध लगीं, जिसके बाद उसने स्टेशन मास्टर को इसकी जानकारी दी। स्टेशन मास्टर ने तुरंत आरपीएफ को सूचना दी। आरपीएफ ने मामला जीआरपी हाजीपुर और मुजफ्फरपुर को भेज दिया।

जीआरपी के एसआई मौके पर पहुंचे और कैमरा उतरवाकर गुमटीमैन को सौंप दिया। बाद में रेल



डीएसपी सोनपुर सहकार खान के नेतृत्व में जीआरपी टीम ने गहन जांच शुरू की, जिसके बाद मामला गंभीर रूप में सामने आया। इसके बाद कैमरे को मुजफ्फरपुर जीआरपी को सौंप दिया गया। हाजीपुर थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार के नेतृत्व में एक टीम जांच में जुटी है। वहीं मुजफ्फरपुर जीआरपी के एसआई के नेतृत्व में दूसरी टीम भी अलग-अलग बिंदुओं पर जांच कर रही है। मामले की तकनीकी जांच के लिए रेलवे के विशेषज्ञों को भी शामिल किया गया है।

# चलते टेम्पो से गिरकर महिला की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पूर्णिया**। जिले में एक दर्दनाक सड़क हादसे ने दो छोटे बच्चों से उनकी मां का साया छीन लिया। सदर थाना क्षेत्र के रामबाग की रहने वाली महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। हादसे के बाद मृतका के ससुराल और मायके, दोनों जगहों पर मातम पसरा हुआ है। मृतका की पहचान रामबाग निवासी हरिनंदन पासवान की पत्नी खुशबू देवी के रूप में हुई है।

परिजनों के अनुसार, खुशबू देवी अपने मायके कटिहार जिले के डूमर छोहर गई हुई थीं। शुक्रवार शाम वह किसी जरूरी काम से ऑटो (टेंपू) से बाजार जा रही थीं। इसी दौरान अचानक संतुलन बिगड़ने से वह चलते ऑटो से सड़क पर गिर गईं और गंभीर रूप से घायल हो गईं। घटना के बाद स्थानीय लोगों और परिजनों की मदद से उन्हें तुरंत समेली स्थित सरकारी अस्पताल ले जाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उनकी हालत गंभीर देखते हुए कटिहार मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

बेहतर इलाज की उम्मीद में परिजन खुशबू देवी को पूर्णिया जीएमसीएच लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें बचाने की हरसंभव कोशिश की। हालांकि, गंभीर चोटों के कारण इलाज के दौरान ही उनकी मौत हो गई। डॉक्टरों द्वारा मृत घोषित किए जाने के बाद अस्पताल परिसर में चीख-पुकार मच गई। घटना के बाद परिवार पूरी तरह टूट गया है।

इस हादसे ने दो छोटे बच्चों से उनकी मां को हमेशा के लिए छीन लिया। रामबाग स्थित ससुराल में परिजनों और पड़ोसियों की आंखें नम हैं, वहीं कटिहार स्थित मायके में भी बेटी की मौत के गम में चूल्हा तक नहीं जला। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए पूर्णिया जीएमसीएच भेज दिया।

# शहर से गांव तक समान होगी मेडिकल सुविधा : निशांत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना**। बिहार सरकार में पहली बार स्वास्थ्य मंत्री बने निशांत कुमार ने पदभार ग्रहण करने के दूसरे दिन अचानक सचिवालय स्थित स्वास्थ्य विभाग के दफ्तर पहुंच गए। इसके बाद कई अधिकारी भी फौरन दफ्तर पहुंचे। उन्होंने अधिकारियों के साथ बैठक की। इसके बाद पत्रकारों से बातचीत के दौरान बड़ी बात कह दी। उन्होंने कहा कि गांव में शहरों जैसी और गरीबों को अमीरों से जैसी मेडिकल सुविधाएं देने की कोशिश करूंगा। अमीर-गरीब में बिना किसी भेदभाव के प्रत्येक जरूरतमंद को उच्च कोटि की स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराई जाएगी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि मुझे जो जिम्मेदारी दी गई है, उसे मैं पूरी ईमानदारी से निभाने का प्रयास कर रहा हूं। मैं स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने की कोशिश करूंगा। गरीब हो या अमीर, ग्रामीण क्षेत्र हो या



शहरी इलाका, हर जगह बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा। निशांत का यह बयान सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है।

एक दिन पहले जब निशांत कुमार ने स्वास्थ्य विभाग जाकर अपना पदभार ग्रहण किया था। तब उन्होंने कहा था कि मैं पूरी ईमानदारी से अपनी जिम्मेदारी निभाऊंगा। पिताजी ने सात निश्चय और समृद्धि यात्रा के दौरान जो वादा जनता से किया है, उसे निभाने का प्रयास करूंगा। विकास के काम को आने बढ़ाने का काम करूंगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने जो जिम्मेदारी दी है, उसका पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ निर्वहन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि उनके पिता नीतीश कुमार ने पिछले 20 वर्षों में राज्य में जो भी ईमानदारी पूर्वक विकास कार्य किए, उसे भविष्य में भी जारी रखा जाएगा। निशांत कुमार ने कहा कि राज्य में स्वास्थ्य सुविधाओं और योजनाओं को थोड़ा समझना पड़ेगा। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र में कराए जाने वाले विकास कार्यों में पूरी ईमानदारी और संवेदना बरती जाएगी। निशांत ने आज भी स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के कामकाजों की जानकारी ली।

# डिग्री कॉलेज की सूची में प्रखण्ड का नाम नहीं होने से लोग मायूस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी**। बिहार सरकार द्वारा सूबे के डिग्री कॉलेज विहीन प्रखंडों में नए डिग्री कॉलेज की स्थापना हेतु जारी सूची में गयाजी जिला के फतेहपुर एवं टनकुप्पा प्रखंड के नाम शामिल नहीं होने से ईन दोनों प्रखंडों के छात्रों एवं आमजनों में काफी मायूसी है।

बिहार प्रदेश कॉंग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि सह प्रवक्ता विजय कुमार मिट्ठू, पूर्व विधायक मोहम्मद खान अली, फतेहपुर प्रखंड कॉंग्रेस कमिटी के अध्यक्ष बालमुकुंद पांडेय, युवा अध्यक्ष अरविंद कुमार यादव, पंकज कुमार, बुलंद अख्तर, टनकुप्पा प्रखंड कॉंग्रेस अध्यक्ष शंभू शरण सिंह, प्रो अमरेंद्र कुमार सिंह उर्फ मंटू सिंह, मदन कुमार संजीव, जमुना प्रजापति, आदि ने कहा कि जिला के सबसे बड़ा प्रखंड फतेहपुर एवं सबसे इंटीरियर प्रखंड टनकुप्पा के छात्रों को पूरा विश्वास था कि राम अनुग्रह उच्च विद्यालय फतेहपुर एवं उच्च विद्यालय उतली बारां में डिग्री कॉलेज खुलने की काफी चर्चा थी, परन्तु विगत चार दिनों पहले राज्य के 208 प्रखंडों की जारी सूची में फतेहपुर और टनकुप्पा प्रखंड के नाम नहीं रहने से वहां के लोगों में भारी निराशा है।

नेताओं ने कहा कि दोनों प्रखंड शुरू से ही नक्सल प्रभावित एवं विकास में काफी पिछड़ा हुआ है, तथा अब जब राज्य के सभी डिग्री विहीन कॉलेज में नए डिग्री कॉलेज खोलने की लिस्ट जारी हुई तो आखिर गयाजी जिला के ईन दो प्रखंड का नाम क्यों काट दिया गया, जो बड़ा ही गंभीर बात है, जिसका कारण क्या है, जानना जरूरी है, ।

नेताओं ने राज्य सरकार एवं स्थानीय प्रशासन से अविलंब गयाजी जिला के फतेहपुर एवं टनकुप्पा प्रखंडों में डिग्री कॉलेज खोलने की अधिसूचना जारी करने की मांग की है।

# मुंगेर विवि में ऑनलाइन इंटर्नशिप प्रोग्राम नामांकन को लेकर बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुंगेर**। मुंगेर विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार कार्यालय में आज वाईजोन्स डिजिटल एकेडमी एलएलपी के प्रतिनिधि दिनकर कुमार ठाकुर की उपस्थिति में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं के लिए संचालित ऑनलाइन ट्रेनिंग एवं इंटर्नशिप प्रोग्राम में नामांकन प्रक्रिया पर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में बताया गया कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम विशेष रूप से नई शिक्षा नीति के अंतर्गत सेमेस्टर-5 एवं सेमेस्टर-8 के छात्रों की अनिवार्य इंटर्नशिप को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने इसे छात्रों के लिए रोजगारोन्मुख एवं अत्यंत लाभकारी पहल बताया।

विश्वविद्यालय द्वारा जारी जानकारी के अनुसार, सेमेस्टर-5 एवं सेमेस्टर-8 के छात्रों के लिए नामांकन की अंतिम तिथि 30 मई 2026 निर्धारित की गई है, जबकि ऑनलाइन कक्षाएं एवं प्रशिक्षण सत्र जून 2026 से प्रारंभ होंगे।

इस कार्यक्रम के अंतर्गत डिजिटल मार्केटिंग, साइबर सिक्योरिटी, वेब डेवलपमेंट, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, पायथन प्रोग्रामिंग, ग्राफिक्स डिजाइनिंग एवं वीडियो एडिटिंग सहित 13 से अधिक इंडस्ट्री-ओरिएंटेड कोर्स उपलब्ध हैं। प्रारंभिक ऑनलाइन ट्रेनिंग प्रोग्राम की फीस मात्र 400 + 18% जीएसटी (कुल 472) से शुरू होती





है तथा अधिकतम फीस 1,300 + 18% जीएसटी (कुल 1,534) रखी गई है। छात्र नामांकन हेतु मुंगेर विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर ऊपर दिए गए विकल्प पर क्लिक कर ऑनलाइन एडमिशन पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन ने छात्रों से समय रहते नामांकन करने की अपील की है ताकि वे आधुनिक तकनीकी कौशल एवं इंटर्नशिप अवसरों का लाभ प्राप्त कर सकें।

# तुतला भवानी में गेस्ट हाउस एवं धर्मशाला की मांग हुई पूरी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। औरंगाबाद जिले के बडेम़ निवासी महोत्सव रत्न संजीव कुमार सिंह के प्रयास से रोहतास जिले का महत्वपूर्ण तीर्थ स्थल मां तुतला भवानी में लंबे समय से लंबित पर्यटन गेस्ट हाउस एवं धर्मशाला निर्माण का सपना जल्द पूरा होने वाला है। इस संबंध में न्यास समिति के संरक्षक द्वारा पर्यटन विभाग बिहार सरकार से आग्रह किया गया था कि यहां दो हाई मास लाइट, गेस्ट हाउस और धर्मशाला का निर्माण किया जाए। जिसकी, स्वीकृति मिल गई है। तिलौथू के सीओ द्वारा भूमि उपलब्धता एवं अनापत्ति प्रमाण पत्र दे दी गई है। इस संबंध में सीओ ने एसडीओ को पत्र लिखकर जानकारी दी है। अब जल्द ही मां तुतला भवानी धाम में बड़े पैमाने पर पर्यटन गेस्ट हाउस एवं धर्मशाला का निर्माण कराया जाएगा। महोत्सव रत्न संजीव कुमार सिंह ने बताया कि मां पुतला भवानी धाम में अब तक कोई गेस्ट हाउस या धर्मशाला की उपलब्धता



नहीं थी ।इसकी मांग न्यास समिति से लंबे अरसे की जा रही थी। समिति के प्रयास से अब गेस्ट हाउस धर्मशाला और हाई मास्ट लाइट लगाने की अनुमति मिल गई है ।उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुए महिला व पुरुष शौचालय का भी निर्माण कराया जाएगा ताकि श्रद्धालुओं को कोई परेशानी ना हो। न्यास समिति के संरक्षक गुरु चरण यादव ने बताया कि मां तुतला धाम न्यास समिति के विकास का कारवां अब नहीं रुकेगा। मीडिया प्रभारी सुरेश विद्यार्थी जम्होरिया ने गेस्ट हाउस एवं धर्मशाला निर्माण की स्वीकृति मिलने पर पर्यटन विभाग एवं महोत्सव रत्न को बधाई दी है।

## युवक का शव बरामद

**मेदिनीनगर ( पलामू )**। पलामू में अपराध रुकने का नाम नहीं ले रहा है। इसी क्रम में पलामू जिले के पांडू थाना क्षेत्र के बेलहरा गांव के समीप शनिवार सुबह एक युवक का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। मृतक की पहचान जोगनी पहाड़ निवासी उमेश राम के पुत्र संजय कुमार के रूप में हुई है।

परिजनों के अनुसार संजय कुमार शुक्रवार रात खाना खाने के बाद घर के बाहर सोया था। सुबह उसकी लाश घर से कुछ दूरी पर बेलहरा-लोमड़ीडीह कच्चे रास्ते के किनारे महुआ पेड़ के नीचे पड़ी मिली। शव के गर्दन में गमछा लगा हुआ था।

परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए आरोप लगाया है कि अपराधियों ने संजय की हत्या कर शव को इस तरह छोड़ा, ताकि मामला आत्महत्या जैसा लगे। घटना की सूचना पर पांडू थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर एमएमसीएच भेज दिया ।पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। घटना के बाद परिवार में मातम पसरा हुआ है। परिजनों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# श्रद्धांजलि सभा में पहुंचे कई जिलों के डीएम, एसपी



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सिंघिया( समस्तीपुर)**। जग में सब से प्यारी मेरी माँ, उससे भी प्यारी मेरी नानी मां ! श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए वैशाली जिलाधिकारी वर्षा सिंह के आखों से छलक रहा आँसू कुछ यही वया कर रहा था! मामला सिंघिया प्रखंड अंतर्गत कुंडल ग्राम वासी स्वर्गीय ललिता सिंह के द्वादश कार्यक्रम पर आयोजित श्रद्धांजलि समारोह का था!श्रद्धांजलि कार्यक्रम में समस्तीपुर, खगड़िया जिले के डीएम के अलावे समस्तीपुर पुलिस अधीक्षक अरविंद प्रताप सिंह, सीतामढ़ी से सांसद देवेश चंद्र ठाकुर उपस्थित, पूर्व मंत्री व विधायक नीरज सिंह बबलू, एमएलसी विनोद कुमार सिंह, समाज सेवी कुंदन सिंह ने मृतक के तेल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर अपने अपने अंदाज में प्रकाश डाला !श्रद्धांजलि अर्पित करने वाले प्रमुख लोगों में सिंघिया प्रखंड प्रमुख बिरजू साह,प्रखंड मुखिया संघ के अध्यक्ष चंद्रमणि सिंह, बलबीर सिंह,मुखिया नासिर इकबाल, नारायण सिंह, धनंजय कुमार, मृत्युंजय कुमार, मुकेश सिंह, चन्द्रबलि सिंह, रामानुज सिंह, ऋषिकेश कुमार समेत बड़ी संख्या में पदाधिकारी,नेता एवं ग्रामीण मौजूद थे !

## मंत्री का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

**बाराहाट,बांका**। बिहार सरकार मंत्रिमंडल में पहली बार पथ निर्माण मंत्री बनने के बाद पहली बार भागलपुर के बिहपुर विधायक ई शैलेन्द्र का बौसी से वापस लौटने के क्रम में मंदार अंग क्षेत्र की धरती बाराहाट बाजार में भाजपा के कार्यकताओं ने फूल - माला पहनाकर उनका जोरदार तरीके से स्वागत किया। इस दौरान मंत्री बाराहाट बाजार स्थित दुर्गा मंदिर में पहुंचकर पूजा अर्चना कर माता का आशीर्वाद प्राप्त किया। मंत्री ने क्षेत्र में सुख शांति समृद्धि बने रहे इसकी मंगलकामना की। इसके उपरांत मंत्री बाराहाट के भाजपा नेता रामानंद चौधरी के बाराहाट स्थित आवास पर तकरीबन आधा घंटा रुके। जहां मंत्री का भाजपा नेता रामानंद चौधरी ने उनको अंग वस्त्र पहनाकर एवं बुके देकर उनका स्वागत किया। इस मौके मंत्री ई शैलेंद्र ने कहा कि बिहार में नई सरकार बनने के बाद सड़कों का निर्माण कार्य जल्द शुरू किया जाएगा। इस मौके पर कटोरिया से भाजपा विधायक पूरन लाल टुडू भाजपा नेता राजीव लोचन मिश्रा,भाजपा नेता रघुनाथ चौधरी, भाजपा नेता जय शंकर चौधरी,भाजपा नेता रणधीर पांडेय मौजूद रहे।

# अशोका हॉस्पिटल द्वारा आयोजित स्वास्थ्य शिविर में जुटे लोग




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सिंघिया( समस्तीपुर)**। सिंघिया प्रखंड के कुंडल एक पंचायत स्थित ब्रह्मस्थान में शनिवार के दिन सिंघिया नगर पंचायत में संचालित अशोका हॉस्पिटल द्वारा मुक्त स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। स्वास्थ्य शिविर में जटिल तथा साधारण रोगों के इलाज हेतु तीन प्रमुख डॉक्टर की टीम जिसमें डॉ रुगमा, डॉ नीति,डॉ कुसुम द्वारा जांच उपरांत मरीजों को मुफ्त सलाह दी गई। अस्पताल प्रबंधन द्वारा शिविर में ब्लड जांच के अलावे आयुष्मान कार्ड बनाने की भी व्यवस्था की गई थी। शनिवार सुबह ग्यारह बजे से संचालित शिविर में स्थानीय ग्रामीणों के अलावे अगल-बगल के पंचायत से आए हुए सैकड़ो ग्रामीणों ने मुफ्त स्वास्थ्य शिविर में अपना इलाज तथा खून की जांच करवाई। इस दौरान आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। मुक्त स्वास्थ्य शिविर में अस्पताल प्रबंधन से डॉक्टर के अलावे शिविर प्रबंधक भास्कर चौधरी, नर्सिंग इंचार्ज लालबाबू, मार्केटिंग हेड हरीश कुमार, विजय, नर्सिंग स्टाफ अमित, चमीली कुमारी, पुष्पा टिग्गा, खुशबू कुजू मौजूद रहें।

# महिला सशक्तिकरण से ही मजबूत होगा समाज : अनिता मिंज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू )**। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डालसा) की ओर से चलाए जा रहे 90 दिवसीय गहन जागरूकता एवं आउटरीच कार्यक्रम के तहत शनिवार को सदर प्रखंड के पोलपोल पंचायत में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं के अधिकार, घरेलू हिंसा, भरण-पोषण एवं अन्य कानूनी प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी गई।

इस अवसर पर पीएलवी अनिता मिंज ने कहा कि महिलाओं के सशक्त होने से ही समाज सशक्त बन सकता है। आज भी समाज में महिलाओं के साथ भेदभाव किया जाता है तथा बेटियों को उच्च शिक्षा से वंचित रखा जाता है। उन्होंने कहा कि महिलाएं अब किसी पर बोझ नहीं हैं, बल्कि आत्मनिर्भर बनकर समाज और परिवार की जिम्मेदारियों को सफलतापूर्वक निभा रही हैं। उन्होंने बताया कि परिवार में महिलाओं के साथ शारीरिक या मानसिक प्रताड़ना करना घरेलू हिंसा की श्रेणी में आता है, जो घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम-2005 के तहत दंडनीय अपराध है। इस कानून के तहत पत्नी, बेटी, मां अथवा बिना विवाह के साथ रहने वाली महिला भी अदालत से सुरक्षा आदेश प्राप्त करने के लिए आवेदन कर सकती है। साथ ही घरेलू हिंसा से पीड़ित महिला एवं उसके बच्चों को भरण-पोषण पाने का कानूनी




अधिकार भी प्राप्त है। पीएलवी इंदुबाला देवी ने कहा कि देश महिला सशक्तिकरण की दिशा में आगे बढ़ रहा है, लेकिन आज भी ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को घर की चौखट से बाहर निकलने की स्वतंत्रता नहीं मिल पाती, जो उनके अधिकारों का हनन है। उन्होंने महिलाओं से जुड़े विभिन्न कानूनी अधिकारों और सुरक्षा संबंधी प्रावधानों की जानकारी दी। वहीं पीएलवी पुनम देवी ने भरण-पोषण, डायन प्रतिषेध अधिनियम, दहेज उत्पीड़न एवं पीड़ित प्रतिकर अधिनियम से संबंधित कानूनों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित योजनाओं एवं उपलब्ध सुविधाओं की भी जानकारी ग्रामीणों को दी। कार्यक्रम में अखिलेश सिंह, धर्मराज सिंह, महेंद्र सिंह, शंभू प्रसाद, महेश प्रसाद, अरुण प्रसाद, महेंद्र प्रसाद सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## 396 गर्भवती महिलाओं की हुई स्वास्थ्य जांच

**चांदन( बांका)**। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत आज सीएचसी चांदन, वेलनेस सेंटर सुईयां व वेलनेश सेंटर आनंदपुर में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत आयोजित शिविर में 396 गर्भवती महिलाएं की स्वास्थ्य जांच की गई। जबकि सीएचसी में जोखिम गर्व धारण की हुई पहुंची 15 महिला व वेलनेस सेंटर सुईयां में 03 व वेलनेस सेंटर भैरोगंज में 02 महिला को जांच कर सलाह देकर दवाई दी गई ।प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ०आशीष कुमार के नेतृत्व में आयोजित इस शिविर में जांच के दौरान गर्भवती महिलाओं की वजन, ब्लड प्रेशर, हीमोग्लोबिन, शुगर एचआईवी सहित कई अन्य अन्य आवश्यक जांच की गई। मौके पर डॉ० मेघना मल्होत्रा, एएनएम शशिवाला, शिखा चौधरी, जयंती कुमारी, बबिता कुमारी, सरिता कुमारी, प्रतिमा यादव, सीएचओ मोहित यादव, पूर्णिमा प्रगति, खुशबू कुमारी, ह्नितिका रानी, विनीता भारती, प्रयोगशाला प्रावैधिकी शंभू राय सहित आशा कार्यकर्ता सहित सभी स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

# आईआईटी ,आईएसएम के एक्जीक्यूटिव एमबीए कार्यक्रम के लिए 50 से अधिक आवेदन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद**। आईआईटी (आईएसएम) के प्रबंधन अध्ययन एवं औद्योगिक अभियंत्रण विभाग के कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान संस्थान के अधिकारियों ने बताया कि एक्जीक्यूटिव एमबीए कार्यक्रम (सत्र 2026झ28) के लिए अब तक 50 से अधिक आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। अधिकारियों ने कहा कि कार्यक्रम को विभिन्न सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के पेशेवरों से अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है।

प्रेस वार्ता में प्रबंधन अध्ययन एवं औद्योगिक अभियंत्रण विभाग के अध्यक्ष प्रो. संदीप मंडल, एक्जीक्यूटिव एमबीए कार्यक्रम के समन्वयक प्रो. नीलाद्रि दास, सह-समन्वयक प्रो. रश्मि सिंह तथा प्रो. शशांक बंसल मौजूद थे। अधिकारियों ने बताया कि संस्थान की वेबसाइट पर 15 मार्च 2026 से ऑनलाइन आवेदन पोर्टल शुरू किया गया है। यह कार्यक्रम विशेष रूप से कार्यरत पेशेवरों, अधिकारियों और उद्यमियों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है, ताकि वे नौकरी जारी रखते हुए प्रबंधन शिक्षा प्राप्त कर सकें। प्रो. संदीप मंडल ने कहा कि एक्जीक्यूटिव एमबीए कार्यक्रम की शुरूआत वर्ष 2012 में हुई थी और अब इसे दो वर्षीय कार्यक्रम (चार सेमेस्टर) के रूप में संचालित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य पेशेवरों को आधुनिक प्रबंधन ज्ञान, नेतृत्व क्षमता और रणनीतिक निर्णय लेने की समझ विकसित करने का अवसर प्रदान करना है।

उन्होंने बताया कि कार्यक्रम की कक्षाएं मुख्य रूप से ऑनलाइन मोड में संचालित होंगी। बुधवार से शनिवार तक शाम 7 बजे से 9:50 बजे तक तथा रविवार को सुबह 10 बजे से शाम 5:50 बजे तक कक्षाएं आयोजित की जाएंगी। वहीं, मिड-सेमेस्टर और एंड-सेमेस्टर परीक्षाएं ऑफलाइन मोड में आईआईटी (आईएसएम) धनबाद और संस्थान के कोलकाता एवं दिल्ली केंद्रों में आयोजित होंगी। अधिकारियों ने बताया कि कार्यक्रम में पहले भी कोल इंडिया और उसकी सहायक कंपनियां, एसबीआई, एचडीएफसी बैंक, सेल, टीसीएस, टाटा स्टील, टाटा पावर, टाटा मोटर्स, एनटीपीसी, भारतीय रेल, इन्फोसिस, पीडब्ल्यूसी, ओएनजीसी और आईओसीएल जैसी प्रतिष्ठित संस्थाओं के अधिकारी हिस्सा ले चुके हैं।

प्रो. नीलाद्रि दास ने बताया कि प्रवेश प्रक्रिया के तहत अभ्यर्थियों को आईआईटी (आईएसएम) धनबाद में आयोजित लिखित परीक्षा देनी होगी, जिसमें अभ्यर्थियों की प्रबंधकीय क्षमता और सामान्य जागरूकता का मूल्यांकन किया जाएगा। लिखित परीक्षा में सफल उम्मीदवारों को ऑनलाइन साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा और अंतिम चयन लिखित परीक्षा तथा साक्षात्कार के संयुक्त अंकों के आधार पर किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के लिए कुल शुल्क दो वर्षों हेतु 6 लाख रुपये निर्धारित किया गया है, जिसे सेमेस्टर के आधार पर जमा करना होगा। कार्यक्रम में 100 सीटें उपलब्ध हैं तथा प्रवेश में भारत सरकार के आरक्षण नियमों का पालन किया जाएगा। प्रो. रश्मि सिंह ने बताया कि पात्रता के तहत अभ्यर्थियों के पास किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से स्नातक डिग्री (10+2+3) में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक होना अनिवार्य है, जबकि एससी, एसटी और दिव्यांग वर्ग के लिए 45 प्रतिशत अंक निर्धारित किए गए हैं। साथ ही अभ्यर्थियों के पास कम से कम एक वर्ष का कार्य अनुभव होना चाहिए। उद्यमियों के लिए पंजीकृत फर्म और न्यूनतम 200 लाख रुपये वार्षिक टर्नओवर की शर्त रखी गई है।

# पश्चिम बंगाल के लिए आज का दिन ऐतिहासिक : संजय सरावगी

## बंगाल में सत्ता परिवर्तन नहीं, बड़े बदलाव की शुरुआत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** बिहार भाजपा के अध्यक्ष संजय सरावगी ने आज पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री के तौर पर सुवेंदु अधिकारी के शपथ ग्रहण को प्रदेश के लोगों के लिए ऐतिहासिक दिन बताया। उन्होंने कहा कि बंगाल में हुए चुनाव में एक 'जन-विरोधी' सरकार हार गई है। उन्होंने विश्वास जताया कि भाजपा के नेतृत्व में राज्य में बड़ा विकास होगा। उन्होंने पश्चिम बंगाल में भाजपा की पहली बार सरकार बनने पर देश के भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए भी एक बड़ा दिन बताया। उन्होंने पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री बनने पर सुवेन्दु अधिकारी को भी बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विश्वास जताते हुए कहा कि सुवेन्दु अधिकारी की दृढ़ नेतृत्व क्षमता, जनता के प्रति समर्पण और विकास को केंद्र में रखकर कार्य करने की दूरदर्शी सोच निश्चित रूप से पश्चिम बंगाल को प्रगति, सुशासन और नई संभावनाओं की ओर अग्रसर करेगी। उन्होंने 'सोनार बांग्ला' का सपना साकार होने की भी ईश्वर से कामना की है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने आगे कहा कि पश्चिम बंगाल में मुख्यमंत्री शपथ ग्रहण समारोह में कई प्रमुख नेता, अलग-अलग राज्यों के भाजपा और एनडीए के मुख्यमंत्री शामिल हुए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। पश्चिम बंगाल के लिए इसे एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक दिन बताते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सरावगी ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं ने लंबे समय से राज्य में सरकार बनाने का सपना देखा था। उन्होंने कहा कि आज से पश्चिम बंगाल में एक बड़ा बदलाव आएगा। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में लोगों ने आज विकास का सूर्योदय देख लिया है। अब वहां के लोग विकास और सुशासन भी देखेंगे। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि भाजपा सरकार लोगों की आकांक्षाएं पूर्ण करेगी। उन्होंने कहा कि यह मात्र एक सत्ता परिवर्तन नहीं है, नए बदलाव की भी शुरुआत है। उन्होंने आगे कहा कि पश्चिम बंगाल की नई सरकार 2047 तक भारत को 'विकसित भारत' बनाने के प्रधानमंत्री मोदी के विजन को भी गति देगा और राज्य की पुरानी विरासत और पुरानी प्रतिष्ठा को भी लौटाएगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि इतिहास साक्षी है कि भारत का सबसे स्वर्णिम काल वही था जब अंग (बिहार), बंग (बंगाल) और कलिंगा (ओडिशा) समृद्ध थे। मौर्य काल से लेकर गुप्त काल और फिर पाल राजाओं के दौर तक, भारत की ताकत का केंद्र यही पूर्वी इलाका था। पीएम मोदी ने इसे कई बार उध्दृत कर चुके है कि भारत को विकसित होना है तो इन तीन प्रदेशों को विकसित होना होगा। उन्होंने दावे के साथ कहा कि अंग जो अब विकास से समृद्धि की यात्रा पर है वहीं अब बंग में भी बड़ा बदलाव आएगा। कलिंगा में भी विकास अब अपनी गति पकड़ रहा है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि भाजपा अपने वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान किस प्रकार करती है, इसका भावपूर्ण उदाहरण पश्चिम बंगाल में नव निर्वाचित सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में देखने को मिला। उन्होंने कहा कि मंच पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं में से एक 98 वर्षीय माखनलाल सरकार का आशीर्वाद प्राप्त किया। यह कार्यकर्ताओं के प्रति सम्मान ही भाजपा का संस्कार है। यह अन्य किसी पार्टी में नहीं दिख सकता।

## ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं से बदली गरीबों की तस्वीर : श्रवण कुमार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि देश भर में बिहार ही ऐसा राज्य है जो भूमिहीन और आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को जमीन खरीदने में एक लाख रुपये तक का सहयोग देता है। उन्होंने कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में ग्रामीण विकास विभाग का विशालतम बजट दूसरे स्थान पर है। श्री कुमार ने यह बातें नए मंत्रिमंडल का गठन और ग्रामीण विकास विभाग में मंत्री पद का दायित्व संभालने के बाद शनिवार को अपने बयान में कही है। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विभाग में कई ऐसी योजनाओं की शुरुआत की जो दूसरे किसी भी राज्य में नहीं हैं। महिला रोजगार और सशक्तिकरण की दिशा में बिहार ने मील का पत्थर स्थापित किया। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत करीब एक करोड़ 81 लाख महिलाओं को 10-10 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी गई। बिहार में पहली बार शहरी क्षेत्र में भी महिलाओं को योजना से जोड़ने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए करीब 18 लाख महिलाओं को चिन्हित किया गया है। इनमें से करीब एक लाख महिलाओं के खाते में 10-10 हजार रुपये की राशि भेजी जा रही है। बाकी की महिलाओं की जांच के बाद उनके रोजगार के लिए राशि भेजी जाएगी। मंत्री ने कहा कि रोजगार शुरू करने वाली महिलाओं को जो अतिरिक्त दो लाख रुपये दिए जाएंगे, वह किस्त स्तर पर होगा। पहली किस्त 10 हजार रुपये दी गई है। दूसरी किस्त के तौर पर 20 हजार, फिर 40 हजार, 60 हजार और पांचवी किस्त 80 हजार की होगी। उन्होंने साफ कहा कि जिन महिलाओं ने भी रोजगार शुरू किया है उन्हें खुद के स्तर पर कुछ न कुछ राशि अपने व्यवसाय में लगाना होगा। बड़े रोजगार के लिए मात्र सात फीसदी के ब्याज दर पर 10 लाख रुपये तक का ऋण दिलाने का प्रावधान है।

**जमीन, आवास और रोजगार के लिए बिहार सरकार की बड़ी पहल**

श्री कुमार ने बताया कि बिहार जैसे राज्य में पीएम आवास योजना से वंचित आवास विहीन लोगों को एक लाख 20 हजार रुपये राज्य खजाने से मुख्यमंत्री आवास के लिए दिया जाता है। विभागीय योजना के अनुसार जिस गरीब का घर 2010 में स्वीकृत और आज तक अधूरा है ऐसे लोगों को आवास निर्माण कार्य पूरा करने के लिए 50 हजार रुपये तक की आर्थिक मदद दी जा रही है।

## विधानसभा अध्यक्ष ने मातृ दिवस पर देश की सभी माताओं को दी बधाई एवं शुभकामनाएं

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधान सभा के अध्यक्ष ने मातृ दिवस के अवसर पर देश एवं प्रदेश की सभी माताओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि मां केवल परिवार की आधारशिला ही नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र निर्माण की सबसे महत्वपूर्ण शक्ति होती है। डॉ. प्रेम कुमार ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि एक मां अपने त्याग, ममता, संस्कार और समर्पण से परिवार को सशक्त बनाती है तथा बच्चों को नैतिक मूल्यों एवं मानवता का पाठ पढ़ाती है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में माता को सर्वोच्च स्थान दिया गया है और मातृ शक्ति का सम्मान हमारी परंपरा एवं संस्कृति की पहचान है। उन्होंने कहा कि माताएं समाज में प्रेम, सहनशीलता और सेवा की भावना को विकसित करती है। आज के समय में महिलाओं एवं माताओं का योगदान प्रत्येक क्षेत्र में उल्लेखनीय है और देश की प्रगति में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। बिहार विधानसभा अध्यक्ष ने सभी नागरिकों से मातृ शक्ति के सम्मान, सुरक्षा एवं सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य करने का आह्वान किया तथा मातृ दिवस पर सभी माताओं के उत्तम स्वास्थ्य, सुख एवं समृद्धि की कामना की।


## लापरवाही या भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं : दिलीप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार सरकार में राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री दिलीप जायसवाल ने कल ही अपने विभाग का पदभार ग्रहण किया। इसके बाद आज विभागीय अधिकारियों और जमीन माफियाओं को लेकर बेहद सख्त तेवर दिखाए। मंत्री ने साफ शब्दों में कहा कि राजस्व विभाग के अंदर जो भी चुनौतियां हैं, उन्हें अवसर में बदलकर व्यवस्था को पूरी तरह पारदर्शी बनाया जाएगा। मंत्री दिलीप जायसवाल ने कड़े अंदाज में कहा कि सरकार की प्राथमिकता आम जनता को जमीन से जुड़े मामलों में त्वरित और पारदर्शी सेवा उपलब्ध कराना है। उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि जनता के प्रति जवाबदेही तय की जाएगी और लापरवाही या भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं करेंगे। दिलीप जायसवाल ने कहा कि सरकार अब राजस्व व्यवस्था को पूरी तरह डिजिटल और पारदर्शी बनाने की दिशा में तेजी से काम कर रही है। अब जमीन से संबंधित लगभग सभी रिकॉर्ड सुरक्षित रूप से उपलब्ध हैं और किसी भी प्रकार की हेराफेरी की संभावना कम हो गई है। राजस्व मंत्री ने बताया कि सरकार चाहती है कि राजस्व विभाग जनता के लिए भरोसेमंद विभाग बने और लोगों को पारदर्शी व्यवस्था का लाभ मिले। उन्होंने कहा कि हाल ही में विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि जमीन विवाद, दाखिल-खारिज, म्यूटेशन और अतिक्रमण जैसे मामलों में तेजी से कार्रवाई हो। साथ ही जनता को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें, इसकी भी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। परिवारवाद के सवाल पर मंत्री दिलीप जायसवाल ने विपक्ष पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि परिवारवाद का असली मतलब वही है जहां किसी बड़े नेता का बेटा सीधे सर्वोच्च पद पर पहुंच जाए। परिवारवाद उसे कहते हैं जब प्रधानमंत्री का बेटा प्रधानमंत्री बन जाए, मुख्यमंत्री का बेटा मुख्यमंत्री बन जाए। जैसे राहुल गांधी और तेजस्वी यादव। राजस्व मंत्री ने निशांत कुमार का बचाव करते हुए कहा कि निशांत कुमार अभी राजनीति में नए हैं और संगठन व पार्टी के माध्यम से काम कर रहे हैं। निशांत कुमार अभी-अभी राजनीति में आए हैं। संगठन में हैं, पार्टी में हैं, मंत्री बने हैं और आगे बेहतर काम करेंगे। उन्होंने कहा कि विपक्ष को परिवारवाद पर बोलने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है क्योंकि देश और राज्य की राजनीति में सबसे ज्यादा परिवारवाद विपक्षी दलों में ही देखने को मिलता है।

## डॉ. प्रेम कुमार ने शुभेंदु अधिकारी को दी बधाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने शुभेंदु अधिकारी को पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण करने पर हार्दिक बधाई एवं अनंत शुभकामनाएं प्रेषित की है। उन्होंने कहा कि आपका चयन केवल एक पद की प्राप्ति नहीं, बल्कि आपके वर्षों के संघर्ष, सांगठनिक कौशल और बंगाल की जनता के प्रति आपकी अटूट निष्ठा का प्रमाण है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि आपके सक्षम नेतृत्व में बंगाल में जनहित की आवाज और अधिक प्रखर होगी। आपके मार्गदर्शन में पश्चिम बंगाल को एक नई ऊर्जा और सशक्त लोकतांत्रिक व्यवस्था का सूत्रपात होगा।

## सुशील कुमार मोदी की पुण्यतिथि पर 13 मई को आयोजित होगा श्रद्धांजलि समारोह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं जनप्रिय नेता श्रद्धेय सुशील कुमार मोदी की द्वितीय पुण्यतिथि के अवसर पर आगामी 13 मई को कुम्हरार विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत राजेंद्र नगर स्थित सुशील कुमार मोदी पार्क में सुशील कुमार मोदी स्मृति शोध संस्थान के तत्वावधान में एक श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर संस्थान से जुड़े सदस्यों द्वारा आज स्थल का निरीक्षण किया गया तथा कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय पदाधिकारियों के साथ विस्तृत बैठक कर आयोजन की रूपरेखा पर चर्चा की गई। बैठक में कार्यक्रम की व्यवस्थाओं, आगंतुकों के स्वागत, स्वच्छता, सुरक्षा एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। उपस्थित कार्यकर्ताओं से कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करने हेतु सक्रिय सहभागिता का आह्वान भी किया गया। श्रद्धेय सुशील कुमार मोदी ने अपने लंबे राजनीतिक जीवन में बिहार की राजनीति को नई दिशा देने का कार्य किया। वित्तीय प्रबंधन, सुशासन, पारदर्शिता तथा जनहित के मुद्दों पर उनकी स्पष्ट सोच और प्रतिबद्धता ने उन्हें जनमानस के बीच विशेष सम्मान दिलाया। उनका संपूर्ण जीवन सार्वजनिक मूल्यों, सादगी और शुचिता का उत्कृष्ट उदाहरण रहा है। 13 मई को आयोजित इस श्रद्धांजलि कार्यक्रम में बड़ी संख्या में वरिष्ठ नेतागण, कार्यकर्ता, गणमान्य नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग उपस्थित होकर श्रद्धेय सुशील कुमार मोदी को अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे तथा उनके विचारों और योगदान को स्मरण करेंगे।

## मनोज भावुक को मिला 'भोजपुरी भाषा शिखर सम्मान'

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भोजपुरी भाषा, साहित्य, सिनेमा और मीडिया जगत में अपने बहुआयामी, दीर्घकालिक और ऐतिहासिक योगदान के लिए सुप्रसिद्ध साहित्यकार, फिल्म गीतकार एवं वरिष्ठ टीवी पत्रकार मनोज भावुक को आज पटना के ऐतिहासिक बापू सभागार में जी मीडिया द्वारा आयोजित भव्य समारोह में 'भोजपुरी भाषा शिखर सम्मान' से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उन्हें 'ग्लोबल भोजपुरी एम्बेसडर' तथा 'भोजपुरी आइकॉन' की प्रतिष्ठित उपाधियों से भी अलंकृत किया गया। उन्हें यह सम्मान जी बिहार-झारखंड के संपादक राजकमल चौधरी, जी उत्तर प्रदेश-उत्तराखंड के संपादक रमेश चंद्रा व भोजपुरी सुपरस्टार दिनेश लाल निरहुआ ने संयुक्त रूप से प्रदान किया। सम्मान ग्रहण करते हुए मनोज भावुक ने कहा जब साहित्य सिनेमा के साथ चलने लगता है तो सिनेमा खिल जाता है। इसलिए भोजपुरी सिनेमा को साहित्य के साथ चलने की जरूरत है। साथ ही मनोज ने जोर देकर कहा कि भोजपुरी एक अंतरराष्ट्रीय भाषा है, इसलिए सरकार को भी इसे आठवीं अनुसूची में शामिल कर भाषा का दर्जा दे देना चाहिए। भोजपुरी करोड़ों लोगों की सांस्कृतिक आत्मा और भावनात्मक पहचान है।

## पहली बार बिहार में मंत्री बने मिथिलेश तिवारी, भाजपा संगठन के पुराने योद्धा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** बिहार में बनी सम्राट मंत्रिमंडल के नये चेहरों में एक और भारतीय जनता पार्टी संगठन के पुराने योद्धा मिथिलेश तिवारी को शिक्षा विभाग सौंपा गया है। श्री तिवारी से पहले यह विभाग जनता दल यूनाइटेड के नेता और पूर्व भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी सुनील कुमार के पास था। श्री तिवारी को इसी वर्ष फरवरी महीने में बिहार विधानसभा के बजट सत्र में अल्पसूचित सवाल पूछने वाले विधायकों की सूची में नंबर एक स्थान मिला था, तभी से बेहद मुखर स्वभाव के इस नेता को बड़ी जिम्मेदारी मिलने की अटकलें लगने लगी थीं। सदन की कार्यवाही के दौरान ही बिहार विधानसभा अध्यक्ष ने प्रशंसा करते हुए उन्हें भावी मंत्री कहा था। 29 दिसंबर 1971 को गोपालगंज के डुमरिया गांव में मिथिलेश तिवारी अपनी हिन्दुवादी विचारधारा के साथ 1988 में ही अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के सदस्य बने थे। अर्थशास्त्र विषय में आनर्स के साथ स्नातक श्री तिवारी ने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को सुनना उनको बहुत भाता था और 1990 में उनको भाजपा की सदस्यता मिल गई। श्री तिवारी को 1996 में बिहार भाजपा स्पोर्ट्स सेल का राज्य सचिव बनाया गया। 1998 में वह इसी सेल में उपाध्यक्ष तथा 2000 में महासचिव बने।

## स्वास्थ्य मंत्री ने की पार्टी ऑफिस में कार्यकताओं से मुलाकात



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार शनिवार को पार्टी कार्यालय पहुंचे। इस अवसर पर उन्होंने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं से शिष्टाचार भेंट कर उनका कुशलक्षेम जाना। मंत्री से भेंट के लिए पार्टी कार्यालय में कार्यकर्ताओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। उपस्थित जनों ने पुष्पगुच्छ प्रदान कर निशांत कुमार का हार्दिक अभिनंदन किया तथा उनके नवीन दायित्वों के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं। इस अवसर पर विधान परिषद सदस्य संजय कुमार सिंह उर्फ गांधीजी सहित कई नेता उपस्थित रहे।

### बिहार के मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने नालंदा विश्वविद्यालय के नवनिर्मित परिसर का किया भ्रमण

## आधुनिक सुविधाओं और 'नेट जीरो' मॉडल की सराहना की

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार के मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने राजगीर स्थित विश्व प्रसिद्ध नालंदा विश्वविद्यालय के भव्य परिसर का विस्तृत भ्रमण किया। इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों, बुनियादी ढांचे और इसके अद्वितीय 'नेट जीरो' पर्यावरण अनुकूल मॉडल की जानकारी प्राप्त करना था। इस अवसर पर नालंदा के जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक सहित शासन के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय आगमन पर मुख्य सचिव का स्वागत विश्वविद्यालय के वरिष्ठ संकायों द्वारा किया गया। विश्वविद्यालय के संकाय सदस्यों ने एक विस्तृत प्रेजेंटेशन के माध्यम से मुख्य सचिव को संस्थान के ऐतिहासिक गौरव और वर्तमान शैक्षणिक ढांचे से अवगत कराया। उन्हें बताया गया कि विश्वविद्यालय वर्तमान में ऐतिहासिक अध्ययन, पारिस्थितिकी एवं पर्यावरण अध्ययन और बौद्ध अध्ययन जैसे विभिन्न अंतरराष्ट्रीय स्तर के स्कूलों का संचालन कर रहा है। श्री अमृत ने विश्वविद्यालय के अत्याधुनिक पुस्तकालय, सुषमा स्वराज ऑडिटोरियम, योग परिसर और शैक्षणिक ब्लॉकों का निरीक्षण किया। उन्होंने प्राचीन नालंदा की वास्तुकला और आधुनिक तकनीक के अद्भुत संगम की सराहना की। मुख्य सचिव ने विश्वविद्यालय के 6.5 मेगावाट के सौर फार्म, बायोगैस संयंत्र और जल संचयन प्रणालियों में विशेष रुचि दिखाई। उन्होंने कहा कि नालंदा विश्वविद्यालय का यह 'नेट जीरो' कार्बन फुटप्रिंट मॉडल बिहार के अन्य संस्थानों के लिए भी प्रेरणा का स्त्रोत बनना चाहिए।

## नशीली सुइयों की अवैध बिक्री करने वाला सिंडिकेट ध्वस्त, पिस्टल संग छह चढ़े हत्थे

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राजधानी पटना में नशे के खिलाफ पुलिस लगातार अभियान चला रही है। इसी क्रम में सुलतानगंज थाना क्षेत्र में नशे के सौदागरों के खिलाफ पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि इलाके में एक ई-रिक्शा के माध्यम से नशीली सूइयों की अवैध बिक्री की जा रही है। मामले की गंभीरता और युवाओं में बढ़ते नशे के खतरे को देखते हुए प्रशासन ने तुरंत एक्शन लिया। इस सिंडिकेट को ध्वस्त करने के लिए त्वरित आधार पर एक विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया ताकि आरोपियों को रंगे हाथ पकड़ा जा सके। गठित विशेष टीम ने सुव्यवस्थित तरीके से जाल बिछाकर छापेमारी शुरू की। सबसे पहले पुलिस ने उस ई-रिक्शा को चिह्नित किया जिससे नशीली दवाएं सप्लाई की जा रही थीं और मौके से 2 अभियुक्तों को धर दबोचा। पकड़े गए आरोपियों से जब कड़ी पूछताछ की गई तो उनकी निशानदेही पर पुलिस ने विभिन्न ठिकानों पर दबिश दी और गिरोह के 4 अन्य सदस्यों को भी गिरफ्तार कर लिया। इस प्रकार पुलिस ने नशीली दवाओं के इस पूरे नेटवर्क से जुड़े कुल 06 शातिर अपराधियों को सलाखों के पीछे भेज दिया है।

## भक्ति और उल्लास के साथ शुरू हुआ मीठापुर दिगम्बर जैन मंदिर का तीन दिवसीय वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** मीठापुर दिगम्बर जैन मंदिर में आयोजित तीन दिवसीय वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारंभ शनिवार को धार्मिक आस्था, भक्ति और उत्साह के वातावरण में हुआ। मौके पर एम पी जैन ने बताया कि महोत्सव के प्रथम दिन प्रातः सबसे पहले भव्य घट यात्रा निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष श्रद्धालुओं ने पारंपरिक वेशभूषा में भाग लिया। श्रद्धालुओं द्वारा मंगल गीत एवं जयकारों के साथ वातावरण भक्तिमय बना रहा। घट यात्रा के उपरांत मंदिर परिसर में विधि-विधानपूर्वक वेदी शुद्धि का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इसके बाद ध्वजारोहण कर महोत्सव की विधिवत शुरूआत की गई। सभी धार्मिक अनुष्ठान भोपाल से पधारे प्रसिद्ध अनिल भैयाजी के निर्देशन में सम्पन्न हुए। उन्होंने श्रद्धालुओं को वेदी प्रतिष्ठा के महत्व एवं आध्यात्मिक संदेश की जानकारी देते हुए कहा कि मंदिर केवल पूजा का स्थान नहीं, बल्कि संस्कार, संयम और आत्मशुद्धि का केंद्र होता है। कार्यक्रम में मंदिर समिति के अध्यक्ष विजय कासलीवाल जैन, सचिव सुनील जैन एवं कोषाध्यक्ष कमल जैन सहित समाज के अनेक गणमान्य लोगों की सक्रिय भागीदारी रही। इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित होकर धर्म लाभ प्राप्त किया।

## बिहार में आंधी-तूफान के बाद दूसरे दिन भी युद्धस्तर पर राहत कार्य जारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** पटना सहित अन्य जिलों में शुक्रवार को आए तेज आंधी-तूफान के बाद राहत एवं बचाव कार्य शनिवार को भी युद्धस्तर पर जारी रहा। आपदा प्रबंधन विभाग के सचिव डॉ. चंद्रशेखर सिंह के निर्देशानुसार जिला प्रशासन, नगर निगम और वन विभाग की टीमें राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) के साथ समन्वय स्थापित कर प्रभावित क्षेत्रों में तेजी से कार्य करती रहीं ताकि आमजन को शीघ्र राहत एवं आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई जा सके। आपदा प्रबंधन विभाग के मंत्री रत्नेश सदा और मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत की ओर से राहत एवं बचाव कार्य की नियमित समीक्षा की जा रही है। साथ ही संबंधित अधिकारियों को दिशानिर्देश दिया जा रहा है। गायघाट, कंकड़बाग, हार्डिंग रोड, हज भवन, सचिवालय, गर्दनीबाग, 96 ऑफिसर्स एनक्लेव, हवाई अड्डा, बेली रोड, पुनाईचक, नेहरू पार्क, पटना म्यूजियम एवं आसपास के क्षेत्रों में सफाई के साथ अवरोध हटाने का कार्य प्राथमिकता के आधार पर संचालित किया जा रहा है। संबंधित विभागों की ओर से मार्गों को सामान्य बनाने और जनजीवन को सुचारु रूप से बहाल करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे धैर्य एवं संयम बनाए रखें। किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें।

## भोजपुरी अभिनेत्री अक्षरा सिंह ने स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार से की मुलाकात

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** भोजपुरी सिनेमा की प्रसिद्ध अभिनेत्री अक्षरा सिंह ने शनिवार को बिहार के स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार से उनके आवास पर सौजन्य मुलाकात की। मुलाकात के दौरान बिहार के विकास, बिहारी भाषाओं की फिल्मों के निर्माण और सांस्कृतिक विषयों पर चर्चा हुई। मुलाकात के बाद अक्षरा सिंह ने कहा कि निशांत कुमार बिहार में बदलाव के बड़े वाहक साबित होंगे और उनकी योग्यता का लाभ राज्य को मिलेगा। उन्होंने कहा कि बिहार में प्रतिभाओं की कमी नहीं है और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने की आवश्यकता है। वहीं निशांत कुमार ने कहा कि सभी लोग बिहार की तरक्की चाहते हैं और राज्य को आगे बढ़ाने के लिए हर क्षेत्र में सार्थक पहल जरूरी है। उन्होंने बताया कि बिहारी भाषाओं की फिल्मों के निर्माण, संस्कृति और युवाओं के अवसरों को लेकर विस्तृत बातचीत हुई। इस मुलाकात को राजनीतिक और सांस्कृतिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। दोनों के बीच बिहार की सांस्कृतिक पहचान और क्षेत्रीय भाषाओं के विकास को लेकर सकारात्मक चर्चा हुई।

# संपादकीय

## कोई चमत्कारी महाराष्ट्र को भी मिले

यह सिर्फ दो साल पुरानी कहानी है, जिसमें दक्षिण भारत के एक और कलाकार ने अपनी लोकप्रियता भुनाते हुए तमिलनाडु की सत्ता के दरवाजे पर दस्तक दे दी है. चंद्रशेखरन जोसेफ विजय यानी थलापति विजय, जिनके बारे में एग्जिट पोल तक सही भविष्यवाणी नहीं कर सके और उन्होंने तमिल जनता का राजनीतिक 'हीरो' बनने में भी सफलता पा ली. माना यह जाता है कि उनके मन में राजनीति के प्रति उस समय से रुझान था, जब उन्होंने एक 'फैन क्लब' बनाया था और बाद में स्थानीय निकायों का चुनाव लड़ा था. यही नहीं, एआईएडीएमके को चुनाव में सहायता भी की थी. किंतु स्वतंत्र दल बनाकर दो साल की तैयारी में 108 सीटें जीतना कोई मामूली बात नहीं है. वह भी तब जब राज्य की सत्ताधारी पार्टी के खिलाफ कोई वातावरण नहीं बना और उसकी वापसी तय मानी जा रही हो. अब सवाल यही है कि यदि उत्तर से दक्षिण के अनेक राज्यों में कोई एक करिश्माई नेता अपनी ताकत से सत्ता बदल देता है तो महाराष्ट्र में कोई शक्तिमान क्यों नहीं तैयार हो पाया. 66 साल के इतिहास में एक दर्जन नेता उभरे और सामने आए, लेकिन सत्ता समझौते से ही मिली. ग्लैमर की दुनिया में सितारे सबसे अधिक महाराष्ट्र में ही थे, किंतु उन्होंने प्रचार से अधिक कभी कोई सामाजिक अथवा राजनीतिक जिम्मेदारी नहीं निभाई. महाराष्ट्र, जहां बॉलीवुड से लेकर क्रिकेट की दुनिया का मुख्यालय 'बीसीसीआई' तक है. राज्य में भारत रत्नों की संख्या सबसे अधिक है. इस परिक्षेत्र में सबसे ज्यादा सामाजिक जागरुकता के आंदोलन हुए और स्वतंत्रता संग्राम के प्रमुख केंद्रों में से एक यही राज्य था. फिर भी राजनीति के स्तर पर कोई करिश्माई नेता इतना बड़ा कद नहीं बना सका, जिसके नाम पर सत्ता का शिखर पाया जा सका हो. दक्षिण में अनेक अभिनेता और अभिनेत्रियां, उत्तर में सामाजिक आंदोलनों से जुड़े नेता सत्ता को पाने में सफल हुए हैं. यह बात और है कि उन्हें अधिक अवसर नहीं मिले, किंतु एक मौका तो हर एक को मिला. महाराष्ट्र के गठन के बाद कांग्रेस का बोलबाला रहा, लेकिन जब अवसर आया तो समझौतावादी राजनीति को अपनाया गया. राज्य में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी(राकांपा) के नेता शरद पवार, शेतकरी कामगार पक्ष के नेता शरद जोशी, समाजवादी नेता जार्ज फर्नांडीस, मधु लिमये, शिवसेना के बालासाहब ठाकरे, वर्तमान में वंचित बहुजन मोर्चे के प्रमुख प्रकाश आंबेडकर और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के प्रमुख राज ठाकरे जैसे अनेक नेताओं ने अपने उदय के साथ अपना एक समय बनाया, जिसमें उनका प्रभाव और लोकप्रियता चरम पर थी. किंतु उससे उन्हें सत्ता की सीढ़ी नहीं मिली. कहीं गठबंधन और समझौता करना ही एक मजबूरी के रूप में सामने आया. दक्षिण की तरह ही महाराष्ट्र कला और खेल दोनों में अग्रणी स्थान पर रहा. राज्य में हिंदी के साथ मराठी फिल्मों का प्रभाव रहा. उनके कलाकारों की सामाजिक चेतना हमेशा ही प्रबल रही. राजनीतिक परिवर्तन के रूप में नहीं हुआ. वह प्रचार और समर्थन के लिए उपयोग में लाए जाते रहे, लेकिन जनप्रतिनिधि बनने का न किसी कलाकार में साहस दिखा और न ही उन्हें आजमाने की किसी राजनीतिक दल ने कोशिश की.

# पश्चिम बंगाल में सत्ता परिवर्तन है वैचारिक बदलाव का संकेत

**ललित गर्ग**

**पश्चिम बंगाल के हालिया विधानसभा चुनाव परिणामों को केवल एक राजनीतिक दल की जीत या हार के रूप में देखना पर्याप्त नहीं होगा। यह परिणाम उस वैचारिक संघर्ष का प्रतीक बनकर उभरे हैं, जो लंबे समय से बंगाल की राजनीति के भीतर सुलग रहा था। वर्षों तक बंगाल को एक ऐसे राज्य के रूप में प्रस्तुत किया गया, जहां कथित रूप से जाति, धर्म और पहचान की राजनीति नहीं चलती, बल्कि विचारधारा, वर्ग–संघर्ष और बंगालियत की राजनीति प्रभावी रहती है। किंतु 2026 के चुनाव परिणामों ने इस स्थापित धारणा को गहराई से चुनौती दी है। यह चुनाव केवल सत्ता परिवर्तन नहीं, बल्कि सामाजिक मनोविज्ञान में आए परिवर्तन का भी संकेत है। मतदाता अब केवल भावनात्मक नारों या वैचारिक रोमांटिसिज्म के आधार पर मतदान नहीं कर रहा, बल्कि वह अपनी सांस्कृतिक पहचान, सुरक्षा, सामाजिक संतुलन और भविष्य को भी ध्यान में रख रहा है। यही कारण है कि पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की अभूतपूर्व सफलता को अनेक विश्लेषक एक प्रकार के 'सांस्कृतिक पुनर्जागरण' के रूप में देख रहे हैं।**

पिछले कुछ वर्षों में पश्चिम बंगाल की राजनीति में 'बंगाली अस्मिता' और 'हिंदू पहचान' के बीच एक वैचारिक द्वंद्व स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा था। तृणमूल कांग्रेस ने स्वयं को बंगाल की संस्कृति और क्षेत्रीय गौरव का संरक्षक बताया, जबकि भाजपा ने राष्ट्रीयता, हिंदुत्व और सांस्कृतिक चेतना को अपने राजनीतिक विमर्श का केंद्र बनाया। वास्तव में बंगाल की ऐतिहासिक चेतना कभी संकुचित नहीं रही। यह वही भूमि है जहाँ से स्वामी विवेकानंद, बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय, रवींद्रनाथ ठाकुर और नेताजी सुभाषचंद्र बोस जैसे महापुरुषों ने भारतीय राष्ट्रवाद को नई दिशा दी। 'वंदे मातरम्' का उद्घोष भी इसी भूमि से निकला। इसलिए जब बंगाल में राष्ट्रीयता और सांस्कृतिक अस्मिता की चर्चा होती है, तो वह केवल राजनीतिक मुद्दा नहीं रह जाता, बल्कि भावनात्मक और ऐतिहासिक संदर्भ भी ग्रहण कर लेता है। भाजपा ने इसी ऐतिहासिक चेतना को पुनः जागृत करने का प्रयास किया। दुर्गापूजा, रामनवमी, हनुमान जयंती और हिंदू धार्मिक प्रतीकों को लेकर जिस प्रकार की राजनीतिक बहसें पिछले वर्षों में सामने आईं, उन्होंने हिंदू समाज के एक बड़े वर्ग को यह महसूस कराया कि उसकी सांस्कृतिक अभिव्यक्तियां राजनीतिक विवाद का विषय बन रही हैं। परिणामस्वरूप एक बड़ा वर्ग अपनी पहचान के प्रश्न पर अधिक मुखर हुआ।

पश्चिम बंगाल की राजनीति लंबे समय से अल्पसंख्यक वोट बैंक के इर्द-गिर्द घूमती रही है। विपक्ष लगातार यह आरोप लगाता रहा कि ममता बनर्जी सरकार ने संतुलित शासन के बजाय तुष्टिकरण की राजनीति को बढ़ावा दिया। चाहे इमाम भत्ता का मुद्दा हो, धार्मिक आयोजनों को लेकर प्रशासनिक निर्णय हों या सीमावर्ती जिलों में बदलता जनसांख्यिकीय संतुलन-इन सभी विषयों ने धीरे-धीरे हिंदू समाज के भीतर असंतोष को जन्म दिया। यह असंतोष केवल धार्मिक नहीं था, बल्कि सामाजिक और मनोवैज्ञानिक भी था। अनेक लोगों को यह लगने लगा कि राज्य में कानून व्यवस्था और प्रशासनिक निर्णयों में निष्पक्षता का अभाव है। भाजपा ने इसी भावना को राजनीतिक रूप दिया। उसने यह संदेश देने का प्रयास किया कि उसकी राजनीति केवल चुनाव जीतने की नहीं, बल्कि 'सांस्कृतिक सुरक्षा' स्थापित करने की राजनीति है। यही कारण है कि चुनाव प्रचार के दौरान 'जय श्रीराम' जैसे नारे केवल धार्मिक उद्घोष नहीं रहे, बल्कि वे एक प्रकार के राजनीतिक प्रतिरोध और सांस्कृतिक पहचान के प्रतीक बन गए।

इस चुनाव में हिंदी भाषी मतदाताओं की भूमिका भी महत्वपूर्ण रही। पिछले कुछ वर्षों में बंगाल के औद्योगिक और शहरी क्षेत्रों में हिंदी भाषी समाज का प्रभाव बढ़ा है। यह वर्ग लंबे समय से स्वयं को राजनीतिक रूप से उपेक्षित महसूस करता रहा था। भाजपा ने इस वर्ग को संगठित करने में सफलता प्राप्त की। हालांकि इस चुनाव को केवल 'हिंदी बनाम बंगाली' के दृष्टिकोण से देखना भी उचित नहीं होगा। वस्तुतः भाजपा ने हिंदी भाषी और स्थानीय हिंदू समाज के बीच एक वैचारिक सेतु बनाने का प्रयास किया। उसने यह संदेश दिया कि सांस्कृतिक राष्ट्रवाद क्षेत्रीय सीमाओं से ऊपर है। यही कारण है कि बंगाल के अनेक क्षेत्रों में भाजपा को व्यापक समर्थन मिला। पश्चिम बंगाल कभी वामपंथ का सबसे मजबूत गढ़ माना जाता था। वर्ग-संघर्ष, श्रमिक राजनीति और धर्मनिरपेक्षता की विचारधारा यहाँ की राजनीतिक संस्कृति का हिस्सा रही। लेकिन समय के साथ यह विचारधारा जमीन से कटती चली गई। वामपंथी दल जनता की नई आकांक्षाओं, युवाओं की उम्मीदों और बदलते सामाजिक यथार्थ को समझने में असफल रहे। आज का युवा केवल वैचारिक भाषण नहीं चाहता- वह रोजगार, सुरक्षा, सांस्कृतिक सम्मान और विकास चाहता है। यही कारण है कि वामपंथ धीरे-धीरे राजनीतिक हाशिये पर पहुँच गया। भाजपा ने इस खाली स्थान को भरते हुए स्वयं को एक वैकल्पिक शक्ति के रूप में स्थापित किया। पश्चिम बंगाल में भाजपा की सफलता को अनेक लोग डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सपनों से भी जोड़कर देख रहे हैं। डॉ. मुखर्जी केवल एक राजनेता नहीं थे, बल्कि भारतीय एकता और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के प्रबल समर्थक थे। उन्होंने विभाजनकारी राजनीति का विरोध किया और राष्ट्रीय एकात्मता को सर्वोपरि माना। बंगाल की राजनीति में भाजपा का उभार कहीं न कहीं उसी विचारधारा की पुनर्स्थापना के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है। यह संदेश देने का प्रयास किया जा रहा है कि बंगाल अब केवल क्षेत्रीय राजनीति का केंद्र नहीं रहेगा, बल्कि वह पुनः राष्ट्रीय चेतना का नेतृत्व करेगा। सबसे बड़ा प्रश्न यही है कि क्या इन चुनाव परिणामों को 'हिंदू पुनर्जागरण' कहा जा सकता है? इसका उत्तर पूरी तरह सरल नहीं है, किंतु इतना स्पष्ट है कि हिंदू समाज के भीतर अपनी सांस्कृतिक पहचान को लेकर एक नई जागरूकता अवश्य उत्पन्न हुई है। यह जागरूकता केवल धार्मिक अनुष्ठानों तक सीमित नहीं, बल्कि राजनीतिक अभिव्यक्ति का भी रूप ले रही है। हालांकि किसी भी लोकतंत्र में यह आवश्यक है कि सांस्कृतिक चेतना सामाजिक सौहार्द और संवैधानिक मूल्यों के साथ संतुलित रहे। यदि पहचान की राजनीति संवाद और समावेशिता के बजाय टकराव का रूप लेती है, तो वह लोकतंत्र के लिए चुनौती बन सकती है। इसलिए बंगाल के इस परिवर्तन को केवल विजय उत्सव के रूप में नहीं, बल्कि एक सामाजिक चेतावनी और आत्ममंथन के अवसर के रूप में भी देखा जाना चाहिए।



पश्चिम बंगाल की राजनीति अब एक नए मोड़ पर खड़ी है। भाजपा की जीत ने यह स्पष्ट कर दिया है कि बंगाल अब राजनीतिक रूप से 'अपवाद' नहीं रहा। यहाँ भी वही प्रश्न महत्वपूर्ण हो गए हैं जो देश के अन्य हिस्सों में प्रभावी हैं- सांस्कृतिक पहचान, राष्ट्रवाद, सुरक्षा, विकास और सामाजिक संतुलन। लेकिन सत्ता परिवर्तन के साथ जिम्मेदारियाँ भी आती हैं। यदि भाजपा वास्तव में बंगाल में एक नए युग की शुरुआत करना चाहती है, तो उसे केवल वैचारिक नारों तक सीमित नहीं रहना होगा। उसे रोजगार, उद्योग, शिक्षा, कानून व्यवस्था और सामाजिक समरसता जैसे मुद्दों पर ठोस कार्य करना होगा। बंगाल की धरती ने हमेशा भारत को विचार, साहित्य, संस्कृति और राष्ट्रवाद की नई दिशा दी है। आज फिर इतिहास एक नए मोड़ पर खड़ा है। आने वाला समय तय करेगा कि यह परिवर्तन केवल राजनीतिक लहर साबित होगा या वास्तव में बंगाल के सांस्कृतिक और वैचारिक पुनर्जागरण का आधार बनेगा।

# संजय राउत ने डोनाल्ड ट्रंप को पत्र में जो कुछ लिखा है उससे विपक्षी नेताओं की देशभक्ति पर सवाल उठ गया है

**नीरज कुमार दुबे**

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के नतीजों के बाद विपक्षी गठबंधन के कई नेताओं की प्रतिक्रियाएं अब केवल राजनीतिक असहमति तक सीमित नहीं रह गई हैं, बल्कि वह भारत की लोकतांत्रिक संस्थाओं और संवैधानिक व्यवस्था पर सीधे सवाल खड़े करती दिखाई दे रही हैं। शिवसेना यूबीटी के नेता संजय राउत द्वारा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को पत्र लिखना और ममता बनर्जी द्वारा अंतरराष्ट्रीय अदालत जाने की चेतावनी देना इसी प्रवृत्ति का ताजा उदाहरण है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या देश के आंतरिक मामलों को विदेशी शक्तियों और वैश्विक मंचों तक ले जाना लोकतंत्र की रक्षा है या फिर भारत की छवि को नुकसान पहुंचाने का प्रयास?

हम आपको बता दें कि शिवसेना यूबीटी सांसद संजय राउत ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को लिखे अपने पत्र में पश्चिम बंगाल चुनावों को भय, दबाव और कथित धांधली से प्रभावित बताया। उन्होंने चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठाए और केंद्रीय बलों की तैनाती को लेकर भी आरोप लगाए। हैरानी की बात यह है कि यह सब उस समय कहा जा रहा है जब भारत का चुनाव आयोग विश्व की सबसे विश्वसनीय और विशाल चुनावी संस्थाओं में गिना जाता है। यदि किसी दल को चुनाव परिणाम स्वीकार नहीं हैं, तो उसके लिए न्यायपालिका, जन आंदोलन और संवैधानिक प्रक्रियाएं मौजूद हैं। फिर विदेशी राष्ट्रपति को पत्र लिखने की आवश्यकता क्यों पड़ी?

क्या भारत इतना कमजोर लोकतंत्र है कि यहां के चुनावों का फैसला विदेशी नेताओं की राय से तय होगा? क्या विपक्ष यह संदेश देना चाहता है कि भारत की संवैधानिक संस्थाओं पर उसे भरोसा नहीं है? यदि हर हार के बाद अंतरराष्ट्रीय मंचों पर जाकर देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था को कठघरे में खड़ा किया जाएगा, तो इससे दुनिया में भारत की छवि पर क्या असर पड़ेगा?

इस पूरे विवाद में ममता बनर्जी का बयान भी कम गंभीर नहीं है। चुनाव हारने के बाद उनका यह कहना कि वह अंतरराष्ट्रीय अदालत तक जाएंगी, कई सवाल खड़े करता है। क्या किसी राज्य के चुनावी परिणाम को लेकर संयुक्त राष्ट्र की न्यायिक संस्था में जाने की बात करना भारत की संप्रभुता पर प्रश्नचिह्न लगाने जैसा नहीं है? जब देश का संविधान, सर्वोच्च न्यायालय और चुनाव आयोग मौजूद हैं, तब विदेशी अदालतों की चर्चा क्यों?

दरअसल यह वही राजनीति है जिसमें जब तक सत्ता हाथ में रहे तब तक संस्थाएं निष्पक्ष लगती हैं, लेकिन हार मिलते ही चुनाव आयोग, सुरक्षा बल, न्यायपालिका और लोकतंत्र सब कटघरे में खड़े कर दिए जाते हैं। यह प्रवृत्ति केवल राजनीतिक असंतोष नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में जनता के विश्वास को कमजोर करने का प्रयास भी मानी जा सकती है।

सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि क्या विपक्षी दल अपनी राजनीतिक हार को स्वीकार करने का साहस खो चुके हैं? क्या लोकतंत्र केवल तब तक सही है जब तक परिणाम उनके पक्ष में आएं? यदि हर चुनाव के बाद विदेशी शक्तियों से हस्तक्षेप की मांग की जाएगी, तो क्या यह देश की आंतरिक संप्रभुता के खिलाफ कदम नहीं माना जाएगा?

भारत का लोकतंत्र दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। यहां सत्ता परिवर्तन चुनावों के माध्यम से होता है, अदालतें स्वतंत्र हैं और मीडिया पूरी तरह सक्रिय है। ऐसे में विदेशी नेताओं और अंतरराष्ट्रीय मंचों को भारत के घरेलू राजनीतिक विवादों में घसीटना न केवल राजनीतिक अपरिपक्वता दर्शाता है, बल्कि यह देश की गरिमा को भी ठेस पहुंचाता है। राजनीतिक मतभेद लोकतंत्र का हिस्सा हैं, लेकिन देश की छवि और संस्थाओं की विश्वसनीयता से खिलवाड़ किसी भी स्थिति में उचित नहीं ठहराया जा सकता। देखा जाये तो लोकतंत्र में हार और जीत दोनों को स्वीकार करना ही सबसे बड़ी लोकतांत्रिक मर्यादा होती है। लेकिन संजय राउत जैसे लोग जोकि खुद करोड़ों के घोटाले के आरोप से जुड़े हैं और जेल काट चुके हैं, वह भारत के लोकतंत्र की शुचिता और जनमत की ईमानदारी पर सवाल उठा रहे हैं। यहां एक सवाल यह भी उठता है कि पश्चिम बंगाल में भाजपा की जीत पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दी गयी बधाई विपक्ष को इतनी चुभ क्यों रही है?

साथ ही संजय राउत भारतीय लोकतंत्र को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से शिकायत कर रहे हैं, लेकिन उन्हें यह भी देखना चाहिए कि स्वयं अमेरिका में लोकतंत्र की स्थिति को लेकर कितने गंभीर सवाल उठ चुके हैं। दुनिया ने देखा कि वर्ष 2020 के अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में हार के बाद डोनाल्ड ट्रंप ने चुनाव परिणाम स्वीकार करने से इंकार कर दिया था। भवन कैपिटल हिल पर हमला तक कर दिया था, जिसे अमेरिकी लोकतंत्र के इतिहास का सबसे काला अध्याय माना गया। उस घटना में हिंसा हुई।

# क्या सचमुच सबके लिए एक जैसा होता है 'घर'? रिश्तों, जिम्मेदारियों और बराबरी पर उठते जरूरी सवाल 7 दुनिया मेरे आगे

**घर हम सबके लिए एक 'व्यवस्था' का नाम है। किसी भी व्यक्ति के लिए घर केवल भावनात्मक जुड़ाव से महत्त्वपूर्ण नहीं होता, बल्कि सुरक्षा और निर्धारित व्यवस्था की वजह से खास बनता है। घर सबके लिए एक ऐसी जगह है, जहां हम अपनी जैविक घड़ी को व्यवधान दिए बिना चला सकते हैं, हमें जरूरतों की फिक्र कम रहती है, रूठना हमारा अधिकार है और मांगी हुई चीज अधिकतर मिल जाती है। इस तरह घर केवल भावना का प्रश्न नहीं है, बल्कि यह प्रत्येक व्यक्ति के लिए ऐसी आकांक्षीय स्थिति का प्रतीक है, जहां अपनी मर्जी से चीजों को चलाया जा सकता है।**

**मोनिका भाम्भू**

'घर' शब्द हमारे लिए ऐसी यादों से जुड़ा है, जिसमें अपनों का साथ और प्रेम मिला होता है। जहां हमारे आराम के लिए जगह होती है। भले ही हम कितने ही मकान बदल लें, घर बदल लें, लेकिन अधिकतर लोगों के लिए घर का अर्थ ऐसा परिवेश है, जिसमें उनका बचपन गुजरा होता है, जिसमें वे बड़े हुए होते हैं, क्योंकि इसी समय में हम अनुभवों को प्रथमतया और तीव्रता से महसूस करना सीखते हैं। इस प्रक्रिया में जो परिवेश और व्यवस्था हमारे साथ चलती है, वह घर है। इसलिए घर बचपन की सबसे मूलभूत जरूरतों में से एक होती है।

घर एक ऐसी जगह है, जहां इंसान तैयार किए जाते हैं। परवरिश के साथ अपनी आदतों और प्रवृत्तियों को मनुष्य यहीं से ग्रहण करता है। घर केवल सुविधाओं के लिए नहीं होता, बल्कि यह सीखने के लिए और बहुत कुछ अर्जित करने के लिए भी होता है। यह केवल हमारे सुविधाजनक घेरे तक सीमित नहीं होता, यह मनमाफिक माहौल न मिलने पर अनुकूलन के लिए तैयार भी करता है।

यह ध्यान रखना चाहिए कि घर सबके लिए एक जैसा नहीं होता। बच्चों के लिए घर के जो मायने हैं, वही माता-पिता के लिए नहीं रहते। घर नाम की जिस व्यवस्था के बारे में इतना कुछ कहा जाता है, वह बच्चों वाले अर्थ का 'घर' है। मां-पिता के लिए तो यह घर जिम्मेदारी बन जाता है। इस व्यवस्था को चलाने में जो लोग अपनी ऊर्जा खर्च करते हैं, उनके लिए 'घर' का मतलब बेफिक्री नहीं होकर हाड़तोड़ मेहनत है। वे बच्चों के लिए घर को घर बनाए रखने के लिए सदैव प्रयासरत और चिंतित रहते हैं।



इन सबमें घर नाम की व्यवस्था प्रत्येक सदस्य के साथ कैसे अलग-अलग व्यवहार करती है, इस पर गौर करना जरूरी है। घर एक लड़की और लड़के के लिए भी बराबर नहीं होता। यह बड़े और छोटे के लिए एक जैसा नहीं होता। तमाम तरह के भेदभावों और पूर्वाग्रहों को हम अपने घरों से ही ग्रहण करते हैं। हम यहां से अघोषित शोषण की एक ऐसी परंपरा के अंग हो जाते हैं, जिसमें अधिकतर पुरुष मुखिया होते हैं। उनकी मर्जी सबकी मर्जी होती है और महिलाओं को काम करते रहने और मुंह बंद रखने के लिए बाध्य होना पड़ता है। हमें घर की एक सामाजिक व्यवस्था की तरह छानबीन करनी चाहिए। घर का महिमामंडन जितना होता है, उसमें स्मृति अधिक, तर्क कम होता है। जो मां घर को घर बनाती है, उनके उस घर में दूसरी महिलाओं को नियंत्रित करने के अलावा क्या अधिकार होते हैं? दूसरी महिलाओं को नियंत्रित करते हुए कोई भी महिला किसका प्रतिनिधित्व कर रही होती है? स्मृतियों के बड़े घर में महिलाओं की समान अधिकारों वाले व्यक्ति के रूप में कोई जगह नहीं होती। वे अक्सर परंपरा निभाने वाले प्रवाह का अंग भर होकर रह जाती हैं। हमारे आदर्श और सपनों के घर में किसके लिए कितनी जगह है, इस पर बहस क्यों नहीं होनी चाहिए? एक के विरोध में या किसी की जगह दूसरे को खड़ा करने से घर नहीं बनते। घर अलग-अलग लोगों के एक साथ होने से बनता है। अनिश्चितता से भरी आज की दुनिया में 'घर' की अवधारणा एक गहन परिवर्तन से गुजर रही है। 'घर', जो सदैव से भौतिक आश्रय और सुरक्षा रहा था, आज की पूंजीवादी व्यवस्था में बहुत से लोगों के लिए स्थायित्व का प्रतीक भी बन गया है। एक ऐसी जगह, जहां कभी भी लौटा जा सकता है। ऐसा स्थान, जो हमारे साथ खड़ा होने को प्रस्तुत रहता है। आवासीय सुरक्षा के तौर पर अंतरराष्ट्रीय बहसों में घर सदैव से केंद्र में रहा है, लेकिन अब यह सोच बदल रही है। शहरी दुनिया के वैश्विक रुझान दिखाते हैं कि 'घर' अब केवल निवास स्थान भर नहीं रह गया है, बल्कि उसका एक रणनीतिक, मनोवैज्ञानिक और सांस्कृतिक पक्ष भी है। समाज जैसे-जैसे शहरीकरण, डिजिटलीकरण और पर्यावरणीय चुनौतियों से जूझ रहे हैं, 'घर' का अर्थ विस्तारित हो रहा है। यह परिवार के लिए एक नींव है, जोखिमों के खिलाफ एक सुरक्षा है और एक ऐसा प्रतीक है, जहां हम खुद को अरक्षित महसूस करने से बच जाते हैं। घर को हमारे लिए विशेष बनाने में उसमें निहित सुविधाओं और भौतिक संसाधनों की भी बड़ी भूमिका होती है। संबंधों के बदलते आधार के मद्देनजर हमें घर नाम की व्यवस्था के बारे में विस्तृत चिंतन करना चाहिए। यह सही है कि हमें घर की अवधारणा को विस्तृत करने की जरूरत है। साथ ही उसमें निजी के लिए भी जगह बनानी होगी। आज निजता को मान्यता दिए बगैर कोई सामूहिकता संभव नहीं हो सकती। घर अब रूढ़ियों से नहीं, सम्मान, स्वीकार्यता और बराबरी की अवधारणा से ही टिक सकते हैं, वरना वे आधुनिकता की आंधी को झेल नहीं पाएंगे। कुंठारहित संबंधों और घरों के लिए दूसरे के व्यक्तित्व की स्वीकार्यता प्राथमिक शर्त है। 'घर' को भावना और स्मृति से अलग करके एक व्यवस्था की तरह सोचे जाने की जरूरत है। ऐसी व्यवस्था, जिसमें जितनी विशेषताएं हैं, उतनी ही कमियां भी हैं। हमें उन कमियों की तरफ ध्यान देना चाहिए। तभी घर उसमें रहने वाले सभी सदस्यों के लिए 'घर' बन सकेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### अभाविप ने मनाई महाराणा प्रताप जी की जयंती

**फारबिसगंज (नबिटासं)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद फारबिसगंज इकाई द्वारा वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जी की जयंती श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन नगर मंत्री आयुष भगत के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर परिषद कार्यकर्ताओं ने महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनके शौर्य, त्याग, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति को याद किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला संयोजक शिवम शाह ने कहा कि महाराणा प्रताप केवल एक वीर योद्धा ही नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, आत्मसम्मान और संघर्ष के प्रतीक थे। उनका जीवन युवाओं को कठिन परिस्थितियों में भी अपने सिद्धांतों पर अडिग रहने की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य शैलेश राय, कॉलेज अध्यक्ष सूर्यनंदन ऋषिदेव,यश कुमार, अभिनव आनंद, दिनेश कुमार, आदित्य झा, अभिषेक शर्मा सहित दर्जनों कार्यकर्ता एवं छात्र मौजूद रहे। सभी ने महाराणा प्रताप के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने तथा राष्ट्रहित में कार्य करने का संकल्प लिया।



### बेरोजगार युवाओं पर लाठी बरसाने वाली सरकार लोकतंत्र की दुश्मन इन्तेखाब आलम

**अररिया (नबिटासं)।** पटना में शिक्षक अभ्यर्थियों पर हुए बर्बर लाठीचार्ज की अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य इन्तेखाब आलम ने तीखी निंदा करते हुए कहा कि बिहार में बेरोजगारी अब विस्फोटक स्थिति में पहुँच चुकी है। लाखों युवा रोजगार और अपने अधिकार की मांग को लेकर सड़कों पर उतरने को मजबूर हैं, लेकिन सरकार उनकी आवाज सुनने के बजाय पुलिस की लाठियों से उन्हें कुचलने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि पटना में शांतिपूर्ण ढंग से अपनी मांग रख रहे शिक्षक अभ्यर्थियों, छात्र-छात्राओं और युवाओं पर जिस तरह पुलिस ने बर्बरता दिखाई, महिलाओं तक को सड़कों पर पीटा गया, वह लोकतंत्र के माथे पर काला धब्बा है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर सरकार ने दमनकारी नीति बंद नहीं की और युवाओं की मांगों पर गंभीरता से विचार नहीं किया, तो आने वाले समय में जनता सड़क से लेकर सदन तक इस सरकार के खिलाफ बड़ा आंदोलन खड़ा करेगी। उन्होंने मांग की कि शिक्षक अभ्यर्थियों पर लाठीचार्ज की न्यायिक जांच कराई जाए, दोषी पुलिस अधिकारियों पर तत्काल कार्रवाई हो तथा बेरोजगार युवाओं की मांगों का सम्मानपूर्वक समाधान निकाला जाए।



### रवीन्द्र नाथ टैगोर का जयंती समारोह

**अररिया (नबिटासं)।** मोहिनी देवी मेमोरियल स्कूल अररिया की वंदना सभा में कवि गुरु रविंद्र नाथ टैगोर की जयंती मनाई गई। समारोह का उद्घाटन निदेशक महोदय डॉ. संजय प्रधान जी के साथ अन्य वरीय शिक्षकों द्वारा दीप प्रज्वलन से हुआ। निदेशक महोदय ने अपने उद्बोधन में कवि गुरु को विश्व गुरु, विश्व कवि,सफल दार्शनिक, संगीतकार, नाटककार, लेखक और साहित्यकार कहा। विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक अर्जुन कुमार झा ने कवि गुरु के जीवन पर प्रकाश डालते हुए जन्म, अध्ययन अध्यापन, दर्शन और संगीत से जुड़े घटनाओं का वर्णन किया। "गीतांजलि" को श्रेष्ठ रचना के रूप में 1913 में साहित्य का नोबेल पुरस्कार प्राप्त हुआ। शिक्षित घराने में जन्मे लेकर शिक्षा के महत्व का पूर्ण स्थान देते हुए उन्होंने बंगाल में शांति निकेतन शिक्षण संस्थान की स्थापना की। इसी कड़ी में कई छात्रों ने भी अपना भाषण दिया और उनके जीवन चरित्र तथा कृतियों पर प्रकाश डाला। समारोह के अंत में वरीय शिक्षक सिविक घोष जी ने उनके अमर कृति "शांति निकेतन" की चर्चा करते हुए अपने को उसका भाग्यशाली छात्र भी माना। चुकी उनकी शिक्षा दीक्षा भी इस संस्थान में हुई है। आज वह विश्व भारती विद्यालय के रूप में भी जाना जाता है। इस समारोह में सभी शिक्षक शिक्षिकाओं भी उपस्थित थे। सभी शिक्षकों ने छात्रों के साथ पुष्पार्चन किया। बाल शिशुओं आराध्या कुमारी, सर्वश्री बोस,प्रियांशी कुमारी, दिव्यंका कुमारी, कनिष्का राय,सृष्टि सुमन,गुड्डू चौधरी, प्रतीक्षा कुमारी,आदर्श कुमार,अभिषेक कुमार सोम कुमार, प्रशांत कुमार, कार्तिक कुमार, बंटी कुमार,आदित्य कुमार, वैभव कुमार ने रवींद्र संगीत पर नृत्य एवं गीत प्रस्तुत किया। बाल नृत्य और बांग्ला गान ने समा बांध बच्चों को दिया। राष्ट्रगान के साथ समारोह का समापन हुआ।



### सीमा सुरक्षा को लेकर बैठक

**अररिया (नबिटासं)।** भारत-नेपाल के अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर दोनों देश के सुरक्षा अधिकारी व जवान काफी सतर्क हैं। इसी कड़ी में एसएसबी के कार्यवाहक कमांडेंट पीएन सिंह की पहल पर एसएसबी 52वीं वाहिनी लेटी कंपनी तथा नेपाल एपीएफ धानापट्टी के अधिकारियों ने सीमा प्रबंधन तथा सुरक्षा से संबंधित कई अहम बिंदुओं पर चर्चा की। साथ ही लेटी कंपनी के इंस्पेक्टर राजवीर मीणा तथा नेपाल एपीएफ धानापट्टी के सब इंस्पेक्टर राम नारायण यादव की संयुक्त टीम में करीब एक दर्जन जवान शामिल हुए। जवानों के साथ संयुक्त पेट्रोलिंग कर नो मेन्सलेंड पर अवस्थित पीलरों का जायजा लिया गया। वहीं सीमा पर सभी संदिग्धों पर सुरक्षा कर्मियों की पैनी नजर के साथ तस्करी सहित अन्य गतिविधियों पर दोनो देश के सुरक्षा कर्मी सतर्कता के साथ नजर बनाए हुए है। सीमा पर सभी आनेजाने वालो की बारीकी से जांच की जा रही थी। इसके बाद दोनो देश के सुरक्षा अधिकारी ने सीमा स्तंभ संख्या 162 से 163 के लगभग चार किमी के एरिया में संयुक्त गश्ती के द्वारा भारत-नेपाल सीमा सुरक्षा का जायजा लिया गया। सीमा की सुरक्षा को लेकर अराजक तत्व से निपटने, सीमा से अवैध सामानों की तस्करी व रोकथाम तथा दोनों देश की सुरक्षा की दृष्टिकोण से संभावित खतरों से बचने के लिए सीमा की महत्वपूर्ण जानकारियां एक दूसरे से साझा की।



### नाबालिग के साथ दुष्कर्म के आरोपी को भेजा जेल

**मनसाही/कटिहार (नबिटासं)।** मनसाही पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर मनसाही के फुलहरा से मो. हैदर को गिरफ्तार किया। मो. हैदर मनसाही थाना कांड संख्या 87/26 के तहत पोक्सो एक्ट का आरोपी हैं। जिसे मेडिकल जांच करा कर जेल भेज दिया।

### बिजली चोरी के आरोप में सात लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी

**कदवा /कटिहार (नबिटासं)।** प्रखंड क्षेत्र में विद्युत विभाग की छापेमारी में अवैध रूप से विद्युत उपभोग करते सात लोगों को पकड़ा गया है। मामले को लेकर विद्युत विभाग की ओर से कदवा थाना में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज करायी गई है।विद्युत कनीय अभियंता राजनंदन कुमार पासवान ने बताया कि प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों में छापेमारी की गईछापेमारी के दौरान कई उपभोक्ताओं को बकाया राशि के कारण विच्छेदित रहने के बावजूद मीटर से पहले तार जोड़कर बिजली का उपयोग करते पाया गया।उन्होंने बताया कि प्रखंड क्षेत्र के मोहम्मदपुर, कुरसेल और कदवा पंचायत क्षेत्रों में अभियान चलाकर कुल सात लोगों को बिजली चोरी कर उपयोग करते पकड़ा गया। इस क्रम में अमित कुमार शर्मा, मुनिया देवी, कमलेश शर्मा, विशेश्वर केवट,हीरा शर्मा, मिंटू रविदास एवं मीणा देवी के कृत्य से विभाग को हजारों रुपये के राजस्व की क्षति हुई है।उन्होंने बताया कि जुमार्ना लगाते हुए कुल बकाया राशि वसूली को लेकर प्राथमिकी दर्ज कराई गयी है।वहीं अवैध रूप से जोड़े गए पीवीसी तार को जब्त कर लिया गया है।

### फेसबुक पर आपत्तिजनक पोस्ट करना पड़ा महंगा

**बरारी /कटिहार (नबिटासं)।** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक पर देश के नेताओं के संबंध में कथित रूप से आपत्तिजनक एवं अनर्गल टिप्पणी करना एक युवक को महंगा पड़ गया। मामले में कार्रवाई करते हुए सेमापुर पुलिस ने अमीनाबाद निवासी युवक सुनील कुमार साह को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। जानकारी के अनुसार युवक द्वारा फेसबुक पर सुनील सरकार नाम से आईडी बनाकर देश के नेताओं के खिलाफ अनाप-शनाप बातें लिखी जा रही थीं।

# सीमेंट से लदे ट्रैक्टर ने बच्चे को कुचला, हालत गंभीर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**प्राणपुर (कटिहार)।** प्राणपुर थाना क्षेत्र के सिरण्डा गांव में दोपहर बाद 10 वर्षीय नूर सलाम नमाज पढ़ कर मस्जिद से घर आ रहा था। इसी बीच सड़क पार करने के दौरान सीमेंट से लदा ट्रैक्टर ने बच्चे को कुचल डाला। सिरण्डा चौक पर घटना को देख ग्रामीणों ने घायल बच्चे को इलाज हेतु तुरंत मेडिकल कॉलेज कटिहार भेजा। ग्रामीणों ने घटना की जानकारी प्राणपुर पुलिस को दी। जानकारी मिलते ही प्राणपुर थानाध्यक्ष विजय प्रकाश ने दलबल के साथ घटनास्थल पहुंचकर आक्रोशित ग्रामीणों को रोड जाम करने से मना किया तथा घायल बच्चों के इलाज को लेकर तत्परता दिखाया।



इधर जानकारी मिली कि मेडिकल कॉलेज घायल को मैक्स पूर्णिया रेफर किया। घायल बच्चे के पिता मोहम्मद निजाम ने बताया कि 10 वर्षीय मेरा बेटा मदरसा में पढ़ता था। मस्जिद में नमाज पढ़ कर घर आ रहा था। सिरण्डा चौक के समीप सीमेंट से लदा ट्रैक्टर ने कुचल डाला। बच्चा मैक्स पूर्णिया में जीवन मौत से जूझ रहा है। घटना के बाद गांव में किसी तरह का अप्रिय घटना ना हो इसके लिए प्राणपुर थानाध्यक्ष, जदयू प्रखंड अध्यक्ष लड्डू सिंह, बस्तौल पंचायत के मुखिया मुजाहिद आलम, मुखिया प्रतिनिधि प्रमोद सिंह, समाजसेवी अताउर रहमान, मोहम्मद कादिर सहित दर्जनों लोग शांति समिति की बैठक भी की। बैठक में सीमेंट से लदा ट्रैक्टर को किसी तरह की क्षति न हो एवं बच्चे का इलाज समुचित ढंग से हो सके आदि विषयों पर विस्तार पूर्वक चर्चा हुई। थानाअध्यक्ष ने बताया कि घटना के बाद माहौल तनावपूर्ण था जिसे लेकर घटनास्थल के समीप दो चौकीदार प्रतिनियुक्त किया गया है। लिखित आवेदन के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# ट्रेन पर पथराव करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार, 21 अवैध हॉकर भी धराये

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कटिहार।** कटिहार रेल क्षेत्र में रेलवे सुरक्षा बल की लगातार कार्रवाई से अपराधियों और अवैध गतिविधियों में शामिल लोगों के बीच हड़कंप मचा हुआ है। एक ओर चलती ट्रेन पर पथराव करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। वहीं दूसरी ओर विशेष की खिड़की का शीशा क्षतिग्रस्त हो गया था। हालांकि मोबाइल छीनने में वे सफल नहीं हो सके और घटना के बाद मौके से फरार हो गए थे। जिसकी आरपीएफ द्वारा लगातार खोज की जा रही थी। वही आरपीएफ टीम ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर रेलवे न्यायालय कटिहार में पेश किया, जहां रेलवे



अभियान चलाकर 4 महिलाओं सहित 21 अवैध हॉकरों को पकड़कर रेलवे कोर्ट में पेश किया गया। जानकारी के अनुसार गुप्त सूचना पर सब इंस्पेक्टर मुक्तिशील के नेतृत्व में आरपीएफ पोस्ट कटिहार ईस्ट की टीम ने कटिहार एवं मनिया रेलवे स्टेशन के बीच किलोमीटर संख्या 2/6-7 के पास घेराबंदी कर विशेष अभियान चलाया गया। जिस दौरान रेलवे ट्रैक के पास संदिग्ध स्थिति में घूम रहे तीन युवकों रवि दास,चंदन पासवान एवं विष्णु कुमार महालदार को पकड़ लिया गया।

पकड़े गए तीनों कटिहार जिला के निवासी है। जिनके द्वारा स्वीकार किया कि करीब एक माह पूर्व उन्होंने ट्रेन संख्या 15484 डाउन सिक्किम महानंदा एक्सप्रेस में यात्रा कर रहे एक यात्री का मोबाइल छीनने का प्रयास किया था। घटना के दौरान मनिया कटिहार रेलखंड के बीच चलती ट्रेन पर पत्थर फेंका गया। जिससे एसी कोच मजिस्ट्रेट श्री गौरव द्वारा पकड़े गए तीनों लोगों को जेल भेज दिया। दूसरी ओर कटिहार स्टेशन पर आरपीएफ ईस्ट पोस्ट कमांडर विक्रम कुमार के नेतृत्व में शनिवार को अवैध हॉकरों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान 4 महिलाओं सहित कुल 21 अवैध हॉकरों को पकड़ा गया। सभी के विरुद्ध रेलवे एक्ट के तहत मामला दर्ज कर रेलवे कोर्ट में प्रस्तुत किया गया। जहां रेलवे मजिस्ट्रेट श्री गौरव ने सभी आरोपियों पर आर्थिक दंड लगाया। बाद में जुमार्ना राशि जमा करने के उपरांत सभी को मुक्त कर दिया गया। आरपीएफ की लगातार कार्रवाई से रेलवे स्टेशन एवं ट्रेनों में अवैध गतिविधियों में शामिल लोगों के बीच भय का माहौल देखा जा रहा है। आरपीएफ ईस्ट पोस्ट कमांडर विक्रम कुमार ने बताया कि यात्रियों की सुरक्षा एवं रेलवे संपत्ति की रक्षा के लिए रेल में अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

# जिला व्यवहार न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कटिहार कोर्ट ।** जिला व्यवहार न्यायालय परिसर के एडीआर भवन में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष रणवीर सिंह , जिलाधिकारी आशुतोष द्विवेदी, पुलिस अधीक्षक शिखर चौधरी तथा अन्य पदाधिकारियों ने की।




इस अवसर पर विभिन्न प्रकार के लंबित मामलों का आपसी सुलह एवं समझौते के आधार पर निष्पादन किया गया। लोक अदालत में न्यायिक पदाधिकारियों, अधिवक्ताओं एवं संबंधित पक्षकारों की उपस्थिति में मामलों के त्वरित निष्पादन हेतु आवश्यक कार्रवाई की गई। विधिक प्राधिकार के सचिव कमलेश देउवा ने बताया कि मामले मे सेटलमेंट के लिए न्यायिक दंडाधिकारी के सोलह बेंच का गठन किया गया था। जिसमें सुलहनीय वाद का निपटारा किया गया। चालान जुमार्ना भरने के लिए आमजनों को पचास फीसदी की छुट दी गयी ।

## अंचल कार्यालय में साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मनसाही (कटिहार)।** अंचल कार्यालय मनसाही के सभागार में शनिवार को साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस मौके पर अंचलाधिकारी मोहम्मद इस्माइल ने बताया कि प्रखंड क्षेत्र के जमीन से संबंधित विवाद को निपटारे के लिए कुल सात आवेदन पड़े। इसमें दोनों पक्षों की उपस्थिति में कुल पांच आवेदन का ऑन द स्पॉट निपटारा कर दिया गया। वहीं दो आवेदन का निष्पादन नहीं हो सका। अगले शनिवार को दोनों आवेदन की सुनवाई होगी। इस अवसर पर क्षेत्र के लोग मौजूद थे।

# लायंस क्लब कटिहार की ओर से मुफ्त नेत्र जांच और पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कटिहार।** लायंस क्लब कटिहार की ओर से स्कूली बच्चों एवं अभिभावकों का मुफ्त नेत्र जांच शिविर का आयोजन आदर्श आवासीय मध्य विद्यालय शादपुर रजवाड़ा में किया गया। क्लब के अध्यक्ष लायन काजल महासेठ ने बताया कि इस शिविर में स्कूली बच्चों एवं अभिभावकों के नेत्र की जांच की गयी। क्लब के पीआरओ लायन प्रिया गुप्ता ने बताया कि शिविर में चिन्हित मोतियाबिंद पाए जाने वाले 12 मरीज का ऑपरेशन भी कटिहार लायंस हॉस्पिटल मे मुफ्त किया जाएगा। क्लब के पूर्व अध्यक्ष सह हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेटर लायन पंकज पूर्वे ने बताया कि इस शिविर मे 200 से अधिक बच्चों का जांच किया गया। उन्होंने कहा कि इस मौके पर विद्यालय परिसर में 40 वृक्ष का वृक्षारोपण भी किया गया। उन्होंने कहा कि भूजल का संरक्षण और वनीकरण के लिए जरूरी है कि हम ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाएं। प्रोजेक्ट चेयरपर्सन लायन हंशु अग्रवाल डालमिया ने कहा कि हर साल अलग मौके पर संस्था द्वारा पेड़ लगाए जाते हैं। उन्होंने कहा कि लोगों को प्रदूषण, वनों की कटाई और ग्लोबल वार्मिंग के खतरों के बारे में शिक्षित करने हेतु जागरूकता कार्यक्रम भी चलाया जाना चाहिए।

# निशांत कुमार का राजनीति में आना सुखद एवं उत्साहवर्धक : डॉ. एसके सुमन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कटिहार।** जनता दल यू के वरिष्ठ नेता डॉ. एसके सुमन ने इंजीनियर निशांत कुमार के सक्रिय राजनीतिक जीवन में प्रवेश को बिहार की राजनीति के लिए एक ऐतिहासिक, सकारात्मक एवं दूरगामी पहल बताया है। उन्होंने कहा कि यह केवल एक राजनीतिक शुरूआत नहीं, बल्कि बिहार में नई सोच, युवा नेतृत्व, आधुनिक दृष्टिकोण और विकास की राजनीति को नई मजबूती देने वाला क्षण है।डॉ. सुमन ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने वर्षों से बिहार को सुशासन, विकास, सामाजिक न्याय और जनकल्याण की दिशा में नई पहचान दिलाई है। आज बिहार जिस विकास मॉडल के लिए पूरे देश में चर्चा का विषय बना है, उसमें नीतीश कुमार की दूरदर्शी सोच, मजबूत इच्छाशक्ति एवं जनहितकारी नीतियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। अब निशांत कुमार जी के सक्रिय राजनीति में आने से इस विकास यात्रा को नई गति एवं नई ऊर्जा मिलेगी।



उन्होंने कहा कि जदयू कार्यकर्ता हमेशा से ही पार्टी नेतृत्व के निर्णयों के साथ मजबूती से खड़े रहे हैं। निशांत कुमार के आगमन से पार्टी के युवा कार्यकताओं, छात्रों एवं आम समर्थकों में नया जोश और उत्साह देखने को मिल रहा है। बिहार की नई पीढ़ी उन्हें एक शिक्षित, सरल, संवेदनशील एवं आधुनिक सोच वाले युवा नेतृत्व के रूप में देख रही है। डॉ. सुमन ने कहा कि इंजीनियर निशांत कुमार जी तकनीकी शिक्षा एवं प्रशासनिक समझ रखने वाले व्यक्तित्व हैं। उनकी सोच बिहार को तकनीकी, शैक्षणिक,औद्योगिक एवं रोजगार के क्षेत्र में नई दिशा देने का कार्य करेगी। आने वाले समय में वे युवाओं की आकांक्षाओं को समझते हुए विकास आधारित राजनीति को और मजबूत करेंगे। इस अवसर पर जदयू के अनेक वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकताओं ने भी खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि निशांत कुमार जी का राजनीति में आगमन बिहार के लिए शुभ संकेत है तथा इससे पार्टी संगठन को नई मजबूती मिलेगी।

# पटना में प्रदर्शन कर रहे अभ्यर्थियों पर लाठीचार्ज दुर्भाग्यपूर्ण : संजय सिंह

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कटिहार ।** बिहार लोक सेवा आयोग की ओर से शिक्षक भर्ती परीक्षा टीआरई-4 का विज्ञापन जारी करने में लगातार हो रही देरी और पटना में प्रदर्शन कर रहे अभ्यर्थियों पर हुए पुलिस लाठीचार्ज के विरोध में शनिवार को कटिहार जिला कांग्रेस कमेटी अर्बन ने स्थानीय राजेंद्र आश्रम कांग्रेस कार्यालय में प्रेस वार्ता आयोजित की। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी अर्बन के अध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने पटना के जेपी गोलंबर पर छात्रों पर हुए बर्बरतापूर्ण लाठीचार्ज की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि टीआरई-4 के लाखों अभ्यर्थियों को लगातार गुमराह किया जा रहा है। आयोग बार-बार विज्ञापन जारी करने की नई तारीख बताकर छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2024 से ही अधियाचना मिलने की बात कही जा रही है, लेकिन अब तक विज्ञापन जारी नहीं किया गया। हाल ही में परीक्षा नियंत्रक ने 19 अप्रैल तक विज्ञापन जारी करने और 25-26 अप्रैल से आवेदन प्रक्रिया शुरू होने की बात कही थी, लेकिन 8 मई तक भी कोई विज्ञापन जारी नहीं हुआ। इसी के विरोध में बड़ी संख्या में छात्र पटना पहुंचे थे, जहां पुलिस ने बल प्रयोग कर उन्हें हटाया और कई छात्र घायल हो गए। संजय कुमार सिंह ने कहा कि टीआरई-4 के तहत कुल 46,882 पदों पर नियुक्ति होनी है, जिसमें शिक्षा विभाग, पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण विभाग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग शामिल हैं। उन्होंने बताया कि शिक्षा विभाग में माध्यमिक, उच्च माध्यमिक, प्राथमिक और मध्य विद्यालयों में बड़ी संख्या में रिक्तियां हैं, लेकिन सरकार भर्ती प्रक्रिया को लेकर गंभीर नहीं दिख रही है।




# प्रसव पूर्व 60 गर्भवती महिलाओं की जांच

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मनसाही (कटिहार)।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनसाही में शनिवार को प्रसव पूर्व 60 गर्भवती महिलाओं की जांच हुई। इस मौके पर प्रखंड क्षेत्र से लाए आशा के द्वारा गर्भवती महिलाओं का एएनएम के द्वारा रजिस्ट्रेशन किया गया। इनके उपरांत ब्लड जांच,वजन, लंबाई आदि ली गई। इस मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर प्रेम राज ने बताया कि प्रखंड क्षेत्र से आशा के द्वारा लाए गए प्रसव पूर्व 60 गर्भवती महिलाओं की जांच की गई।एएनएम के द्वारा रजिस्ट्रेशन,ब्लड जांच,वजन, लंबाई आदि की गई तथा सबों को सभी तरह की दवाइयां उपलब्ध कराया गया एवं जीविका के द्वारा अल्पाहार की व्यवस्था कराया गया। उन्होंने कहा की सभी गर्भवती महिलाओं को प्रसव होने तक उचित दिशा निर्देश खान-पांच रहन-सहन किस तरह का कार्य करना हैं इसकी पूरी जानकारी दी गई।



# भाजपा महामंत्री सौरभ कुमार मालाकार ने राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री से मिलकर दी बधाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कटिहार।** बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में एनडीए सरकार के गठन के बाद पूर्व के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल को बिहार सरकार के राजस्व एवं भूमि सुधार के रूप में मंत्री बनाए जाने पर कटिहार सहित सीमांचल एवं बिहार में जश्न का माहौल है। भाजपा जिला महामंत्री सौरभ कुमार मालाकार ने भूमि सुधार मंत्री से मुलाकात कर उन्हें पुनः मंत्री बनाए जाने पर बधाई दी।



इस दौरान उन्होंने मंत्री को पुष्प गुच्छ भेंट कर शुभकामनाएं दी। मुलाकात के दौरान सौरभ मालाकार ने कटिहार जिला के विकास को लेकर विशेष आग्रह भी किया। सौरभ मालाकार ने मंत्री से कहा कि कटिहार जिले में विगत कई महीनों से भूमि से संबंधित कई कार्यलंबित है उसे यथाशीघ्र पटरी पर लाकर आम जनता को राहत देने का कार्य किया जाए । इस पर मंत्री डॉ दिलीप जायसवाल ने भरोसा दिलाया कि बिहार वासियों के विकास के सपनों को पूरा करना सरकार की प्राथमिकता है तथा हर क्षेत्र और हर वर्ग के विकास के लिए सरकार लगातार कार्य करेगी।

# पंचायत चुनाव की प्रक्रिया विभागीय स्तर पर शुरू

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**फलका (कटिहार) ।** प्रखंड के पंचायत में राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देश पर पंचायत चुनाव 2026 का प्रक्रिया विभागीय स्तर पर शुरू हो गई है और पंचायत चुनाव 2026 का प्रपत्र एक का प्रकाशन भी हो चुका है। प्रपत्र एक का प्रकाशन होने के साथ ही फलका प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायत में पंचायत चुनाव को लेकर सुगबुगाहट शुरू हो गई है। जिले से लेकर प्रखंड व पंचायत के राजनीतिक गलियारों में पंचायत चुनाव की सरगर्मी तेज हो गई है। वर्तमान पंचायत प्रतिनिधि से लेकर संभावित भावी अभी से ही यत्र तत्र गांव ग्राम की जनता के बीच चर्चा करते नजर आ रहे हैं और समाज सेवा में जुट गए हैं। प्रपत्र-1 का प्रकाशन के साथ ही गांव की चौपाल पर पंचायत चुनाव की चर्चा ग्रामीण



कर रहे हैं। तिथि की अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। परंतु बीते चार मई को प्रपत्र एक का प्रारूप प्रकाशन हो चुका है और 4 मई से 18 मई 2026 तक दावा और आपत्तियां दाखिल करने की अवधि निर्धारित की गई है। 4 मई से 22 मई 2026 तक प्राप्त आपत्तियों का निपटारा 5 जून 2026 को प्रपत्र एक का अंतिम प्रकाशन, 9 जून 2026 जिला गजट में अंतिम आंकड़ों का प्रकाशन किया किया जाएगा। बताया जाता है कि प्रपत्र-1 वर्तमान जनप्रतिनिधियों की वाणी में आई मिठास वर्तमान जनप्रतिनिधि अपनी वाणी में मिठास लिए एक प्रकार से जनसंपर्क के साथ-साथ समर्थकों से सलाह मशवरा भी शुरू कर चुके हैं। हालांकि अभी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में लगभग चार से पांच माह वक्त है फिर भी भावी एवं वर्तमान पंचायत चुनाव को लेकर रणनीति बनाने के साथ - साथ गौर फिक्र करने लगे हैं कि ऐसा कौन सा रणनीति अपनाया जाए की चुनाव से पहले ही उनके पक्ष में माहौल बने। चुनाव के वक्त तक वह माहौल टीका रहे। इस पर भी वर्तमान जनप्रतिनिधि अपने समर्थकों के साथ मंथन करते नजर आने लगे हैं। साथ ही यह भी अब चर्चा होने लगी है कि इस बार कौन-कौन पंचायत चुनाव के अखाड़े में उतरेंगे। अभी से ही जनता से संपर्क बना, गपशप कर नब्ज टटोलते नजर आने लगे हैं। पंचायत चुनाव प्रक्रिया का सबसे महत्वपूर्ण दस्तावेज माना जाता है। इसमें वर्ष 2011 की जनगणना के आधार पर राजस्व ग्रामवार आबादी का विस्तृत ब्यौरा होता है। इसी के आधार पर ग्राम पंचायत पंचायत के मुखिया, सरपंच, पंचायत समिति सदस्य, वार्ड सदस्य, वार्ड पंच और जिला परिषद के विभिन्न पदों के लिए आरक्षण का निर्धारण किया जाता है।

# 1 साल में पैसों की बारिश करने वाले 5 शेयर

## 200 प्रतिशत तक दिया रिटर्न, क्या आपके पास हैं ये मल्टीबैगर स्टॉक

**नईदिल्ली, एजेंसी।** शेयर बाजार में पिछले काफी समय से उठा-पटक मची हुई है। कभी सेंसेक्स लंबी छलांग मार देता है तो किसी दिन बुरी तरह गिर जाता है। पिछले एक साल में सेंसेक्स 2.50 प्रतिशत से ज्यादा गिर गया है। हालांकि पिछले एक साल में निफ्टी 50 में मामूली तेजी आई है। वहीं दूसरी




ओर कई शेयर ऐसे हैं जिन पर मार्केट के उतार-चढ़ाव का बहुत ज्यादा असर नहीं पड़ा। इन्होंने एक साल में निवेशकों पर पैसों की बारिश कर दी। यहां हम आपको ऐसे 5 शेयर के बारे में बता रहे हैं जिन्होंने पिछले एक साल में 100 प्रतिशत से 200 प्रतिशत तक रिटर्न दिया। फोर्स मोटर्स लिमिटेड कंपनी के शेयर ने निवेशकों की रकम को एक साल में दोगुने से ज्यादा कर दिया है। शुक्रवार को यह शेयर बीएसई सेंसेक्स पर 0.92 प्रतिशत की तेजी के साथ 20,878 रुपये पर बंद हुआ। पिछले 6 महीने में यह शेयर 15 फीसदी रिटर्न दे चुका है। वहीं एक साल में इसमें करीब 115 फीसदी का उछाल आया है। अगर आपने एक साल पहले इसमें एक लाख रुपये निवेश किए होते तो वह रकम बढ़कर आज करीब 2.15 लाख रुपये होती। अडानी पावर के शेयर ने भी निवेशकों को बंपर रिटर्न दिया है। शुक्रवार को यह शेयर बीएसई सेंसेक्स पर 2.17 प्रतिशत की गिरावट के साथ 225.15 रुपये पर बंद हुआ। पिछले एक महीने में इस शेयर ने करीब 31 फीसदी की छलांग लगाई है। वहीं 6 महीने में यह शेयर 50 फीसदी उछल गया है। एथर एनर्जी का शेयर एक साल पैसा छापने की मशीन बन गया है। बीएसई सेंसेक्स पर शुक्रवार को यह शेयर 0.83 प्रतिशत की तेजी के साथ 915 रुपये पर बंद हुआ।

### एक साल में मल्टीबैगर साबित हुआ है

किर्लोस्कर ऑयल इंजन्स लिमिटेड का शेयर भी एक साल में मल्टीबैगर साबित हुआ है। बीएसई सेंसेक्स पर शुक्रवार को यह शेयर बेहद मामूली तेजी के साथ 1727.60 रुपये पर बंद हुआ था। पिछले एक महीने में इसमें 19 फीसदी की तेजी आई है। वहीं 6 महीने में यह शेयर 80 फीसदी से ज्यादा उछल गया है। एक साल में इसने निवेशकों को करीब 160 फीसदी रिटर्न दिया है। हिन्दुस्तान कॉपर लिमिटेड के शेयर ने भी निवेशकों को छप्परफाड़ रिटर्न दिया है। शुक्रवार को बीएसई सेंसेक्स पर यह शेयर 0.13 प्रतिशत की तेजी के साथ 569.05 रुपये पर बंद हुआ। पिछले एक महीने में इसमें करीब 9 फीसदी की तेजी आई है।

**एक सप्ताह पहले भी भंडार में 4.82 की कमी हुई थी**

# विदेशी मुद्रा भंडार में 7.79 अरब डॉलर की तगड़ी गिरावट, घट गया सोने का भंडार भी

**मुंबई, एजेंसी।** ईरान-इजरायल युद्ध की वजह से भारतीय शेयर बाजारों को त्रान नहीं मिल पा रहा है। शेयर बाजार में गिरावट की वजह विदेशी निवेशकों की बिकवाली भी है। इन सब का मिलाजुला असर हुआ और बीते सप्ताह अपने विदेशी मुद्रा भंडार में 7.79 की गिरावट की आई। इससे एक सप्ताह पहले भी भंडार में 4.82 की कमी हुई थी। इससे पहले, अप्रैल के शुरुआती तीन सप्ताह के दौरान भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में 14 से ज्यादा की बढ़ोतरी हुई थी। भारतीय रिजर्व बैंक की तरफ से शुक्रवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक एक मई 2026 को समाप्त सप्ताह के दौरान भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में 7.794 की कमी हुई है। इससे एक सप्ताह पहले भी इसमें 4.82 की कमी हुई थी। अब अपना विदेशी मुद्रा भंडार घट कर 690.693 तक गिर गया है। इससे पहले 27 फरवरी 2026 को अपना भंडार बढ़ कर 728.494 के ऑल टाइम हाई पर पहुंच गया था।

रिजर्व बैंक की तरफ से जारी साप्ताहिक आंकड़ों के अनुसार 01 मई 2026 को समाप्त सप्ताह के दौरान भारत की विदेशी मुद्रा आस्तियों में 2.797 की कमी हुई है। इससे एक सप्ताह पहले भी इसमें 2.841 की कमी हुई थी। अब अपना एफसीए



भंडार घट कर 551.825 का रह गया है। उल्लेखनीय है कि देश के कुल विदेशी मुद्रा भंडार में विदेशी मुद्रा आस्तियां या फॉरेन करेंसी असेट एक महत्वपूर्ण हिस्सा होता है। डॉलर में अभिव्यक्त किये जाने वाले विदेशी मुद्रा आस्तियों में यूरो, पौंड और येन जैसे गैर अमेरिकी मुद्राओं में आई घट-बढ़ के प्रभावों को भी शामिल किया जाता है।

**गोल्ड रिजर्व भी घटा:** आलोच्य सप्ताह के दौरान रिजर्व बैंक के सोने के भंडार की वैल्यू में 5.021 की कमी हुई। एक सप्ताह पहले भी इसमें 1.897 की कमी हुई थी। अब अपने सोने के भंडार का वैल्यू घट कर 115.216 का रह गया है। उल्लेखनीय है कि मार्च 2026 के अंत में आरबीआई के पास सोने का भंडार 880.52 टन का हो गया है। यह देश के कुल फॉरेन एक्सचेंज रिजर्व का करीब 16.7 प्रतिशत बैठता है। इसके मूल्य में कमी होती है यह कुल विदेशी मुद्रा भंडार को प्रभावित करता है।

रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, बीते सप्ताह भारत के स्पेशल ड्रॉइंग राइट या विशेष आहरण अधिकार में मामूली बढ़ोतरी हुई है। समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान एसडीआर में 15 की बढ़ोतरी हुई है। इससे एक सप्ताह पहले इसमें 67 की कमी हुई थी। अब यह बढ़ कर 18.789 का हो गया है। इसी सप्ताह अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास रखे हुए देश के रिजर्व मुद्रा भंडार में भी 8 की वृद्धि हुई है।

## गूगल का मेगा प्लान, भारत में एआई इंफ्रास्ट्रक्चर, सर्वर और ड्रोन बनाएगी कंपनी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंटरनेट कंपनी गूगल भारत में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) इंफ्रास्ट्रक्चर, सर्वर और ड्रोन निर्माण के क्षेत्र में निवेश की संभावनाएं तलाश रही है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर गूगल के अधिकारियों के साथ बैठक की तस्वीरें साझा करते हुए वैष्णव ने लिखा कि गूगल भारत में एआई इंफ्रास्ट्रक्चर और सर्वर व ड्रोन के निर्माण में निवेश के अवसरों पर विचार कर रहा है। गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई ने हाल ही में इस वर्ष के कुल पूंजीगत व्यय में 185 अरब डॉलर की वृद्धि की घोषणा की है, जिसका एक बड़ा हिस्सा एआई इंफ्रास्ट्रक्चर पर केंद्रित होगा। गूगल ने हाल ही में विशाखापत्तनम में 15 अरब डॉलर (करीब 1.25 लाख करोड़ रुपये) के निवेश की योजना की घोषणा की थी। इस परियोजना के तहत गिगावाट-स्केल एआई इकोसिस्टम विकसित किया जाएगा। इस प्रोजेक्ट के तहत तीन डेटा सेंटर कैंपस वाला भारत का पहला गीगावाट-स्केल एआई हब बनाया जाएगा। इसके लिए राज्य सरकार ने लगभग 600 एकड़ जमीन आवंटित की है। साझेदारी में विकसित किया जा रहा है। अप्रैल 2026 में हुए 'गूगल क्लाउड नेक्स्ट' समिट में सुंदर पिचाई ने स्पष्ट किया था कि कंपनी के मशीन लर्निंग संसाधनों का 50 प्रतिशत से अधिक हिस्सा विशेष रूप से क्लाउड बिजनेस के लिए समर्पित होगा।

# बस कुछ दिन और... फिर लग जाएगी पेट्रोल-डीजल की कीमतों में आग!

## सरकार पर पड़ रही मार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण कच्चे तेल की कीमतों में जबरदस्त बढ़ोतरी हुई है। इसका असर भारत की तेल कंपनियों पर पड़ रहा है। तेल कंपनियों को बड़ा घाटा हो रहा है। ऐसा इसलिए क्योंकि भारत में पेट्रोल-डीजल आदि की कीमतों में इजाफा नहीं किया है। यह भार कंपनियां खुद उठा रही हैं जिससे ऑयल मार्केटिंग कंपनियों को हर महीने करीब 30 हजार करोड़ रुपये का नुकसान हो रहा है। माना जा रहा है कि सरकार आने वाले कुछ दिनों में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में इजाफा कर सकती है।

पिछले कुछ हफ्तों में वैश्विक कच्चे तेल की कीमतें 70 डॉलर प्रति बैरल से बढ़कर लगभग 126 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई हैं। काफी लंबे समय से ब्रेंट ऑयल की कीमत 100 डॉलर प्रति बैरल के ऊपर बनी हुई है। इसके बावजूद भारत में ईंधन की कीमतें काफी हद तक स्थिर बनी हुई थीं। अभी ब्रेंट क्रूड 101.3 डॉलर प्रति बैरल और अमेरिकी क्रूड 95.42 डॉलर प्रति बैरल पर है।

कच्चे तेल और गैस की ऊंची कीमतों के कारण सरकार को प्रतिदिन 1,000 करोड़ रुपये का नुकसान हो रहा है। जब कच्चा तेल 126 डॉलर प्रति बैरल पर था, तब सरकार ने जनता को राहत देने के लिए पेट्रोल पर 24 रुपये और डीजल पर 30 रुपये प्रति लीटर का बोझ खुद उठाया। अप्रैल के अंत तक तेल कंपनियों का घाटा 30,000 करोड़ रुपये था, जिसके इस तिमाही के अंत तक 50,000 करोड़ रुपये से ऊपर जाने का अनुमान है। गैस पर भी 20,000 करोड़ रुपये का अतिरिक्त घाटा है। सरकार हर 14 किलो के सिलेंडर पर 600 रुपये (उज्ज्वला लाभार्थियों के लिए अतिरिक्त 300 रुपये) का बोझ खुद सह रही है।



**सरकार के पास दो रास्ते**

सरकार के पास अब दो ही रास्ते बचे हैं और दोनों ही कठिन हैं: अगर सरकार कीमतें बढ़ाती है, तो इसका असर हर चीज पर पड़ेगा, जिससे महंगाई बढ़ेगी और जनता में असंतोष हो सकता है।

अगर सरकार घाटा सहती रहती है, तो तेल कंपनियों की वित्तीय स्थिति चरमरा जाएगी और देश का आर्थिक ढांचा कमजोर होगा। दुनिया भर में तेल की आपूर्ति का 20 प्रतिशत हिस्सा होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरता है, जहां युद्ध के कारण भारी बाधा आ रही है।

### होर्मुज संकट से बिगड़ी स्थिति

होर्मुज जलडमरूमध्य भारत की एनर्जी लाइफलाइन है। इतिहास में कभी भी यह मार्ग इतने लंबे समय तक बंद नहीं रहा। 1970 के तेल प्रतिबंध या 1980 के ईरान-इराक युद्ध के दौरान भी नहीं। जहाजों को अब 'केप ऑफ गुड होप' के रास्ते घूमकर आना पड़ रहा है, जिससे डिलीवरी में 2-3 हफ्ते की देरी और 15 से 20 प्रतिशत मालभाड़ा बढ़ गया है। साथ ही समुद्री बीमा प्रीमियम की दरें भी आसमान छू रही हैं। कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी के कारण सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियां हर महीने लगभग 30,000 करोड़ रुपये का नुकसान उठा रही हैं।

**एनर्जी सप्लाई में क्यों आई है रुकावट**

# भारत जब ढूंढ रहा समाधान, पाकिस्तान जुआं खेलने में लगा, गैस पर यह कदम उठाकर चौंकाया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और पाकिस्तान में फिर एक बड़ा फर्क दिखाई दिया है। पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच जब भारत एनर्जी सप्लाई सुनिश्चित के लिए सॉल्यूशन ढूंढने में जुटा है। पाकिस्तान भविष्य पर जुआं लगा रहा है। मिडिल ईस्ट संकट ने दुनिया भर के एनर्जी मार्केट्स को हिलाकर रखा हुआ है। भारत समेत तमाम देश संभावित बड़े संकट से खुद को बचाने के लिए ईंधन की सप्लाई सुरक्षित करने की होड़ में लगे हैं। हालांकि, पाकिस्तान एक बेहद जोखिम भरे रास्ते पर चल रहा है। उसने एलएनजी (लिक्विफाइड नैचुरल गैस) की अर्जेंट खरीद से परहेज किया है। इस बात पर दांव लगाया है कि होर्मुज स्ट्रेट में रुकावटें जल्द ही दूर हो जाएंगी। ऐसा होने पर कतर से सस्ती खेपें ठीक समय पर पहुंच जाएंगी। इसके अलावा, एजेंसी की ओर से कंपाइल्ड शिपिंग डेटा से पता चलता है कि मार्च की शुरुआत से अब तक देश को सिर्फ एक एलएनजी खेप मिली है। यह पिछले साल की तुलना में भारी गिरावट है। तब पाकिस्तान औसतन हर महीने लगभग नौ खेपें आयात करता था। लॉन्ग टर्म डील के तहत, कतर की ओर से सप्लाई की गई एलएनजी की कीमत स्पॉट मार्केट से खरीदी गई खेपों की कीमत से लगभग आधी होती है। स्पॉट खरीदारी से बचने से पाकिस्तान की ऊर्जा चुनौतियां और गहरी हो सकती हैं। देश पहले से ही गैस की कमी से जूझ रहा है। इसके कारण बिजली की व्यापक




कटौती हो रही है।

एनर्जी की स्थिति होर्मुज स्ट्रेट में जारी अस्थिरता के बीच सामने आ रही है। वहां फरवरी के अंत में लड़ाई शुरू होने के बाद से भारी वधान आया है। यह पतला जलमार्ग दुनिया का प्रमुख एनर्जी कॉरिडोर है। इस रास्ते से दुनिया की लगभग 25 प्रतिशत एलएनजी की आवाजाही होती है। इसके साथ ही बड़ी मात्रा में तेल और पेट्रोलियम उत्पादों का भी आवागमन होता है। वैसे तो अप्रैल की शुरुआत से ही संघर्ष विराम लागू है। लेकिन, अमेरिका और ईरान के बीच नए सिरे से हुई झड़पों ने इस बात पर संदेह पैदा कर दिया है कि शांति बनी रहेगी या नहीं।

ब्लूमबर्ग के अनुसार, पिछले महीने के अंत में क्षेत्रीय संघर्ष के कारण अनुबंधित सप्लाई बाधित होने के बाद पाकिस्तान को दो साल से अधिक समय बाद एलएनजी के लिए फिर से स्पॉट मार्केट का रुख करना पड़ा था। लेटेस्ट टेंडर में 12-14 मई और 24-26 मई को डिलीवरी की मांग की गई थी। तनाव के बावजूद कुछ खेपें अभी भी होर्मुज स्ट्रेट से होकर गुजरने में सफल रही हैं। इनमें पिछले सप्ताह एक डीजल टैंकर भी शामिल था। ऊर्जा संबंधी चिंताओं के साथ कूटनीतिक संपर्क भी जारी रहे हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट के अनुसार, प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने 7 मई को कतर के प्रधानमंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुल रहमान अल थानी से फो पर बात की। इस दौरान उन्होंने संघर्ष पर चर्चा की। शांति प्रयासों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।इस बीच, आर्थिक परिदृश्य को लेकर चिंताएं बढ़ रही हैं। डॉन की एक रिपोर्ट चेतावनी देती है कि पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था दबाव में रह सकती है।

# एपीवाय के 11 साल पूरे, 9 करोड़ लोगों का बुढ़ापा हुआ सुरक्षित, मिलेंगे हर महीने 5000 तक का पेंशन

**नईदिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साल 2047 तक सबके लिए बीमा 2047' का लक्ष्य तय किया है। इसी को ध्यान में रख कर साल 2015 में आज के ही दिन अटल पेंशन योजना की शुरुआत की गई थी। इतने दिनों में ही यह भारत सरकार की प्रमुख गारंटीकृत पेंशन योजना बन गई है। इसकी लोकप्रियता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि अभी तक इससे करीब नौ करोड़ लोग जुड़ चुके हैं। अटल पेंशन योजना साल दर साल लोकप्रिय होते जा रहा है। भारत सरकार के आंकड़े के अनुसार 31 मार्च 2026 तक इस योजना से 8.96 करोड़ लोग इससे जुड़ चुके हैं। इनके हर महीने होने वाले योगदान का संपूर्ण लेखा-जोखा देखा जाए तो अब तक इसका एसेट अंडर मैनेजमेंट 51,416 करोड़ रुपये हो चुका है। इस समय भारत एक महत्त्वपूर्ण जनसांख्यिकीय परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। साल 2050 तक 60 साल से अधिक आयु की आबादी लगभग 20 प्रतिशत तक




पहुंचने की संभावना है। परंपरागत रूप से भारत में बुढ़ापे की सुरक्षा परिवार, समुदाय, अनौपचारिक बचत और खेतीबारी से होने वाली आमदनी पर निर्भर रही है। लेकिन समाज के गरीब, भूमिहीन कामगार, दिहाड़ी मजदूरी करने वाले और फेरी लगाने वाले या ठेला लगा कर कुछ बेचने वाले इससे बाहर हैं। असंगठित क्षेत्र के इन्हीं लोगों को ध्यान में रख कर इनके लिए साल 2015 में 9 मई को अटल पेंशन योजना की शुरुआत की गई थी।

इस योजना को सभी भारतीयों, विशेष रूप से गरीबों, वंचितों और असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए शुरू किया गया था। इसमें बैंक या डाकघर में खाता रखने वाले 18-40 वर्ष की आयु के नागरिक इनरोल कर सकते हैं। लेकिन 1 अक्टूबर, 2022 से इसमें कुछ संशोधन किया गया है। अब कोई भी नागरिक जो आयकर दाता है या रहा है, इसमें शामिल होने के लिए पात्र नहीं है। एपीवाई तिहरे लाभ प्रदान करता है। जिन्होंने इसमें अपना नाम इनरोल कराया है, उनके लिए पेंशन, पति-पत्नी के लिए निरंतरता, और नामांकित व्यक्ति को संचित कोष की वापसी। योजना में इनरोल कराने वाले को पेंशन की गारंटी होती है।

# जिस चीन से 24 लाख करोड़ का ट्रेड, उस पर निर्भरता घटा भारत पर भरोसा कर रहा वियतनाम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रपति बनने के तुरंत बाद वियतनामी लीडर टो लैम चीन गए तो बहुत कम लोग हैरान हुए। हर बड़ा वियतनामी लीडर ऐसा करता रहा है। यह आर्थिक जरूरत की कड़वी सच्चाई को दिखाता है। बीजिंग वियतनाम का सबसे बड़ा ट्रेडिंग पार्टनर है। इकनॉमिक लाइलाइन। हालांकि, शी जिनपिंग से मिलने के कुछ ही हफ्तों के अंदर टो लैम नरेंद्र मोदी के साथ हाई-लेवल बातचीत के लिए नई दिल्ली पहुंचे। इस दौरे के आखिर तक भारत -वियतनाम ने अपने रिश्तों को 'एन्हांस्ड कॉम्प्रिहेंसिव स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप' तक बढ़ा दिया। यह भारत की ओर से किसी भी देश को दी जाने वाली सबसे टॉप डिप्लोमैटिक कैटेगरी है।

दोनों दौरों ने वियतनाम की बैलेंसिंग स्ट्रैटेजी की एक साफ झलक दिखाई। वह चीन पर बढ़ती डिपेंडेंस से निपट रहा है। साथ ही भारत के साथ चुपचाप स्ट्रैटेजिक कोऑपरेशन को गहरा कर रहा है। यह इस क्षेत्र के कई देशों के लिए संकेत है। चीन की विस्तारवादी सोच से पार पाने के लिए भारत पर भरोसा करना ही विकल्प है।

## दो दशकों से सबसे बड़ा ट्रेडिंग पार्टनर

वियतनाम के लिए चीन के साथ रिश्तों को मैनेज करना ऑप्शनल नहीं है, यह स्ट्रक्चरल है।चीन दो दशकों से ज्यादा समय से वियतनाम का सबसे बड़ा ट्रेडिंग पार्टनर है।

2025 में दोनों देशों का ट्रेड लगभग 256 अरब डॉलर (करीब 24 लाख करोड़) तक पहुंच गया है।यह आंकड़ा ज्यादातर दूसरे देशों के साथ वियतनाम के आर्थिक जुड़ाव को बहुत छोटा कर देता है। हाल ही में बीजिंग का दौरा इस सच को दिखाता है। वियतनाम और चीन ने रेलवे कोऑपरेशन बढ़ाया। इसमें उत्तरी वियतनाम को चीन के युन्नान प्रांत से जोड़ने वाली लाओ काई-हनोई-हाइफोंग लाइन पर प्रोग्रेस शामिल है। दोनों देशों



ने डिप्लोमेसी, डिफेंस और पब्लिक सिक्योरिटी कोऑर्डिनेशन से जुड़े '3+3' मैकेनिज्म को भी गहरा किया।

## चीन का अंदर ही अंदर खतरा

लेकिन, गर्मजोशी के नीचे हनोई के अंदर गहरी स्ट्रैटेजिक चिंता छिपी है। दक्षिण चीन सागर में चीन के साथ वियतनाम का तनाव अभी भी अनसुलझा और बहुत सेंसिटिव है। बीजिंग इंटरनेशनल कानूनी चुनौतियों और क्षेत्रीय विरोध के बावजूद विवादित 'नाइन-डैश लाइन' के जरिए बड़े समुद्री दावों पर जोर दे रहा है। यह अविश्वास इतिहास में उतना ही है जितना कि जियोपॉलिटिक्स में। चीन ने 1974 में साउथ वियतनाम से पैरासेल आइलैंड्स पर कब्जा कर लिया था। 2014 में बीजिंग ने वियतनाम के दावे वाले पानी में चल रहे एक सरकारी तेल रिग के आस-पास दर्जनों जहाज तैनात कर दिए। इनमें जंगी जहाज भी शामिल थे। हाल ही में चीन ने इस साल की शुरुआत में स्प्रैटली आइलैंड्स में वियतनामी कंस्ट्रक्शन एक्टिविटीज पर एतराज जताया। इससे एक बार फिर यह पता चला कि बढ़ते ट्रेड संबंधों के बावजूद रिश्ते कितने नाजुक हैं।

## यहीं से पिक्चर में आता है भारत

ठीक यहीं पर भारत इस मामले में आता है। लैम के भारत दौरे से डिफेंस, ट्रेड, डिजिटल पेमेंट, हेल्थकेयर, एजुकेशन और रेयर अर्थ कोऑपरेशन से जुड़े 13 एग्रीमेंट हुए। रेयर अर्थ वाला हिस्सा खास तौर पर जरूरी है। इसलिए क्योंकि यह दोनों देशों की चीन के कंट्रोल वाली सप्लाई चेन पर निर्भरता कम करने की कोशिशों का इशारा करता है। दोनों पक्षों ने 2030 तक आपसी ट्रेड को 25 अरब डॉलर तक बढ़ाने का टारगेट भी रखा है। लेकिन, डिफेंस संबंध पार्टनरशिप का सबसे स्ट्रेटेजिक रूप से जरूरी हिस्सा बना हुआ है। वियतनाम ने ब्रह्मोस मिसाइल सिस्टम, खासकर समुद्री सुरक्षा के लिए डिजाइन किए गए कोस्टल एंटी-शिप वेरिएंट को खरीदने में गहरी दिलचस्पी दिखाई है। अगर डील फाइनल हो जाती है तो यह डील लगभग 63 करोड़ डॉलर की हो सकती है। इसमें ट्रेनिंग और लॉजिस्टिक सपोर्ट शामिल होगा। यह कदम फिलीपींस की ओर से भारत से पहले ब्रह्मोस खरीदने के बाद उठाया गया है। चीन की समुद्री दादागिरी से परेशान देशों के लिए एक रीजनल डिफेंस सप्लायर के तौर पर भारत की बढ़ती स्थिति को और मजबूत करता है। भारत ने पहले वियतनाम को एक मिसाइल कोरवेट गिफ्ट किया था। जॉइंट एक्सरसाइज और लॉजिस्टिक्स अरेंजमेंट के जरिए नेवल कोऑपरेशन बढ़ाया था।

वियतनाम ऑफिशियली अपनी फॉरेन पॉलिसी के तरीके को 'बैम्बू डिप्लोमेसी' कहता है। यह आइडिया बिना झुके फ्लेक्सिबिलिटी की स्ट्रैटेजी दिखाता है। इसे वियतनाम के पूर्व लीडर गुयेन फू ट्रोंग ने बताया था। बैम्बू की तरह वियतनाम जियोपॉलिटिकल प्रेशर में बिना टूटे फ्लेक्सिबल रहना चाहता है। किसी एक बड़ी ताकत के साथ पूरी तरह से जुड़ने के बजाय हनोई ने भारत, अमेरिका, जापान, साउथ कोरिया और ऑस्ट्रेलिया सहित कई देशों के साथ बड़ी स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप बनाई है।

### भारत क्यों बैठता है फिट

भारत उस फ्रेमवर्क में अच्छी तरह से फिट बैठता है। नई दिल्ली बिना किसी ऐसे पॉलिटिकल हालात, अलायंस की उम्मीदों या इलाके के झगड़ों के स्ट्रैटेजिक सहयोग देता है जो वियतनाम के बड़ी ताकतों के साथ रिश्तों को मुश्किल बनाते हैं। चीन के उलट भारत का वियतनाम के साथ कोई समुद्री झगड़ा नहीं है। अमेरिका के विपरीत भारत के डिफेंस रिश्ते बदलते अलायंस के हिसाब-किताब या घरेलू पॉलिटिकल बहस से नहीं जुड़े हैं।

# अनुश्रवण समिति की बैठक में विभागीय कार्यों की हुई समीक्षा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूंटी।** समाहरणालय स्थित सभागार में आज खूंटी लोकसभा क्षेत्र के सांसद कालीचरण मुण्डा की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित की गई। उपायुक्त सौरभ कुमार भुवानिया एवं पुलिस अधीक्षक ऋषव गर्ग द्वारा सांसद एवं विधायक तोरपा विधानसभा क्षेत्र सुदीप गुड़िया को पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया।

बैठक में विधायक प्रतिनिधि खूँटी एवं तमाड़ विधानसभा क्षेत्र, जिला परिषद अध्यक्ष, नगर पंचायत अध्यक्ष, जिला परिषद उपाध्यक्ष, सभी प्रखंड प्रमुख समेत अन्य संबंधित जनप्रतिनिधि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

बैठक की शुरूआत करते हुए उप विकास आयुक्त आलोक शिकारी कच्छप द्वारा पूर्व की बैठक में दिए गए निदेर्शों के अनुपालन एवं प्रगति की विस्तृत जानकारी साझा की गई। सांसद द्वारा जिले में संचालित विभिन्न विकास योजनाओं की प्रगति एवं क्रियान्वयन की विभागवार समीक्षा की गई।

बैठक में मुख्य रूप से राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पथ निर्माण विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, जलपथ प्रमंडल, लघु सिंचाई प्रमंडल, जिला सहकारिता विभाग, विद्युत प्रमंडल, कृषि विभाग, शिक्षा विभाग, पंचायती राज विभाग, स्वास्थ्य विभाग, राजस्व विभाग, खेल विभाग, कल्याण विभाग, नगर पंचायत, परिवहन विभाग, सामाजिक सुरक्षा विभाग एवं जिला समाज कल्याण विभाग से संबंधित मामलों की समीक्षा की गई।

अनुपालन प्रतिवेदन की समीक्षा करते हुए लेमन ग्रास की खेती एवं तेल उत्पादन को बढ़ावा देने के निर्देश दिए गए। करंज, साल बीज, महुआ एवं इमली समेत अन्य वनोपज की खरीदारी सुनिश्चित करने को कहा गया। साथ ही मोरेंगा, हल्दी, ओल समेत अन्य फसलों की खेती के लिए किसानों को प्रेरित करने का निर्देश दिया गया। प्रत्येक पंचायत में सहकारी समिति गठन एवं कृषि, सहकारिता, उद्यान समेत संबंधित विभागों को समन्वय के साथ कार्य करने को कहा गया।पथ निर्माण एवं अन्य योजनाओं हेतु भूमि अधिग्रहण मामलों की समीक्षा करते हुए जिला भू-अर्जन पदाधिकारी को स्थानीय रैयतों से समन्वय स्थापित कर उचित मुआवजा का ससमय भुगतान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। माननीय सांसद ने कहा कि रैयतों को सही एवं समय पर मुआवजा मिलना चाहिए।

पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल की समीक्षा के दौरान संचालित एवं लंबित योजनाओं की जानकारी ली गई। क्षेत्र में पेयजल समस्या नहीं हो, यह सुनिश्चित करने हेतु नियमित क्षेत्र भ्रमण एवं लंबित योजनाओं को ससमय पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। साथ ही आमजनों से प्राप्त शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश कार्यपालक अभियंता को दिया गया।

## जन प्रतिनिधियों को विकास कार्यों की दी गयी जानकारी




जलपथ प्रमंडल से नए बैरेज एवं नहर निर्माण प्रस्ताव की जानकारी ली गई तथा पूर्व से निर्मित नहर एवं बैरेज की नियमित साफ-सफाई कराने का निर्देश दिया गया, जिससे किसानों को सिंचाई में परेशानी न हो।

लघु सिंचाई विभाग की समीक्षा के क्रम में सोसोकुटी मध्यम सिंचाई योजना, राजा बांध वीयर सिंचाई योजना समेत अन्य योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली गई। ग्राम पंचायत हूँठ में नहर विस्तार हेतु भूमि अधिग्रहण में आ रही समस्याओं के समाधान के लिए जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों के साथ सामूहिक संवाद स्थापित करने की बात कही गई।

जिले में धान अधिप्राप्ति के पश्चात किसानों को किए गए भुगतान की जानकारी ली गई। जिला आपूर्ति पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि सभी किसानों को धान खरीद के पश्चात भुगतान कर दिया गया है। जिला सहकारिता विभाग को लैम्प्स केंद्रों का बेहतर संचालन सुनिश्चित करने एवं निमार्णाधीन 100 मेट्रिक टन गोदाम का गुणवत्तापूर्ण निर्माण कराने के निर्देश दिए गए।

विद्युत प्रमंडल की समीक्षा करते हुए जिले में विद्युत आपूर्ति एवं खराब ट्रांसफार्मरों की स्थिति की जानकारी ली गई। खराब ट्रांसफार्मरों को प्राथमिकता के आधार पर ठीक करने, जर्जर विद्युत तारों की मरम्मत करने एवं छुटे हुए टोलों में विद्युतीकरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही करंट लगने से हुई मृत्यु के मामलों में आश्रितों को शीघ्र क्षतिपूर्ति राशि उपलब्ध कराने को कहा गया।

कृषि विभाग की समीक्षा के दौरान किसानों के लिए उपलब्ध बीज एवं खाद की जानकारी ली गई। किसानों को मक्का, उरद, अरहर समेत अन्य फसलों की खेती के लिए प्रेरित करने एवं बीज-खाद दुकानों में रेट चार्ट अनिवार्य रूप से प्रदर्शित करने के निर्देश दिए गए। किसानों से अधिक राशि की वसूली नहीं हो, यह सुनिश्चित करने को कहा गया।

शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान विद्यालय भवनों की स्थिति, जर्जर भवनों की मरम्मती, चाहरदीवारी निर्माण एवं शिक्षक प्रतिनियुक्ति पर चर्चा की गई। अड़की प्रखंड अंतर्गत उच्च विद्यालय बिरबांकी के नए भवन निर्माण हेतु विभाग को पत्राचार किए जाने की जानकारी दी गई। साथ ही जिले में प्रस्तावित महिला कॉलेज निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ कराने के निर्देश दिए गए।

पंचायती राज विभाग की समीक्षा में पंचायत सचिवालयों को पूर्णतः क्रियाशील रखने, प्रमाण पत्र, पेंशन समेत अन्य समस्याओं का पंचायत स्तर पर समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। पंचायत ज्ञान केंद्रों में पर्याप्त पुस्तक एवं अध्ययन की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया। मुरहू प्रखंड के हस्सा स्थित भवन के सुदृढ़ीकरण एवं सदुपयोग का निर्देश भी दिया गया।

स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान अस्पतालों में चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने, विद्यालयों में स्वास्थ्य जांच कराने एवं एक्स-रे मशीनों का बेहतर संचालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। महिला चिकित्सकों की उपलब्धता एवं जन आरोग्य समिति को सक्रिय करने को लेकर भी चर्चा की गई। पथ निर्माण विभाग की समीक्षा में बताया गया कि एनएच-20 से ग्राम साड़ीगांव तक सड़क निर्माण हेतु प्राक्कलन तैयार कर अभियंता प्रमुख, पथ निर्माण विभाग झारखंड को भेजा गया है। स्वीकृति मिलते ही निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा। जर्जर सड़कों की मरम्मती कराने का भी निर्देश दिया गया।

राजस्व विभाग की समीक्षा के क्रम में बताया गया कि सभी अंचल कार्यालयों में कैंप लगाकर आमजनों की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। माननीय सांसद द्वारा दाखिल-खारिज समेत अन्य कार्यों का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने एवं सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारियों को ईमानदारीपूर्वक कार्य करने के निर्देश दिए गए।खेल विभाग को कर्रा एवं तोरपा में खेल स्टेडियम निर्माण हेतु विभाग से पत्राचार करने का निर्देश दिया गया। वहीं कल्याण विभाग को प्री एवं पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति, साइकिल वितरण, सरना-मसना घेराबंदी एवं कब्रिस्तान घेराबंदी से जुड़े कार्यों का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने को कहा गया।

नगर पंचायत को नियमित कचरा उठाव, साफ-सफाई, प्रधानमंत्री आवास शहरी योजना के कार्य पूर्ण कराने, पार्कों के रख-रखाव एवं निमार्णाधीन पार्क कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। वर्षा ऋतु से पूर्व नालियों की सफाई एवं जल निकासी व्यवस्था सुनिश्चित करने पर भी चर्चा की गई।

परिवहन विभाग की समीक्षा के दौरान सड़क सुरक्षा को लेकर आवश्यक स्थानों पर स्पीड ब्रेकर लगाने एवं अन्य सुरक्षात्मक उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक को भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में भारी वाहनों की तेज रफ्तार पर नियंत्रण हेतु कार्रवाई करने को कहा गया।

सामाजिक सुरक्षा विभाग को मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के ऐसे लाभुकों की त्रुटियों का निराकरण कर भुगतान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया, जिन्हें किसी कारणवश राशि प्राप्त नहीं हो रही है।

जिला समाज कल्याण विभाग को आंगनबाड़ी केंद्रों का बेहतर संचालन सुनिश्चित करने, जिन केंद्रों का भवन नहीं है वहां भूमि चिन्हित कर भवन निर्माण कराने तथा आंगनबाड़ी केंद्रों में पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

अंत में उपायुक्त श्री भुवानिया ने कहा कि बैठक में माननीय सांसद एवं माननीय विधायक द्वारा कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई है। प्राप्त शिकायतों एवं दिए गए निदेर्शों का सभी संबंधित पदाधिकारियों द्वारा अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा।

# बचपन से ही भ्रष्टाचार मुक्त समाज चाहते थे जेपी

## जेपी की कहानी , गाँव वालों को याद है- जुबानी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सिताब दियरा( छपरा)।** बिहार प्रदेश लोक समिति के प्रांतीय महासचिव शिवजी सिंह पिछले कई दिनों से लोक समिति के संगठनात्मक कार्यो को लेकर जे.पी. के जन्म भूमि सिताब दियरा के गाँव और टोलों का भ्रमण किया। इस दौरान गरीबा टोला के जाने- माने प्रसिद्ध समाजसेवी एवं अवकाश प्राप्त शिक्षक संत शुकदेव उर्फ गुरूजी से भेंट होती है, वे बताते है कि जे.पी. की कहानी गाँव वालों को याद है जुबानी। वे बताते है कि लोक नायक जयप्रकाश नारायण का जन्म 11 अक्टूबर 1902 ई. को सारण जिलान्तर्गत रिविलगंज प्रखंड के सिताब दियरा पंचायत के लाला टोला नामक एक गाँव में हुआ था।जो गंगा और सरयू नदी के तट पर स्थित है ! उनके पिता हरषुदयाल एवं माता फूलेश्वरी देवी थी। उनकी प्रारंभिक शिक्षा गाँव के पाठशाला में हुई थी। 1920 में प्रभावती के साथ विवाह सम्पन्न हुई और जेपी उच्च शिक्षा के अध्ययन के लिए अमेरीका भी गये थे।1929 ई. में वे स्वदेश वापस लौटे। इसके बाद वर्धा आश्रम में पहली मुलाकात हुयी। 85 वर्षीय गुरूजी बताते है कि जेपी बचपन से भ्रष्टाचार मुक्त समाज का निर्माण करना चाहते थे। गाँधी जी के असहयोग आन्दोलन में भाग लेकर हजारीबाग जेल में बंद हुए। 8 नवंबर ,1942 को हजारीबाग जेल से दीवार लांघकर फरार हो गए। यहाँ के लोग बताते है कि 1948 ई. में मार्क्स की विचार धारा को छोड़कर गाँधी जी की साधन शुद्धि की कार्य पद्धति को अपनाया। जिसमें शांति,सत्य और अहिंसा के मार्ग पर संघर्ष करना है। जे.पी. आत्मशुद्धि के लिए उपवास भी अधिक दिनों तक रहा करते थे। उन्होंन ने कई बार जेल की बहुत यातनाएं भी सही। जेपी अहिंसात्मक



क्रांति के लिए अपना जीवन दान भी दे दिए थे।

गुरूजी बताते है कि जेपी 1974 में इन्द्रिरा गाँधी तानाशाही और लोकतंत्र की रक्षा के लिए देश में बड़ा आन्दोलन खड़ा किया। जो आज जेपी आन्दोलन के नाम से जाना जाता है।इस आन्दोलन के दौरान जेपी स्वास्थ्य काफी खराब हो गया। आन्दोलन का परिणाम हुआ कि 1977 में देश में इन्द्रिरा गाँधी की सरकार चली गई। जिस कारण आज भी इस गाँव के लोग जेपी को श्रद्धापूर्वक याद करते है।

आगे गरीबा टोला के आलोक कुमार बताते है कि हमारी उम्र 1977 ई. में करीब 13 वर्ष थी। मैं अपने पिताजी स्व.गणेश प्रसाद सिंह और गाँव के ग्रामीणों के साथ जे.पी.आन्दोलन में सक्रिय था। मैं जेपी को गाँव में काफी नजदीक से देखा और सुना हूं।आलोक कुमार वर्तमान में लोक नायक जयप्रकाश नारायण राष्ट्रीय स्मारक ट्रस्ट के सचिव के पद पर कार्यरत है। गाँव ग्रामीण सर्व रामेश्वर सिंह, झूलन सिंह,वशिष्ठ सिंह, दिनेश पाठक, पूर्व मुखिया बच्चा साह , तारकेश्वर गोड, ढोलन बिन्द, प्रिंस कुमार भी जेपी के विषय में बहुत बात बताये। गाँव के लोग अभी तक स्मरण है कि जेपी की मृत्यु 8 अक्टूबर 1979 को पटना में हुयी थी।

## दुकान, गोदाम और घर जलकर राख

अररिया। शहर के आरएसके रेलवे गेट के निकट वार्ड संख्या-3 में शुक्रवार देर रात भीषण आग लगने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। रात करीब 1 बजे एक दुकान, गोदाम सह आवासीय मकान में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि गृहस्वामी विजय गुप्ता समेत परिवार के चार लोगों को जान बचाने के लिए पड़ोसी के छत पर कूदना पड़ा। इस दौरान परिवार के कुछ सदस्यों के कपड़े तक झुलस गए। घटना के बाद इलाके में चीख-पुकार और भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और घंटों की मशक्कत के बाद शनिवार को आग पर काबू पाया जा सका।

# शशांक बने प्रमंडल टॉपर, मेधावियों का हुआ सम्मान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू )।** सीबीएसई 10वीं बोर्ड परीक्षा 2025-26 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के सम्मान में एमकेडीएवी पब्लिक स्कूल, डालटेनगंज में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। विद्यालय के छात्र शशांक पाठक ने 98.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पलामू प्रमंडल में प्रथम स्थान हासिल किया। उनकी इस उपलब्धि से विद्यालय और जिले में उत्साह का माहौल है। वहीं विद्यालय के 51 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर शानदार सफलता दर्ज की।

समारोह के मुख्य अतिथि एलएमसी के उपाध्यक्ष सतबीर सिंह थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में डीएवी. आईईटी., पलामू के प्राचार्य डॉ. संजीव श्रीवास्तव एवं एलएमसी सदस्य गुरबीर सिंह उपस्थित रहे। अतिथियों ने मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा उनकी उपलब्धियों की सराहना की। छात्रा खुशी कुमारी ने 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान हासिल किया, जबकि मृणाल गुप्ता ने 97.4 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। संस्कृत विषय में ईशा मित्तल, अंश अग्रवाल एवं प्रीति राज ने शत-प्रतिशत अंक प्राप्त किए। वहीं सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) विषय में शशांक पाठक, अनन्या शर्मा एवं हर्षित राज ने 100 में 100 अंक हासिल कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया।

# उपायुक्त ने प्रशिक्षुओं से साझा किये अपने अनुभव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन ने जिला जनसंपर्क कार्यालय में प्रशिक्षण ले रहे बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल यूनिवर्सिटी (बीबीएमकेयू) के मास कम्युनिकेशन के 13 विद्यार्थियों के साथ अपने अनुभवों को साझा किया। उपायुक्त ने जनसंपर्क कार्यालय के कार्यों की व्याख्या की और जनता व प्रशासन के बीच होने वाले संवाद तथा समन्वय की भी जानकारी दी। साथ ही उन्होंने बताया कि धनबाद जैसे जिले में विकास की अपार संभावनाएं हैं।



हम सभी प्रयासरत हैं कि जिला के हर व्यक्ति को राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिले। प्रशासन और आमजनों के बीच दूरियां कम हो और विकास कार्य अच्छे से बढ़ सके। उपायुक्त ने विद्यार्थियों के प्रश्नों का भी उत्तर दिया। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को विभागीय डायरी देकर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

मौके पर बीबीएमकेयू के सौरभ कुमार, प्रीति तिवारी, रिशु राय, आरोही कुमारी, प्रतीक कुमार, प्रदीप लायक, सौरभ शर्मा, अमित सिंह, राज कुमार तांती, दिलीप कुमार, ज्योति कुमारी, गुड्डू कुमार, शब्बा प्रवीण मौजूद थे।

# लोक अदालत में एक अरब 70 करोड़ रुपये से ज्यादा की रिकवरी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** नालसा के निर्देश पर वर्ष 26 के दूसरे नेशनल लोक अदालत में एक अरब 70 करोड़ 98 लाख 15 हजार 838 रूपए की रिकवरी कर कुल 3 लाख 73 हजार 234 विवादों का निपटारा कर दिया गया। वहीं सड़क दुर्घटना में पति को खोने वाली प्रिया को एक करोड़ 14 लाख रुपये का चेक प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह चेयरमैन डालसा, निकेश कुमार सिन्हा ने दिया। दुर्घटना में पति को खोने वाली सिविल कोर्टकर्मी के पत्नी को भी न्यायाधीश ने एक करोड रुपए का चेक दिया. इसके पूर्व नेशनल लोक अदालत का उद्घाटन शनिवार को रांची से ऑनलाइन न्यायमूर्ती सुजित नारायण प्रसाद ने किया।

धनबाद में आयोजित कार्यक्रम में न्यायाधीश श्री सिन्हा ने कहा कि नेशनल लोक अदालत संविधान के परिकल्पना को पूरी करने के दिशा में एक कदम है ,हर तीन माह मे यह आयोजन किया जा रहा है। अवर न्यायाधीश सह सचिव डाालसा, मयंक, तुषार टोपनो ने कहा कि लोक अदालत में महीनों कोर्ट का चक्कर लगाने और पैसे की बबार्दी से बचा जा सकता है। अवर न्यायाधीश सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार मयंक तुषार टोपनो ने बताया कि विवादों एवं मुकदमो के निपटारे के लिए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के आदेश पर 12 बेंच का गठन किया गया था है जिनके द्वारा 3 लाख 73 हजार 234 विभिन्न तरह के विवादों का निपटारा कर दिया गया। वही एक अरब 70 करोड़ 98 लाख 15 हजार 838 रूपए की रिकवरी भी की गई। न्यायिक पदाधिकारियों में प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय सुभाष, अपर न्यायाधीश कुटुंब, न्यायालय एम मोइज जिला एवं सत्र न्यायाधीश दुर्गेश चंद्र अवस्थी, विजय कुमार श्रीवास्तव, पारस कुमार सिन्हा, प्रफुल्ल कुमार , कुमार साकेत, मनीष, के के शुक्ला श्री बिकेश,मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी बी के लाल ,अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी पार्थ सारथी घोष, अवर न्यायाधीश , रोशनी समा कुलु, पीएन उपाध्याय,प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी ऋषि कुमार, विवेक राज, मनोज कुमार, आइ जेड खान , अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी अभिजीत पांडेय, रेलवे के न्यायिक दंडाधिकारी मनोज कुमार , बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राधेश्याम गोस्वामी, लोक अभियोजक अवधेश कुमार, अपर लोक अभियोजक सतेंद्र राय ,स्थायी लोक अदालत के चेयरमैन पीयूष कुमार, सर्टिफिकेट ऑफिसर रविंद्रनाथ ठाकुर उपभोक्ता फोरम की सदस्य शिप्रा समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## एकमुश्त यातायात चालान निपटान योजना आयोजित

बांका। परिवहन विभाग, बिहार के निदेर्शानुसार शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत के तहत एकमुश्त यातायात चालान निपटान योजना का आयोजन किया गया। पुलिस उपाधीक्षक (यातायात) के नेतृत्व में आयोजित इस अभियान के तहत लंबित यातायात चालानों के निष्पादन की प्रक्रिया अपनाई गई, ताकि आम लोगों को त्वरित, सुलभ एवं किफायती न्याय उपलब्ध कराया जा सके।लोक अदालत में पहुंचे वाहन चालकों को पुराने लंबित चालानों के निपटारे का अवसर दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि इस योजना का उद्देश्य न्यायिक प्रक्रिया को सरल बनाते हुए लोगों को अनावश्यक परेशानी से राहत देना है। अभियान के दौरान चालानों का नियमानुसार निष्पादन किया गया तथा लोगों को यातायात नियमों के पालन के प्रति जागरूक भी किया गया। अधिकारियों ने कहा कि सड़क सुरक्षा के लिए ट्रैफिक नियमों का पालन बेहद जरूरी है। नियमों की अनदेखी से सड़क दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है। इसलिए वाहन चालकों को हमेशा हेलमेट, सीट बेल्ट एवं अन्य यातायात नियमों का पालन करना चाहिए।

# आयुष्मान योजनाओं की समीक्षा में डीसी सख्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर ( पलामू )।** जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने शनिवार को समाहरणालय सभागार में स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में मुख्यमंत्री डिजिटल हेल्थ स्कीम, मुख्यमंत्री रख-रखाव योजना, क्लिनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट, मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी योजना तथा आयुष्मान भारत योजना से संबंधित कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई।

समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने योजना के तहत किये जा रहे क्लेम को गंभीरता से लेते हुए जिले के आयुष्मान से संबद्ध कुल 17 अस्पतालों में हुए क्लेम की जांच कराने का निर्देश दिया। इसके लिए अपर समाहर्ता, संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी तथा जिला कल्याण पदाधिकारी को शामिल करते हुए एक जांच समिति गठित करने का निर्देश दिया।

उन्होंने कहा कि जांच समिति अस्पतालों में आयुष्मान योजना के तहत किये गये इलाज एवं क्लेम की बारीकी से जांच करेगी ताकि योजनाओं का लाभ सही लाभुकों तक पारदर्शी तरीके से पहुंचे तथा किसी प्रकार की अनियमितता पर आवश्यक कार्रवाई की जा सके। उन्होंने आमजनों के बीच आभा कार्ड को लेकर जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि डिजिटल हेल्थ सिस्टम को मजबूत बनाने में आभा कार्ड की महत्वपूर्ण भूमिका है। इसके माध्यम से मरीजों का स्वास्थ्य रिकॉर्ड डिजिटल रूप से सुरक्षित एवं सुगम हो सकेगा। उन्होंने अधिकारियों को पंचायत स्तर तक जागरूकता चलाकर अधिक से अधिक लोगों का आभा कार्ड बनाने का निर्देश दिया।इसके अलावा उपायुक्त ने विशेष रूप से पीवीटीजी समुदायों के बीच आयुष्मान कार्ड का कवरेज बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सरकार की स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है। इसके लिए दूरस्थ एवं कमजोर वर्गों के बीच विशेष अभियान चलाकर पात्र लोगों का आयुष्मान कार्ड सुनिश्चित किया जाए।

# डालसा ने थाम लिया टूटते परिवार का हाथ, सीआरपीएफ जवान की पत्नी को मिला न्याय

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** जब देश की रक्षा में तैनात जवान की असमय मौत से पूरा परिवार टूट जाता है, तब न्याय और सहारे की सबसे अधिक जरूरत होती है। ऐसे ही दर्दनाक क्षण में जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) ने एक शहीद परिवार का हाथ थामकर न केवल उन्हें न्याय दिलाया, बल्कि उनके जीवन में उम्मीद की नई किरण भी जगा दी। सीआरपीएफ 133 बीएन बटालियन के 25 वर्षीय जवान अरुण कुमार की पत्नी प्रिया कुमारी उस समय आठ माह की गर्भवती थीं। परिवार खुशियों की प्रतीक्षा कर रहा था, लेकिन 13 मई 2022 को एक तेज रफ्तार मारुति डिजायर कार ने अरुण कुमार को कुचल दिया। हादसा इतना भयावह था कि मौके पर ही उनकी मौत हो गई। देश की सेवा करने वाला जवान हमेशा के लिए खामोश हो गया और पीछे रह गया एक बेसहारा परिवार।

घटना की जानकारी मिलते ही जिला विधिक सेवा प्राधिकार के पारा लीगल वोलंटियर तुरंत शहीद के घर पहुंचे। परिवार की पीड़ा को समझते हुए वीर परिवार योजना के तहत इंश्योरेंस कंपनी और सरकार से उचित मुआवजा दिलाने की प्रक्रिया शुरू कराई गई। डालसा के सचिव के मार्गदर्शन में मोटरयान दुर्घटना दावा अधिनियम के तहत ट्रिब्यूनल में मुकदमा दायर किया गया।मामले की गंभीरता को देखते हुए डालसा के चेयरमैन सह प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश निकेश कुमार सिन्हा ने त्वरित सुनवाई के लिए इसे प्रथम जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनीष रंजन की

## डेढ़ करोड़ के करीब मुआवजा दिलाकर जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने पेश की संवेदनशीलता की मिसाल

अदालत में भेजा। अदालत के आदेश पर इंश्योरेंस कंपनी ने शहीद के परिवार को एक करोड़ 14 लाख 96 हजार रुपये का मुआवजा प्रदान किया। लेबर कोर्ट धनबाद में कार्यरत सहायक कृष्णा कुमार महतो की 2 जून 2025 को सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। इस मामले में भी डालसा ने तत्परता दिखाते हुए पीड़ित परिवार को एक करोड़ रुपये का मुआवजा दिलाया।

## मनाई गई रविंद्रनाथ टैगोर की जयंती

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

चांदन (बांका)। कन्या मध्य विद्यालय चान्दन के सभागार में शनिवार को रवीन्द्रनाथ टैगोर की जयंती हर्षोल्लास से मनाया गया।इस अवसर पर निबंध प्रतियोगिता एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विजेताओं को मेडल, मोमेंटो, कलम एवं प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया गया।निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर मोहित कुमार-7, द्वितीय स्थान पर सुधांसु कुमार-8 एवं तृतीय स्थान पर रमण कुमार-8 रहे। वहीं भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर सोयम कुमार-8, द्वितीय स्थान पर आर्यन कुमार-8 और तृतीय स्थान पर पूजा कुमारी-8 रहे।

# मरीजों को दी गई मुफ्त कानूनी सहायता की जानकारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** झालसा रांची के निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार, धनबाद के तत्वावधान में चलाए जा रहे 90 दिवसीय जागरूकता एवं आउटरीच कार्यक्रम के तहत धनबाद के शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड अस्पताल में शनिवार को विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में अस्पताल पहुंचे मरीजों और उनके परिजनों को निःशुल्क कानूनी सहायता, लोक अदालत, मध्यस्थता, मुफ्त अधिवक्ता सुविधा और नालसा-झालसा की योजनाओं की जानकारी दी गई। लोगों को मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी योजना के तहत मिलने वाली सहायता राशि और आवेदन प्रक्रिया भी समझाई गई। डालसा टीम के वरीय पीएलबी चंदन कुमार,अनामिका सिंह, गीता सिंह और पूनम कुमारी ने बताया कि जिन लोगों पर मुकदमा चल रहा है या जो जेल में बंद हैं, उन्हें एलएडीसीएस योजना के तहत मुफ्त अधिवक्ता उपलब्ध कराया जाता है। साथ ही 24 घंटे कानूनी परामर्श के लिए टोल फ्री नंबर 15100 की जानकारी भी दी गई। शिविर के दौरान एक मरीज, जिसे कुत्ते ने काट लिया था, अस्पताल में इंजेक्शन लगवाने पहुंचा था लेकिन उसका कागजी काम पूरा नहीं हो पा रहा था।

## नाबालिग से छेड़खानी

शिवाजीनगर। शिवाजीनगर में किराए के मकान में अपने परिवार के साथ रहकर उमेश मंडल अपनी 16 वर्षीय नवालिग पुत्री को पठन-पाठन कराते अपने परिवार के साथ रहते हैं। लक्ष्मी कुमारी ने शिवाजीनगर थाने में एक आवेदन देकर केस दर्ज कराई है। आवेदन में दशार्या गया है कि मैं अपने घर से प्रत्येक दिन सुबह प्रखंड मुख्यालय पर कंप्यूटर क्लास करने जा रही हू इस दौरान मोहम्मद सरफराज हुसैन उम्र 18 वर्ष पिता फुल हुसैन जो शिवाजी नगर प्रखंड के शंकरपुर पंचायत के काजी डुमरा गांव का रहने वाला है। वह लड़का बुरी नीयत से छेड़छाड़ करता है।

# वेतनमान की मांग को लेकर अनुकंपा कर्मियों का हुंकार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अररिया।** शनिवार को पुराने जिला शिक्षा कार्यालय परिसर के समीप अनुकंपा पर बहाल लिपिक एवं परिचारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में वेतन विसंगति, समय पर वेतन भुगतान नहीं होने, सरकार की वादाखिलाफी तथा वेतनमान लागू करने की मांग को लेकर कर्मियों ने जमकर नाराजगी जताई।



बैठक में मौजूद कर्मियों ने एक स्वर में कहा कि अनुकंपा के आधार पर वर्षों से सेवा देने के बावजूद उन्हें आज भी सम्मानजनक वेतन और राज्यकर्मी का दर्जा नहीं मिला है। कर्मियों ने चेतावनी देते हुए कहा कि उनकी लड़ाई अब सड़क से लेकर कोर्ट तक जारी रहेगी और जब तक न्याय नहीं मिलेगा, आंदोलन चलता रहेगा।

लिपिकों ने बताया कि वर्तमान में उन्हें मात्र 16,500 रुपये मासिक वेतन दिया जा रहा है, जो बढ़ती महंगाई के दौर में परिवार चलाने के लिए बेहद कम है। कर्मियों का कहना था कि इतने कम वेतन में बच्चों की पढ़ाई, इलाज और घरेलू खर्च चलाना मुश्किल हो गया है। उन्होंने सरकार से अविलंब वेतनमान लागू करने एवं नियमित राज्यकर्मी का दर्जा देने की मांग की।

बैठक में तारिक आलम, सोनम कुमारी, प्रीति कुमारी, प्रभात रंजन, प्रिंस, विकास पासवान, नीलू सिंह समेत दर्जनों लिपिक एवं परिचारी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### वाइस एडमिरल कृष्ण स्वामीनाथन को सरकार ने बनाया अगला नौसेना प्रमुख

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत सरकार ने वाइस एडमिरल कृष्ण स्वामीनाथन को भारतीय



नौसेना का अगला प्रमुख नियुक्त किया है। वह वर्तमान नौसेना प्रमुख का कार्यकाल समाप्त होने के बाद 31 मई 2026 को कार्यभार संभालेंगे और 31 दिसंबर 2028 तक इस पद पर बने रहेंगे। वह वर्तमान में मुंबई स्थित पश्चिमी नौसेना कमान के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ के रूप में कार्यरत हैं। आपको बता दें कि वाइस एडमिरल स्वामीनाथन का भारतीय नौसेना में एक शानदार और लंबा करियर रहा है। इसी वजह से सरकार ने उन्हें नौसेना का नेतृत्व सौंपा है। आपको बता दें कि उन्हें 1 जुलाई, 1987 को भारतीय नौसेना में कमीशन मिला था। वे संचार और इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर के विशेषज्ञ माने जाते हैं। उन्होंने नेशनल डिफेंस एकेडमी (खडकवासला) से पढ़ाई की थी। उन्होंने यूनाइटेड किंगडम के जॉइंट सर्विसेज कमांड एंड स्टाफ कॉलेज और अमेरिका के यूनाइटेड स्टेट्स नेवल वार कॉलेज से शिक्षा प्राप्त की है। वे कॉलेज ऑफ नेवल वारफेयर (करंजा) से भी जुड़े रहे हैं। नौसेना प्रमुख के रूप में वाइस एडमिरल स्वामीनाथन पर भारतीय समुद्री सीमाओं की सुरक्षा और नौसेना के आधुनिकीकरण की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी होगी।

### दिल्ली में फिर बदलेगा मौसम का मिजाज, तेज हवा के साथ बारिश का अलर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मौसमी उतार- चढ़ाव के बीच नए पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से दिल्ली का मौसम एक बार फिर से बदलेगा। सोमवार और मंगलवार के लिए मौसम विभाग ने यलो अलर्ट भी जारी कर दिया है। दोनों ही दिन बादलों की आवाजाही बनी रहेगी। 50 किमी प्रति घंटे की तेज रफ्तार झोंकेदार हवा चलने के साथ साथ ही हल्की वर्षा होने की भी संभावना है। शुक्रवार को दिन भर आसमान साफ रहा। तेज धूप भी निकली रही। अधिकतम तापमान जहां सामान्य से 2.9 डिग्री कम 36.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ वहीं न्यूनतम तापमान सामान्य से 2.5 डिग्री कम 22.6 डिग्री रिकार्ड किया गया। हवा में नमी का स्तर 83 से 36 प्रतिशत तक रहा। मौसम विभाग के अनुसार शनिवार को आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। धूप भी निकली रहेगी। अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान क्रमश: 36 और 24 डिग्री सेल्सियस के आसपास रिकार्ड किया जा सकता है।

### पंजाबी बाग में दिल्ली जल बोर्ड की खुदाई से फटी गैस पाइपलाइन

**पश्चिमी दिल्ली, एजेंसी।** पश्चिमी दिल्ली के पंजाबी बाग के अंतर्गत आने वाले पश्चिम पुरी, पाकेट-3 में शुक्रवार को उस वक्त अफरा तफरी मच गई, जब दिल्ली जल बोर्ड की खुदाई के दौरान अचानक इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (आईजीएल) की गैस पाइपलाइन फट गई। पाइपलाइन फटने से इलाके में तेज आवाज के साथ गैस का रिसाव शुरू हो गया, जिससे स्थानीय निवासियों में भारी दहशत फैल गई। स्थानीय निवासी ने दिल्ली जल बोर्ड पर गंभीर लापरवाही के आरोप लगाए हैं। लोगों का कहना है कि डिस्पेंसरी वाली रोड पर बिना किसी सुरक्षा मानकों के खुदाई का काम चल रहा था। मौके पर न तो कोई बैरिकेडिंग की गई थी और न ही सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम थे। स्थानीय लोगों के अनुसार, उचित सुरक्षा घेरा न होने के कारण राहगीर आए दिन यहां गिरकर चोटिल हो रहे हैं और शुक्रवार को गैस पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हो गया, जो एक बड़ा हादसे का कारण बन सकता था। पाइपलाइन फटने के बाद करीब डेढ़ घंटे तक गैस का तेज रिसाव होता रहा, जिसकी आवाज दूर-तक सुनाई दे रही थी, जो लोगों में दहशत पैदा कर रही थी। सूचना मिलते ही दिल्ली पुलिस, दमकल विभाग और आपदा प्रबंधन की टीमें मौके पर पहुंच गईं।

# यमुनापार में जल संकट से मचा हाहाकार: सैकड़ों शिकायतों के बावजूद समाधान नहीं, लोग परेशान

**पूर्वी दिल्ली, एजेंसी।** जैसे-जैसे गर्मी बढ़ रही है वैसे ही यमुनापार के कई इलाकों में जल संकट बना हुआ है। कई क्षेत्रों में पानी की सप्लाई बाधित है तो कुछ में गंदे पानी की सप्लाई हो रही हैं जिसके कारण स्थानीय लोग परेशान है।

लोगों ने पेयजल की आपूर्ति ठीक ढंग से न होने पर जल बोर्ड के शिकायत नंबर 1916 पर काल किए है परंतु लोगों ने आरोप लगाते हुए बताया कि अधिकारी समस्या का समाधान नही करते हैं। शकरपुर, मंडावली, खिचड़ीपुर, मौजपुर, ब्रह्मपुरी समेत कई क्षेत्रों में लोगों को पानी की भारी किल्लत का सामना करना पड़ रहा है।

सुबह-शाम पानी के लिए लोगों को रात भर जागना पड़ रहा है उसके बावजूद भी पानी नहीं मिल रहा हैं। सूत्रों की माने तो दिल्ली जल बोर्ड के शिकायत नंबर और शिकायत पोर्टल पर रोजाना सैकड़ों शिकायतें दर्ज कराई जा रही हैं, लेकिन अधिकांश मामलों में समय पर समाधान नहीं हो रहा।

लोगों का आरोप है कि हर साल गर्मियों में यही स्थिति बनती है, लेकिन स्थायी समाधान की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाए जाते। कई जगहों पर टैंकरों पर निर्भरता बढ़ गई है, जिससे लोगों को अतिरिक्त खर्च उठाना पड़ रहा है। स्थानीय निवासियों ने मांग की है कि जल बोर्ड प्रभावित इलाकों में पानी की आपूर्ति बढ़ाए, लीकेज और पाइपलाइन की समस्याओं को तुरंत दूर करे तथा शिकायतों के निस्तारण के लिए विशेष अभियान चलाया जाए।



जल बोर्ड के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि कई इलाकों में पानी का दबाव बेहद कम है, जिससे पानी का प्रेशर कम है। वहीं कुछ क्षेत्रों में गंदा और बदबूदार पानी आने की शिकायतों का भी समाधान किया जा रहा है। अधिक शिकायतों के चलते समाधान में समय लग रहा है। कई स्थानों पर पाइपलाइन भी बदली जार रहीं हैं।

शकरपुर क्षेत्र में पानी की समस्या बेहद गंभीर है। सुबह से पानी के लिए बाल्टी लेकर खड़ा होना पड़ता है, फिर भी पूरा पानी नहीं मिल पाता। शिकायत करने के बाद भी कोई स्थायी समाधान नहीं होता।

पिछले कई दिनों से नलों में गंदा और बदबूदार पानी आ रहा है। बच्चों को बीमार होने का डर बना रहता है। मजबूरी में बाहर से पानी खरीदना पड़ रहा है, जिससे आर्थिक बोझ भी बढ़ रहा है। हर साल गर्मी में यही हाल होता है। टैंकर पर निर्भर रहना पड़ता है, लेकिन वह भी समय पर नहीं आता। जल बोर्ड की व्यवस्था सिर्फ कागजों में ही ठीक लगती है, जमीन पर हालात बहुत खराब हैं। कई बार शिकायत दर्ज कराई, लेकिन कोई सुनवाई नहीं होती। गंदा पानी पीने से बीमारी का भी खतरा बढ़ने लगा है।

### 'मेरे साथ एक रात बिताओ', दिल्ली में महिला इंटर्न से यौन उत्पीड़न के मामले में कंपनी के सीईओ पर केस दर्ज

**दक्षिणी दिल्ली, एजेंसी।** साकेत थाना क्षेत्र स्थित एक निजी डिजिटल कंपनी के सीईओ पर कार्पोरेट कल्चर की आड़ में महिला इंटर्न के साथ कथित यौन उत्पीड़न करने का आरोप लगा है। पीड़िता की शिकायत पर साकेत थाना पुलिस ने एफआइआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता राजस्थान की रहने वाली है और दिल्ली में रहकर एक डिजिटल कंपनी में सोशल मीडिया इंटर्न के तौर पर काम कर रही थी। पुलिस को दी गई शिकायत में पीड़िता ने बताया कि कंपनी का सीईओ पद का फायदा उठाकर उसके साथ लगातार अनुचित व्यवहार करता था। शिकायत में कहा गया है कि आरोपित देर रात व्हाट्सएप कॉल करता था और निजी व आपत्तिजनक बातें करता था। पीड़िता ने बताया कि आरोपित सीईओ अक्सर आफिस और आफिस के बाहर उसे आपत्तिजनक शब्दों से बुलाता था। ऑफिस में कई बार बिना अनुमति उसके हाथ, कंधे और बाल छूता था। युवती ने यह भी आरोप लगाया कि पांच मार्च को आरोपित ने अपने केबिन में उसके साथ बदसलूकी की। विरोध करने पर आरोपित ने इसे 'दिल्ली का कार्पोरेट कल्चर' बताया और किसी को जानकारी देने पर करियर खराब करने की धमकी भी दी। शिकायत में कंपनी की महिला डायरेक्टर और एसआर कर्मी पर भी मानसिक प्रताड़ना एवं धमकी देने के आरोप लगाए गए हैं। पीड़िता का कहना है कि इंटर्नशिप पूरी होने से पहले उसे नौकरी छोड़ने के लिए मजबूर किया गया।

### अनिल चौहान के बाद सीडीएस बनेंगे लेफ्टिनेंट जनरल एनएस राजा सुब्रमणि

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत सरकार ने देश की सैन्य कमान में एक महत्वपूर्ण बदलाव करते हुए लेफ्टिनेंट जनरल एन. एस. राजा सुब्रमणि (रिटायर) को नया चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) नियुक्त किया है। वह सैन्य मामलों के विभाग के सचिव के रूप में भी जिम्मेदारी संभालेंगे। लेफ्टिनेंट जनरल सुब्रमणि कार्यभार संभालने की तिथि से अगले आदेश तक इस पद पर बने रहेंगे। आपको बता दें कि मौजूदा चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान 30 मई 2026 को अपना कार्यकाल पूरा करेंगे। कौन हैं लेफ्टिनेंट जनरल एन. एस. राजा सुब्रमणि? लेफ्टिनेंट जनरल सुब्रमणि भारतीय सेना के एक अत्यंत अनुभवी और सम्मानित अधिकारी रहे हैं। उन्हें वीएसएम, एवीएसएम, एसएम और वीएसएम जैसे प्रतिष्ठित सैन्य पदकों से सम्मानित किया जा चुका है।



वर्तमान में वह 1 सितंबर 2025 से राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय में सैन्य सलाहकार के रूप में कार्यरत हैं। इससे पहले वह 1 जुलाई 2024 से 31 जुलाई 2025 तक थल सेना के उप-प्रमुख रहे। मार्च 2023 से जून 2024 तक उन्होंने सेंट्रल कमांड के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ की कमान संभाली थी। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ भारतीय सशस्त्र बलों थल सेना, नौसेना और वायु सेना के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने के लिए सर्वोच्च पद है। वह सरकार के लिए प्रमुख सैन्य सलाहकार के रूप में कार्य करते हैं और रक्षा क्षेत्र में सुधारों और थिएटर कमांड की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। जनरल अनिल चौहान के रिटायर होने के बाद, लेफ्टिनेंट जनरल सुब्रमणि पर भारतीय रक्षा तंत्र को और अधिक आधुनिक और एकीकृत बनाने की जिम्मेदारी होगी।

# हंता वायरस को लेकर भारत भी हुआ अलर्ट

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दुनियाभर में कोरोना वायरल की तबाही के बाद अब एक नए वायरस ने खलबली मचा दी है। हंता वायरस के नाम से जाने जाने वाले इस वायरस को लेकर चिंताएं बढ़ती जा रही हैं। डच क्रूज शिप 'एमवी होंडियस' से संक्रमण फैलने के बाद इस वायरस ने अब तक 3 लोगों की जान ले ली है और कई देशों में इसे लेकर अलर्ट जारी कर दिया गया है। अब भारत सरकार भी इसे लेकर अलर्ट हो गई है और एहतियाती कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। जानकारी के मुताबिक केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने निगरानी के कड़े निर्देश जारी किए हैं। इससे पहले विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार, क्रूज शिप पर अब तक हंता वायरस के 8 संदिग्ध मामले सामने आए हैं, जिनमें से 5 की पुष्टि हो चुकी है। इस संक्रमण की चपेट में आने से अब तक तीन यात्री दम तोड़ चुके हैं। मई के पहले सप्ताह में यह खबर सामने आने के बाद से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हड़कंप मचा हुआ है।

**जहाज पर मौजूद भारतीयों की क्या हालत:** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के सूत्रों ने शुक्रवार को बताया है कि एमवी होंडियस पर सवार दो भारतीय नागरिकों में हंटावायरस संक्रमण के कोई लक्षण नहीं हैं और अंतरराष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रोटोकॉल के अनुसार उन्हें निगरानी में रखा गया है। सूत्रों ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय स्वास्थ्य विनियम चैनलों के जरिए मिली जानकारी से संकेत मिलता है कि दोनों भारतीय निगरानी में हैं। वहीं मंत्रालय डब्ल्यूएचओ और अन्य अंतरराष्ट्रीय प्लेटफॉर्म्स के साथ संपर्क बनाए हुए है।

भारत ने खतरे को देखते हुए अपनी सर्विलांस प्रणाली को एक्टिव कर दिया है। नेशनल सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल और इंटीग्रेटेड डिजीज सर्विलांस



प्रोग्राम स्थिति पर नजर रखे हुए हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने शुक्रवार को एक उच्च-स्तरीय बैठक की है। इसके तहत जांच के लिए मौजूद सुविधाओं को मजबूत करना, संक्रमण की स्थिति का आकलन करना और यात्रियों और चालक दल के सदस्यों के सुरक्षित उतरने और आगे की यात्रा की व्यवस्था सुनिश्चित करना शामिल है। गौरतलब है कि इस क्रूज शिप पर हंता वायरस का एंडीज स्ट्रेन मिला है। यह स्ट्रेन ज्यादातर दक्षिण अमेरिका में पाया जाता है और वैज्ञानिकों के लिए चिंता का विषय इसलिए है क्योंकि यह इंसान से इंसान में फैलने वाला हंता वायरस का इकलौता स्ट्रेन है। आमतौर पर यह संक्रमित चूहों के पेशाब, लार या मल के संपर्क में आने से फैलता है। एंडीज स्ट्रेन के मामले में यह लंबे समय तक संपर्क में रहने पर एक इंसान से दूसरे में भी जा सकता है। हालांकि डब्ल्यूएचओ की विशेषज्ञ मारिया वैन केरखोव ने स्पष्ट किया है कि यह कोविड-19 या इन्फ्लुएंजा की तरह हवा के जरिए तेजी से नहीं फैलता, इसलिए घबराने की जरूरत नहीं है। हंता वायरस के शुरुआती लक्षणों की बात करें तो मरीज को बुखार, बदन दर्द, मांसपेशियों में दर्द और थकान जैसे लक्षण दिख सकते हैं। वहीं बाद में सांस लेने में भी गंभीर समस्या हो सकती है। हंता वायरस का 'इनक्यूबेशन पीरियड' लम्बा होता है, यानी संक्रमण होने से बाद लक्षण दिखने में काफी समय लगता है। ऐसे में आने वाले दिनों में और मामले सामने आने की आशंका बनी हुई है। फिलहाल विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इस वायरस के वैश्विक जोखिम को 'कम' बताया है।

### यूएफओ फाइलों पर अमेरिका का बड़ा खुलासा: फाइलें सार्वजनिक करना शुरू; पेंटागन करेगा और दस्तावेज-वीडियो जारी

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी रक्षा मंत्रालय (पेंटागन) ने अज्ञात असामान्य परिघटनाएं (यूएपी), जिन्हें आमतौर पर यूएफओ कहा जाता है, से जुड़ी नई फाइलें सार्वजनिक करना शुरू कर दिया है। शुक्रवार को सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से पेंटागन ने बताया कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का ध्यान जनता को अधिकतम पारदर्शिता प्रदान करने पर है, ताकि लोग इन जानकारियों के आधार पर स्वयं अपना निष्कर्ष निकाल सकें। पेंटागन विभाग ने कहा कि पिछली सरकारों ने जनता को




हतोत्साहित करने की कोशिश की थी, लेकिन मौजूदा प्रशासन पारदर्शिता के लिए प्रतिबद्ध है। ये दस्तावेज किस्तों में जारी किए जाते रहेंगे। रिपब्लिकन सांसद टिम बर्चेट ने बयान जारी कर राष्ट्रपति ट्रंप को पारदर्शिता का अपना वादा निभाने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि पूरी पारदर्शिता एक साथ नहीं होगी, इसमें कुछ समय लगेगा। सांसद अन्ना पॉलिना लूना ने सोशल मीडिया पर जानकारी दी कि भविष्य में वे 46 वीडियो भी जारी किए जा सकते हैं, जिनकी मांग व्हिसलब्लोअर्स ने की थी। व्हाइट हाउस, नासा और एफबीआई के सहयोग से चल रही इस पहल के बीच विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि सैन्य तकनीक की समझ न रखने वाले लोग इन वीडियो की गलत व्याख्या कर सकते हैं। हालांकि, पेंटागन की पिछली रिपोर्टों में अब तक एलियन तकनीक या जीवन का कोई पुख्ता सबूत नहीं मिला है। अमेरिका में अज्ञात उड़न वस्तुओं से जुड़े मामलों को लेकर बड़ा कदम उठाया गया है।

# एआई पर सहयोग बढ़ाएंगे भारत-अमेरिका; चीन को घेरने की है तैयारी

**वाशिंगटन, एजेंसी।** भारत और अमेरिका के बीच कृत्रिम बुद्धिमत्ता और उभरती तकनीकों को लेकर सहयोग लगातार मजबूत हो रहा है। इसी बीच अमेरिका के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा है कि जैसी अत्याधुनिक तकनीकों की पूरी क्षमता हासिल करने के लिए भारत और अमेरिका को खुलेपन के सिद्धांतों पर आगे बढ़ना होगा और विरोधी देशों पर किसी भी प्रकार की तकनीकी निर्भरता से बचना होगा।

अमेरिकी विदेश विभाग की डिप्टी असिस्टेंट सेक्रेटरी बेथानी मॉरिसन ने शुक्रवार को आयोजित यूएस-इंडिया एआई एंड इमर्जिंग टेक्नोलॉजी फोरम को संबोधित करते हुए यह बात कही। इस कार्यक्रम का आयोजन यूएस-इंडिया एआई और इमर्जिंग टेक्नोलॉजी फोरम की ओर से किया गया था। बेथनी मॉरिसन ने कहा कि अमेरिका चाहता है कि इंडो-पैसिफिक क्षेत्र के देशों को विश्वस्तरीय तकनीक तक पहुंच मिले और उसे समाज के विकास व लोगों को बेहतर सुविधाएं देने के लिए इस्तेमाल किया जाए। उन्होंने कहा कि तकनीक में अपार संभावनाएं हैं, लेकिन इसके लाभ पूरी तरह तभी मिल सकते हैं जब देश खुले और सुरक्षित तकनीकी ढांचे पर काम करें।

उन्होंने कहा कि हमें यह सुनिश्चित करना होगा



कि हमारी तकनीकी साझेदारी सुरक्षा, इंटरऑपरेबिलिटी और भरोसेमंद आपूर्ति श्रृंखला पर आधारित हो। साथ ही हमें विरोधी देशों पर निर्भरता से बचना होगा। मॉरिसन ने क्षेत्र में तेजी से बढ़ रहे निवेश का भी जिक्र किया। उन्होंने बताया कि साल 2026 की पहली तिमाही में निजी क्षेत्र ने,ढ्ढ तकनीकों के विकास में 300 अरब डॉलर से ज्यादा का निवेश किया है, जिसमें आधे से अधिक निवेश अमेरिकी कंपनियों द्वारा किए गए हैं। उन्होंने भारतीय कंपनियों की भी सराहना करते हुए कहा कि भारत की कंपनियां और उभरती तकनीकों के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रही हैं। उन्होंने बताया कि इसी सप्ताह आयोजित सेलेक्टयूएसए इन्वेस्टमेंट समिट में भारतीय कंपनियों ने 1.1 अरब डॉलर के निवेश की घोषणा की है, जो दोनों देशों के बीच मजबूत होते तकनीकी और आर्थिक रिश्तों का संकेत है। अमेरिकी अधिकारी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की भी तारीफ की। उन्होंने कहा कि भारत सरकार साफ तौर पर समझती है कि तकनीक का इस्तेमाल दोनों देशों की समृद्धि और विकास के लिए होना चाहिए, लेकिन साथ ही इससे जुड़े सुरक्षा खतरों को लेकर भी सतर्क रहना जरूरी है।

# चुनाव जीतने के लिए टेक्सस की युवती की हेट स्पीच, भारतीय संस्कृति का उड़ाया मजाक

**टेक्सस , एजेंसी।** टेक्सस में रहने वाली एक महिला ने कई भारत-विरोधी बातें कही हैं। केली नाम की इस महिला ने भारतीय संस्कृति का मजाक उड़ाया है। केली ने टेक्सस गवर्नर का चुनाव लड़ने का दावा किया है।

केली ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर भारतीय वेशभूषा में मंदिर के आगे खड़ी अपनी एक एआई फोटो शेयर की है और फोटो पोस्ट करते हुए कहा है कि उसका नया नाम प्रियाहै।

**टेक्सस की महिला ने कही भारत-विरोधी बातें:** केली की बातों ने भारत-विरोधी बातों को भड़का दिया है। केली ने एक्स पर लिखा, भारत से आए लोगों ने दावा किया है कि वे भी मेरी ही तरह अमेरिकन हैं, इसलिए मैंने इंडियन बनने का फैसला किया है। मेरा नया नाम प्रिया है, लेकिन मैं मंदिर में भी हैमबर्गर खाऊंगी और जूते पहनूंगी, क्योंकि मैं अपनी टेक्सस की संस्कृति नहीं छोड़ सकती।

केली ने आगे लिखा, मैं भी आप सबकी



तरह ही भारतीय हूं और मेरा नया नाम इस बात को साबित करता है। असल में, हम सबको ही इंडियन बन जाना चाहिए और मंदिर में स्टेक ग्रिल करके खाने चाहिए। धन्यवाद।विरोध के बाद भी नहीं रुकी केली

केली की इस एआई फोटो और पोस्ट पर जब भारतीय समुदाय की तरफ से भारी विरोध जताया गया, तब केली ने एक और पोस्ट करते हुए लिखा, आप लोग बर्गर ग्रिल करते हुए मेरी एक मजाकिया तस्वीर से इतना ज्यादा नाराज क्यों हो रहे हैं? यही तो टेक्सस के लोग करते हैं।

केली ने आगे लिखा, जरा सोचिए कि टेक्सस के लोगों को कैसा लगता होगा जब आप लोग यहां असल जिंदगी में हमारी संस्कृति का सम्मान नहीं करते। अपने घमंड से बाहर निकलो।

केली ने पोस्ट में आगे लिखा, सच्चे टेक्सस के लोगों को प्रकृति का सम्मान करना और गंदगी न फैलाना सिखाया जाता है। हमारी झीलों में दूध, मूर्तियां और फल डालना हमारे लिए किसी बेवकूफी भरी एआई तस्वीर से कहीं ज्यादा अपमानजनक है।

केली ने आगे बताया, टेक्सस के लोग हर कोने पर खुल रही भारतीय दुकानों को देख-देखकर थक चुके हैं। यहां का हर नया शॉपिंग सेंटर भारतीय ही है!! यह भारत नहीं है! यह हमारे लिए अपमानजनक है।

**भारत-विरोधी बातें कहकर मांगे वोट:** केली स्मिथ ने बताया कि वो इस नवंबर में होने वाले गवर्नर चुनाव के लिए राइट-इन कैंडिडेटहैं। राइट-इन कैंडिडेटवह होता है जिसका नाम छपे हुए मतपत्र पर नहीं होता और मतदाताओं को उसका नाम खुद लिखकर वोट देना पड़ता है।

केली ने चंदा जुटाने का अभियान भी शुरू किया है, जिसमें अब तक सिर्फ 14 लोगों ने ही दान दिया है। केली ने चंदा जुटाने वाले अभियान के बारे में बताते हुए लिखा, मेरा नाम केली स्मिथ है और मैं जिंदगी भर से टेक्सस में ही रही हूं। मैं सीडर हिल में पली-बढ़ी हूं। मुझे अमेरिका पर पूरा भरोसा है और मेरा मानना है कि टेक्सस सिर्फ टेक्सस के लोगों का ही है।

केली ने आगे लिखा, आइए हम सब मिलकर एक हो जाएं। इस नवंबर में मैं गवर्नर पद के लिए राइट-इन कैंडिडेट के तौर पर अपना नाम मतपत्र में शामिल करवाऊंगी। जीतना भले ही मुश्किल हो, लेकिन टेक्सस को बचाना बहुत जरूरी है।

### रूस ने यूएई से की शांति वार्ता का समर्थन करने की अपील

**मास्को, एजेंसी।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव को कम करने की दिशा में रूस ने एक महत्वपूर्ण कूटनीतिक कदम उठाया है। रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने अपने यूएई समकक्ष शेख अब्दुल्ला बिन जायद अल नाहयान से फोन पर बातचीत की। इस दौरान उन्होंने ईरान-अमेरिका के बीच जारी वार्ता को पूर्ण समर्थन देने की आवश्यकता पर बल दिया। रूसी विदेश मंत्रालय की ओर से जारी बयान के अनुसार, लावरोव ने स्पष्ट किया कि क्षेत्र में फिर से शत्रुता और सैन्य संघर्ष को रोकने के लिए इन वार्ताओं की सफलता अनिवार्य है, ताकि पिछले कुछ समय से बनी स्थिरता के प्रयासों को कोई खतरा न पहुंचे। दोनों नेताओं ने इस बात पर सहमति जताई कि मौजूदा परिस्थितियों में किसी भी ऐसी सैन्य कार्रवाई से बचना चाहिए जो क्षेत्रीय सुरक्षा और बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा सकती हो।



# हैदराबाद नंबर 1, 5 टीमों के बीच टॉप 2 की जंग

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2026 के 51 मैचों के बाद इतना साफ नजर आ रहा है कि प्लेऑफ की रेस में अब सिर्फ 7 टीमें बची हैं। क्योंकि बची हुई तीन टीमें अब अधिकतम 14-14 अंक तक ही जा पाएंगी। प्लेऑफ के लिए पिछले कई सालों में 16 अंक का आंकड़ा जरूरी रहा है। यानी मुंबई इंडियंस, लखनऊ सुपर जायंट्स और दिल्ली कैपिटल्स को इस सीजन निराश होना पड़ेगा और उनकी उम्मीदें लगभग खत्म हो चुकी हैं। सनराइजर्स हैदराबाद की टीम 51 मैचों के बाद नंबर 1 बनी हुई है।

**टॉप 2 के लिए किसमें जंग-** टॉप 2 की रेस काफी रोचक होने वाली है। क्योंकि सनराइजर्स हैदराबाद 11 में से सात जीत के साथ 14 अंक लेकर टॉप पर है। अगर उसने बचे बुए तीनों मैच जीते तो शायद नंबर 1 पर ही लीग स्टेज के अंत तक रहेगी। अगर टीम 18 अंक तक रहती है तो अंत में सिर्फ हैदराबाद ही नहीं कई टीमें 18 पर ही रुक सकती हैं। ऐसे में नट रनरेट का अहम रोल हो जाएगा। फिलहाल टॉप 2 की रेस में सनराइजर्स हैदराबाद, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, पंजाब किंग्स, राजस्थान



रॉयल्स और गुजरात टाइटंस हैं। इसमें हैदराबाद तो नंबर 1 है ही लेकिन पंजाब किंग्स के पास भी एक अतिरिक्त अंक का फायदा है जब उसका लीग मैच केकेआर के साथ रद्द हो गया था। पंजाब के 10 मैचों के बाद 13 अंक हैं। बचे हुए चार मैचों में से तीन जीत भी पंजाब को टॉप 2 में बरकरार रख सकती हैं। यानी 19 अंक के साथ पंजाब 2 में दावेदारी मजबूत कर सकता है। अगर राजस्थान, आरसीबी और गुजरात की बात करें तो तीनों की स्थिति अभी समान है बस नेट रनरेट का फर्क है। इन तीनों टीमों ने 10 में से 6-6 मैच जीते हैं और चार गंवाए हैं। 12-12 अंक के साथ यह तीनों टीमें अभी टॉप 5 में हैं। इनके पास भी टॉप 2 का पूरा मौका है। बचे हुए चार में से चार मैच जीतने वाली टीम आराम से टॉप 2 में फिनिश कर सकती है। मगर ऐसा तीनों टीमें नहीं कर पाएंगी यह भी साफ है, क्योंकि आपस में भी इनके मुकाबले भिड़ेंगे।

# 'कोई भी गार्डन में नहीं घूमेगा'

- **रोहित शर्मा टीवी पर डेब्यू करने के लिए तैयार**

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व टी20 वर्ल्ड कप विजेता कप्तान रोहित शर्मा अपने टेलीविजन डेब्यू के लिए तैयार हैं। 'हिटमैन' के शो का टीजर शुक्रवार (8 मई) को रिलीज हुआ। फिलहाल शो किस चीज को लेकर होगा, उसका क्या नाम होगा यह जानकारी सामने नहीं आई है। इसका प्रसारण सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन और सोनी लिव पर होगा। नीचे इस शो का टीजर देख सकते हैं। एक मिनट और 40 सेकंड से अधिक की क्लिप में रोहित शर्मा अपने प्रशंसकों के साथ बातचीत करते हुए दिखते हैं, जो उत्सुकता से उनसे 'कोई भी गार्डन में नहीं घूमेगा' बोलने का आग्रह करते हैं। एक-एक करके प्रशंसक उनसे यह लाइन दोहराने के लिए कहते रहते हैं।



## जब मेरा पूरा शो आएगा तो क्या होगा?

प्रोमो में एक समय रोहित शर्मा इतने परेशान हो जाते हैं कि वह फोन करके अपने असिस्टेंट से कहते हैं कि उनके घर की छत पर गार्डन में हो रहा काम रोक दें, क्योंकि वह बार-बार गार्डन के बारे में सुनकर तंग आ चुके हैं। वीडियो के अंत में रोहित कहते हैं, 'दो लाइन क्या बोल दी इतना वायरल हो गया... जब मेरा पूरा शो आएगा तो क्या होगा?'

## रोहित शर्मा का करियर

अभी रोहित शर्मा इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में मुंबई इंडियंस के लिए खेल रहे हैं। उन्होंने अब तक पांच मैचों में 55.25 के औसत और 174.01 के स्ट्राइक रेट से 221 रन बनाए हैं। इसमें दो अर्धशतक और 84 का सर्वोच्च स्कोर शामिल है। 2007 में डेब्यू के बाद से रोहित ने भारत के सबसे बड़े ऑल-फॉर्मेट स्टार्स में से एक के रूप में अपना नाम बनाया है। उन्होंने 508 मैचों में 42.33 के औसत से 20,109 रन बनाए हैं। इसमें 50 शतक और 111 अर्धशतक शामिल हैं। रोहित की कप्तानी में भारत टी20 वर्ल्ड कप और चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीता। उनकी कप्तानी में मुंबई इंडियंस पांच बार आईपीएल का खिताब जीती।

# फिन एलन का तूफानी शतक

## केकेआर ने दिल्ली को 8 विकेट से हराया



**नई दिल्ली।** आईपीएल 2026 के 51वें मुकाबले में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए शुक्रवार को दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) को 8 विकेट से हराया। अरुण जेटली क्रिकेट स्टेडियम में डीसी से मिले 143 रनों के लक्ष्य को केकेआर ने आसानी से 2 विकेट खोकर 14.2 ओवर में हासिल कर लिया। यह केकेआर की लगातार चौथी जीत है। लक्ष्य का पीछा करने उतरी केकेआर की शुरुआत कुछ खास नहीं रही। कप्तान अजिंक्य रहाणे 9 गेंदों में 13 रन बनाने के बाद रन आउट होकर पवेलियन लौटे। वहीं, अंगकृष रघुवंशी को अक्षर पटेल ने सिर्फ एक रन के स्कोर पर क्लीन बोल्ड किया। हालांकि, इसके बाद फिन एलन और कैमरून ग्रीन ने मोर्चा संभाला। दोनों ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए शतकीय साझेदारी निभाई। दोनों ने मिलकर तीसरे विकेट के लिए 64 गेंदों में 116 रनों की अटूट साझेदारी की। एलन ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए 47 गेंदों में नाबाद 100 रन बनाए। अपनी इस पारी में एलन ने 5 चौके और 10 छक्के लगाए। वहीं, ग्रीन 27 गेंदों में 2 छक्कों की मदद से 33 रन बनाकर नाबाद रहे। गेंदबाजी में डीसी की तरफ से एकमात्र विकेट कप्तान अक्षर पटेल की झोली में आया। इससे पहले, दिल्ली कैपिटल्स ने 20 ओवर में 8 विकेट गंवाकर स्कोरबोर्ड पर 142 रन लगाए। पाथुम निसांका और केएल राहुल ने मिलकर टीम को सधी हुई शुरुआत दी और पहले विकेट के लिए 49 रन जोड़े। राहुल 14 गेंदों में 23 रन बनाकर आउट हुए। नीतीश राणा बल्ले से कुछ खास कमाल नहीं दिखा सके और 8 रन बनाकर आउट हुए। समीर रिजवी को सुनील नरेन ने 3 रनों के स्कोर पर पवेलियन भेजा। वहीं, ट्रिस्टन स्टब्स (2 रन) और कप्तान अक्षर पटेल (11 रन) का प्रदर्शन भी निराशाजनक रहा। पाथुम निसांका ने 29 गेंदों का सामना करते हुए 5 चौके और 3 छक्कों की मदद से 50 रन बनाए। वहीं, अंत के ओवरों में आशुतोष शर्मा ने 28 गेंदों में 39 रनों का योगदान दिया। गेंदबाजी में केकेआर की ओर से कार्तिक त्यागी ने 4 ओवर में सिर्फ 25 रन देकर 2 विकेट चटकाए, जबकि अनुकूल रॉय ने 31 रन देकर 2 विकेट निकाले। दिल्ली कैपिटल्स की यह इस सीजन की सातवीं हार है, जिसके चलते टीम का प्लेऑफ में पहुंच पाने का रास्ता बेहद मुश्किल हो गया है।



# राहुल ने रचा इतिहास

- **दिल्ली कैपिटल्स के लिए 1000 रन पूरे, पंत का रिकॉर्ड भी तोड़ा**

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के 51वें मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ शुक्रवार (8 मई) को केएल राहुल 14 गेंद पर 23 रन बनाकर आउट हुए। इस पारी के दौरान उन्होंने दिल्ली कैपिटल्स के लिए 1000 पूरे किए और इतिहास रच दिया। वह आईपीएल में तीन फ्रेंचाइजियों के लिए 1000 रन बनाने वाले पहले खिलाड़ी बन गए। केएल राहुल ने पंजाब किंग्स के लिए 2548 रन बनाए हैं। लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए 1410 रन बनाए। अब दिल्ली कैपिटल्स के लिए 1000 से ज्यादा रन हो गए। राहुल ने दिल्ली कैपिटल्स के लिए सबसे कम पारियों में 1000 रन पूरे किए उन्होंने साउथ अफ्रीका के पूर्व क्रिकेटर जेपी डुमिनी और ऋषभ पंत का रिकॉर्ड तोड़ा। डुमिनी और पंत ने 35-35 पारियों में 1000 रन पूरे किए। राहुल ने सिर्फ 23 पारियों में उपलब्धि हासिल कर ली।

# वैभव सूर्यवंशी नंबर 1, फिन एलन ने की ग्रीन की बराबरी

## छक्कों में चेज करते हुए सबसे तेज शतक लगाने वाले टॉप-8 बल्लेबाज

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2026 के 51वें मैच में केकेआर के ओपनर फिन एलन (नाबाद 100 रन, 10 छक्के व 5 चौके) ने दिल्ली के खिलाफ 47 गेंदों पर शतक लगाया। इसके बाद वो इस लीग में केकेआर की तरफ से सबसे तेज शतक लगाने वाले खिलाड़ी बने साथ ही साथ आईपीएल में रन चेज करते हुए सबसे तेज शतक लगाने के मामले में





कैमरन ग्रीन की बराबरी पर भी आ गए। इस लीग में चेज करते हुए सबसे कम गेंदों पर शतक लगाने का रिकॉर्ड अब भी वैभव सूर्यवंशी के नाम पर दर्ज है।

**चेज करते हुए सबसे तेज शतक वैभव के नाम-** आईपीएल में चेज करते हुए फिन एलन ने दिल्ली के खिलाफ 47 गेंदों पर शतक लगाया और वो इस लीग में चेज करते हुए सबसे तेज शतक लगाने के मामले में कैमरन ग्रीन के साथ संयुक्त रूप से 8वें नंबर पर आ गए।

# चहल से जुड़े वेपिंग विवाद के बाद बीसीसीआई सख्त

## अर्शदीप को 'व्लॉगिंग' बंद करने का फरमान: रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के आईपीएल फ्रेंचाइजी और खिलाड़ियों के लिए सख्त परिचालन और सुरक्षा दिशानिर्देश लाने के कुछ घंटों बाद ही खबर है कि बोर्ड ने अर्शदीप सिंह को पर्दे के पीछे की व्लॉगिंग बंद करने का फरमान जारी किया है। माना जा रहा है बीसीसीआई ने यह कदम युजवेंद्र चहल से जुड़े विवाद के बाद उठाया है। 'एनडीटीवी स्पोर्ट्स' की एक रिपोर्ट के मुताबिक, बीसीसीआई ने पंजाब किंग्स के गेंदबाज से व्लॉगिंग बंद करने को कहा है, क्योंकि उनके एक ट्रैवल वीडियो में कथित तौर पर चहल हैदराबाद के लिए टीम की फ्लाइट के दौरान वेपिंग करते हुए दिखे थे। यह मामला तब उठा, जब अर्शदीप के व्लॉग के सोशल मीडिया क्लिप वायरल हो गए। इन क्लिप्स में चहल वेपिंग करने का इशारा करने से पहले अपनी बाईं हथेली के नीचे कुछ छिपाते हुए दिखते हैं। फुटेज में धुएं का एक छोटा गुबार भी दिखाई दिया था। अर्शदीप के यूट्यूब चैनल पर अपलोड किए गए ऑरिजिनल वर्जन में कथित तौर पर पूरा सीन शामिल था, जिसे बाद में एडिट किया गया। हालांकि, फुटेज पहले ही ऑनलाइन बड़ी संख्या में लोगों तक पहुंच चुका था।



## आईपीएल की पारदर्शिता बनाए रखने और खिलाड़ियों को सुरक्षित माहौल देने के लिए

# जल्द लागू होंगे नए नियम: शुक्ला

**लखनऊ।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के वाइस प्रेसिडेंट राजीव शुक्ला ने कहा कि गवर्निंग बॉडी सभी आईपीएल खिलाड़ियों के लिए टूर्नामेंट के दौरान पारदर्शिता बेहतर करने और सुरक्षा इंतजाम को मजबूत करने के लिए कड़े नियम ला रही है। उन्होंने कहा कि टूर्नामेंट के दौरान खिलाड़ियों तक पहुंच को नियंत्रित किया जाएगा, ताकि किसी भी तरह की गड़बड़ी, बाहरी दखल या सुरक्षा खतरे से बचा जा सके। राजीव शुक्ला ने बताया कि अब फैंस और बिना अनुमति वाले लोगों को टीम होटल, टीम बस या खिलाड़ियों के निजी क्षेत्रों में उनसे मिलने की इजाजत नहीं होगी। उन्होंने कहा कि आईपीएल की पारदर्शिता बनाए रखने और खिलाड़ियों के लिए सुरक्षित माहौल तैयार करने के लिए ये नियम अगले कुछ दिनों में लागू किए जा सकते हैं। बीसीसीआई ने हाल ही में सभी 10 आईपीएल फ्रेंचाइजियों को सात पन्नों की नई गाइडलाइन भेजी है। इसमें टीमों को 'हनी-ट्रैप' जैसे संभावित खतरों से सावधान रहने को कहा गया है। बोर्ड ने साफ किया है कि खिलाड़ियों और सपोर्ट स्टाफ की सुरक्षा सबसे बड़ी प्राथमिकता है। इसी वजह से अब होटल और टीम से जुड़े सभी गतिविधि पर कड़ी नजर रखी जाएगी।



नई गाइडलाइन के मुताबिक, किसी भी खिलाड़ी या टीम अधिकारी के कमरे में बिना टीम मैनेजर की जानकारी और मंजूरी के कोई भी व्यक्ति नहीं जा सकेगा। चाहे वह खिलाड़ी का दोस्त, रिश्तेदार या कोई और परिचित ही क्यों न हो। सभी टीम मैनेजरों को होटल में आने-जाने वाले मेहमानों और खिलाड़ियों की गतिविधियों का रिकॉर्ड भी रखना होगा।

बीसीसीआई ने यह भी कहा है कि वह समय-समय पर अचानक 'सरप्राइज चेक' करेगा, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सभी फ्रेंचाइजियां नियमों का सही तरीके से पालन कर रही हैं। इसके अलावा, बोर्ड ने खिलाड़ियों और अधिकारियों को वेपिंग और ई-सिगरेट से भी दूर रहने की चेतावनी दी है। हाल ही में राजस्थान रॉयल्स के कप्तान रियान पराग का एक वीडियो सामने आया था, जिसमें उन्हें ड्रेसिंग रूम में वेपिंग करते देखा गया था। इसके बाद बीसीसीआई ने सख्त रुख अपनाया है।

बोर्ड ने कहा कि भारत में वेप और ई-सिगरेट का इस्तेमाल कानूनन प्रतिबंधित है। अगर कोई खिलाड़ी या अधिकारी ऐसा करते पाया गया तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी हो सकती है। बीसीसीआई ने फ्रेंचाइजी मालिकों के लिए भी नए निर्देश जारी किए हैं। मैच के दौरान मालिकों को डगआउट में खिलाड़ियों, कोच या सपोर्ट स्टाफ से बातचीत करने से मना किया गया है।

## IOA ने भारतीय घुड़सवारी महासंघ की तदर्थ समिति से

# कर्नल अशोक यादव को हटाया, आपसी कलह है वजह

**नई दिल्ली।** भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने शुक्रवार (8 मई) को कर्नल अशोक यादव (सेवानिवृत्त) को भारतीय घुड़सवारी महासंघ (ईएफआई) का कामकाज संभालने वाली तदर्थ समिति से हटा दिया है। इस कदम की वजह समिति के अंदर चल रही आपसी कलह और मतभेद बताए जा रहे हैं। तदर्थ समिति का गठन 27 मार्च को आईओए ने किया था।

यह कदम दिल्ली उच्च न्यायालय के 18 फरवरी के उस आदेश के बाद उठाया गया था, जिसमें ईएफआई में नए चुनाव कराने और महासंघ के कामकाज की देखरेख के लिए ओलंपिक संघ को एक अंतरिम संस्था नियुक्त करने का निर्देश दिया गया था। इस समिति की अध्यक्षता यशोधरा राजे सिंधिया कर रही थीं और इसमें फ्रांसिस्को लीमा, वकील विदुष्पत सिंघानिया और कर्नल अशोक यादव शामिल थे।



- **कामकाज के संबंध में शिकायत-** आईओए की अध्यक्ष पीटी उषा द्वारा जारी एक आधिकारिक आदेश में शीर्ष खेल संस्था ने कहा कि उसे यादव के आचरण और कामकाज के संबंध में 'कई शिकायतें' मिली थीं। यादव इस समिति में सदस्य (प्रशासन) के तौर पर काम कर रहे थे। आदेश में कहा गया, 'खिलाड़ियों और अधिकारियों सहित विभिन्न वर्गों के हितधारकों से मिली ये शिकायतें लगातार ऐसे मामलों की ओर इशारा करती हैं।



## अशोक यादव क्या बोले

आईओए ने कहा, 'उपरोक्त बातों को ध्यान में रखते हुए और तदर्थ समिति के सुचारू, निष्पक्ष और प्रभावी कामकाज को सुनिश्चित करने के हित में यह आदेश दिया जाता है कि कर्नल अशोक यादव (सेवानिवृत्त) को तदर्थ समिति के सदस्य (प्रशासन) के पद से तत्काल प्रभाव से हटा दिया जाता है।' हालांकि, यादव ने आरोप लगाया कि उन्हें इसलिए हटाया गया क्योंकि उन्होंने कुछ खास घुड़सवारों का पक्ष लेने के साथ तय नियमों को दरकिनार करने की कोशिशों का विरोध किया था।

# राज्य स्तरीय अधिकारियों एवं विशेषज्ञों की टीम ने उपायुक्त से की मुलाकात

## पेपर यूनिट का किया निरीक्षण, बाजार विस्तार एवं मार्केटिंग लिंकेज सुदृढ़ करने पर जोर





**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारियों एवं विशेषज्ञों की राज्य स्तरीय टीम ने शनिवार को समाहरणालय में उपायुक्त अजय नाथ झा से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान टीम ने चंदनकियारी प्रखंड स्थित चंद्रा क्लस्टर लेवल फेडरेशन (सीएलएफ) के अंतर्गत संचालित पेपर यूनिट के निरीक्षण से संबंधित जानकारी साझा की। अधिकारियों ने यूनिट की कार्यप्रणाली, उत्पादों की गुणवत्ता तथा महिला समूहों के कार्यों की सराहना करते हुए मार्केटिंग लिंकज को और सुदृढ़ करने की आवश्यकता पर बल दिया। उल्लेखनीय हो कि, चंद्रा सीएलएफ के अंतर्गत संचालित पेपर यूनिट श्यामा प्रसाद मुखर्जी रूरबन मिशन के तहत समर्थित है। निरीक्षण के दौरान ग्रामीण विकास विभाग के अवर सचिव अमरेश कुमार, आईएएफ (ग्रामीण विकास विभाग) विनोद कुमार पांडेय तथा ईवाई परियोजना परामर्शदाता जयेश सिन्हा उपस्थित रहे। निरीक्षण के क्रम में अधिकारियों ने यूनिट से जुड़ी स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से संवाद किया तथा उनके कार्यों की सराहना की। इस दौरान उत्पादों की गुणवत्ता, बाजार विस्तार, पैकेजिंग एवं व्यवसाय विकास को लेकर महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए गए। अधिकारियों ने कहा कि महिला समूहों द्वारा तैयार उत्पादों को व्यापक बाजार उपलब्ध कराने की दिशा में समन्वित प्रयास किए जाएंगे। कार्यक्रम के दौरान जिला मिशन प्रबंधन इकाई से जिला कार्यक्रम प्रबंधक, जिला प्रबंधक-वित्तीय समावेशन, जिला प्रबंधक-उद्यम प्रोत्साहन तथा प्रखंड मिशन प्रबंधन इकाई चंदनकियारी से प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक, प्रखंड लेखा पदाधिकारी, सामुदायिक समन्वयक एवं सीएलएफ सदस्य आदि उपस्थित रहे।

# राज्य स्तरीय दिशा समिति सदस्य ने की विकास योजनाओं की प्रगति की क्रमवार समीक्षा

## युवा अधिक से अधिक योजनाओं का लाभ उठाएं : देवेश तिवारी



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिला दौरे पर बोकारो पहुंचे सदस्य, राज्य स्तरीय दिशा समिति (झारखंड), ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार देवेश तिवारी ने विभिन्न विभागों में संचालित विकास योजनाओं एवं कार्यों की बोकारो परिसदन में क्रमवार समीक्षा की। समीक्षा के दौरान उन्होंने योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, पारदर्शिता एवं निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण करने को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि योजनाओं का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाना है। इसके लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें ताकि योजनाओं का लाभ जरूरतमंद लोगों तक समय पर पहुंचे। आगे, बोकारो परिसदन सभागार में आहूत संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार द्वारा आमजनों, विशेषकर युवाओं के लिए कई कल्याणकारी एवं स्वरोजगार आधारित योजनाएं संचालित की जा रही हैं। युवाओं को चाहिए कि वे इन योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर अधिक से अधिक लाभ उठाएं तथा आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ें। इससे पूर्व, बोकारो परिसदन पहुंचने पर सदस्य देवेश तिवारी का उपायुक्त (डीसी) अजय नाथ झा, पुलिस अधीक्षक (एसपी) नाथू सिंह मीना एवं उप विकास आयुक्त (डीडीसी) शताब्दी मजूमदार ने पौधा भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर जिला प्रशासन के अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### अतिक्रमणकारियों के पथराव में बीएसएल सुरक्षा विभाग के दो जवान जख्मी

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** एयरपोर्ट बाउंडीवाल के निकट सेक्टर 12 में बोकारो स्टील की जमीन पर झोपड़ीनुमा घर बनाकर किए जा रहे अतिक्रमण को रोकने गई बोकारो स्टील के सुरक्षा विभाग की टीम पर स्थानीय लोगों ने अचानक हमला कर दिया। पत्थरबाजी में 2 होमगार्ड जवान घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए बोकारो जनरल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस अधीक्षक नाथू सिंह मीणा ने अस्पताल जाकर घायल जवानों के इलाज से संबंधित जानकारी ली। डीएसपी सिटी आलोक रंजन ने बताया कि बोकारो स्टील के टीए विभाग की ओर से इस संबंध में सेक्टर 12 थाना में आवेदन दिया गया है। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण हटाने गई टीम पर पत्थर से हमला किया गया, जिसमें 2 जवान घायल हुए हैं। डीएसपी ने स्पष्ट किया कि इस हमले में जो भी लोग शामिल पाए जाएंगे, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।





### मृत पंचायत सचिवों को लेकर आयोजित हुई शोक सभा

बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। नावाडीह प्रखंड में कार्यरत पंचायत सचिव सुजीत ठाकुर एवं रंजीत कुमार के आकस्मिक निधन पर शनिवार को समाहरणालय में शोक सभा आयोजित की गई। शोक सभा की अध्यक्षता उपायुक्त अजय नाथ झा ने की। शोक सभा में उपस्थित पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की तथा शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। उपायुक्त ने



दिवंगत दोनों कर्मियों के पावना को बिना विलंब पंचायती राज एवं स्थापना शाखा को समन्वय बनाकर निष्पादन का निर्देश दिया। उल्लेखनीय हो कि, शुक्रवार को डुमरी प्रखंड क्षेत्र के इसरी बाजार में सड़क दुर्घटना में दोनों पंचायत सचिवों की मृत्यु हो गई थी। मौके पर उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार,अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, जिला पंचायती राज पदाधिकारी मो. सफीम आलम, डीपीआरओ रवि कुमार, डीएसडब्ल्यू डॉ. सुमन गुप्ता, डीएसओ हेमलता बुन, एपीआरओ अविनाश कुमार सिंह समेत विभिन्न कार्यालयों के अधिकारी - कर्मी आदि उपस्थित थे।

# छात्रवृत्ति छात्रों के जीवन निर्माण में निभाती महत्वपूर्ण भूमिका: उपायुक्त

## कहा: आगे बढ़ने के लिए पहले स्वयं पर ध्यान केंद्रित करें,अपने लक्ष्य के प्रति स्वार्थी बनें



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सेक्टर 05 स्थित चिन्मया विद्यालय, बोकारो के सभागार में शनिवार को आयोजित प्रतिभा पोषण अवार्ड कार्यक्रम में उपायुक्त (डीसी) अजय नाथ झा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि छात्रवृत्ति विद्यार्थियों के जीवन में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने अपने जीवन के अनुभव साझा करते हुए कहा कि उन्होंने स्वयं छात्रवृत्ति के सहयोग से अपनी पढ़ाई पूरी की है। उपायुक्त ने कहा कि हमारे जीवन के निर्माण में माता-पिता एवं सरकार दोनों का महत्वपूर्ण योगदान होता है। ऐसे में हमारा दायित्व है कि हम समाज, गांव और देश के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का ईमानदारी से निर्वहन करें। उपायुक्त ने विद्यार्थियों से कहा कि जीवन में आगे बढ़ने के लिए सबसे पहले स्वयं पर ध्यान केंद्रित करना आवश्यक है। पढ़ाई के प्रति समर्पण और अनुशासन ही सफलता की मजबूत नींव है। उन्होंने कहा कि यदि जड़ मजबूत नहीं होगी तो विशाल बरगद का वृक्ष नहीं बन सकेंगे। उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि जीवन में तनाव और चुनौतियां आएंगी, लेकिन धैर्य एवं सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ना चाहिए। साइकिल चलाने का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि जैसे साइकिल चलाते समय संतुलन बनाए रखना जरूरी होता है, उसी प्रकार जीवन में भी संतुलन बनाकर आगे बढ़ना चाहिए।

**देश के इतिहास, संस्कृति और भारत दर्शन को समझना जरूरी**

उपायुक्त ने कहा कि दसवीं - बारहवीं के छात्रों से देश को बड़ी उम्मीदें हैं। केवल विषयगत ज्ञान ही नहीं, बल्कि देश के इतिहास, संस्कृति और भारत दर्शन की भी समझ विकसित करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत की संस्कृति और परंपराओं को समझना तथा उसे अपने जीवन में आत्मसात करना जरूरी है। उन्होंने छात्रों को संदेश देते हुए कहा कि खूब पढ़ो, खूब खुश रहो और जीवन की चुनौतियों से डरो मत। इस अवसर पर उपायुक्त समेत अन्य अतिथियों द्वारा विभिन्न विद्यालयों में अध्ययनरत जरूरतमंद छात्र - छात्राओं को छात्रवृत्ति की राशि का चेक एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

# संगीत नाटक अकादमी छऊ केंद्र में गुरुदेव रवींद्रनाथ ठाकुर की जयंती पर कला दर्शन कार्यक्रम



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो संगीत नाटक अकादमी छऊ केंद्र चंदनकियारी में शनिवार को गुरुदेव रवीन्द्रनाथ ठाकुर की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर एक विशेष सांस्कृतिक आयोजन कला दर्शन कार्यक्रम के माध्यम से कलाकारों ने गुरुदेव रवीन्द्रनाथ ठाकुर को याद किया। भारत सेवाश्रम संघ धनबाद प्रशाखा के स्वामी और चंद्रा विद्यालय की प्राचार्या सीमा, छऊ केंद्र के संयोजक डॉ संजय, अकादमी सम्मान से सम्मानित परीक्षित महतो एवं बंगाल से पधारे भुवन कुमार सहित अनेक गणमान्य लोगों ने गुरुदेव रवीन्द्रनाथ ठाकुर की प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पण कर उन्हें नमन किया। स्वागत उद्बोधन डॉ संजय ने दिया और गुरुदेव के जीवन वृत्त को सभा में रखा। बाद में सांस्कृतिक कार्यक्रम कला दर्शन में लोगों ने आनंद लिया। संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार की स्वायत्त संस्था संगीत नाटक अकादेमी, नई दिल्ली द्वारा संचालित संगीत नाटक अकादमी छऊ केंद्र, रवींद्र भवन, चंदनकियारी में कवि गुरु रवींद्र जयंती पर आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में झारखंड सहित पश्चिम बंगाल से आए कलाकारों, विद्यालय के बच्चों व शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी से आयोजन को स्मरणीय बना दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विजय कुमार, महेश राउत, स्वप्न कुमार, गोपाल कुमार, राकेश आदि का विशेष योगदान रहा।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 671 वादों का निष्पादन, 9 करोड़ रुपए से ज्यादा का समझौता



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार नई दिल्ली तथा झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, राँची के निदेर्शानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, बोकारो अनिल कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में आज साल का दूसरा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन न्याय सदन, बोकारो में किया गया। राज्य के सभी जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों की राष्ट्रीय लोक अदालत का आभासी उद्घाटन मुख्य न्यायाधीश झारखंड उच्च न्यायालय द्वारा किया गया। इस अवसर पर कार्यकारी अध्यक्ष झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण तथा उच्च न्यायालय के न्यायाधीशगण एवं झालसा के सदस्यगण उपस्थित रहे । राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंकिग चेक बाउंस, बिजली, पारिवारिकि, दीवानी, श्रम, उत्पाद, वन विभाग, मोटरयान के अलावा सभी आपराधिक सुलहनीय मामलों को चिन्हित कर उसके निष्पादन के लिए व्यवहार न्यायालय बोकारो में सात (07) एवं अनुमंडल न्यायालय तेनुघाट में तीन (03) बेंचो का गठन किया गया था। इस राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल-671 वादों का निष्पादन हुआ जिसमें कुल समझौता राशि-9,16,30,071/- (नौ करोड़ सोलह लाख तीस हजार इक्हातर रुपये) हुई। उक्त आशय की जानकारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार बोकारो के द्वारा दी गई।

# नागरिकों ने लगाया साधारण मारपीट को सांप्रदायिक रंग देने का आरोप



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी एक बार फिर विवादों में घिर गए हैं। बोकारो जिले के चिराचास थाना क्षेत्र के नंदूआ स्थान में जिम के बाहर दो पक्षों के बीच हुई मारपीट की घटना को लेकर आरोप लगाया गया है कि मंत्री मामले को कथितरूप सांप्रदायिक रंग दे रहे हैं। मंत्री के इस हस्तक्षेप से स्थानीय हिंदू समाज में आक्रोश देखा जा रहा है। घटना के बाद पुलिस ने एक पक्ष के हर्ष कुमार को गिरफ्तार किया, जबकि दूसरे पक्ष के आरिफ अंसारी की गिरफ्तारी नहीं होने से स्थानीय लोगों में नाराजगी बढ़ गई है। लोगों का आरोप है कि आरिफ अंसारी पर पहले से भी कई मामले दर्ज हैं। इसके बावजूद कार्रवाई नहीं होना राजनीतिक दबाव का परिणाम है। इसी बीच यह मामला तब और राजनीतिक रूप लेता दिखा, जब जामताड़ा से रांची जा रहे स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने बोकारो में रुककर आरिफ अंसारी के परिजनों से मुलाकात की। आरोप है कि मंत्री ने थाना प्रभारी समेत अन्य पुलिस अधिकारियों पर कार्रवाई कराने की बात कही और सिविल सर्जन को भेजकर आरिफ अंसारी के बेहतर इलाज का आश्वासन भी दिया। इसके विरोध में चिराचास में स्थानीय लोगों की एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठाए गए और निष्पक्ष जांच की मांग की गई। बैठक में वक्ताओं ने आरोप लगाया कि यह महज दो पक्षों के बीच मारपीट का मामला था, लेकिन मंत्री के हस्तक्षेप से इसे सांप्रदायिक रूप देने की कोशिश की गई। स्थानीय लोगों ने स्पष्ट रूप से मांग की है कि पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच की जाए और दोनों पक्षों के खिलाफ समान रूप से कानूनी कार्रवाई हो। उन्होंने कहा कि कानून सबके लिए बराबर होना चाहिए और किसी भी तरह का राजनीतिक दबाव या हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# बोकारो पुलिस ने खोए हुए 47 मोबाइल किए बरामद, लोगों ने की पुलिस की सराहना





**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। अलग अलग थाना क्षेत्रों से खोए हुए 47 मोबाइल पुलिस ने सी ई आई आर पोर्टल की मदद से बरामद कर लिया है। साथ ही लोगों को मोबाइल लौटा दिया गया। मोबाइल मिलने के बाद लोगों के चेहरे में खुशी देखे गई। डीएसपी आलोक रंजन ने बताया, बोकारो के शहरी थाना क्षेत्रों से लगातार मोबाइल खोने और चोरी होने की शिकायतें मिल रही थीं। मामलों की गंभीरता को देखते हुए एसपी नाथू सिंह मीना ने सभी थाना प्रभारियों को सी ई आई आर पोर्टल का उपयोग कर खोए मोबाइलों को बरामद करने निर्देश दिया। बताया कि अन्य व्यक्ति किसी का मोबाइल का उपयोग करता है तो इसकी जानकारी थाना और आवेदक दोनों को मिल जाएगी। मोबाइल मिलने के बाद लोगों लोगों के चेहरे में खुशी देखी गई। लोगों का कहना था कि दो साल पहले अगर मोबाइल गुम हुआ है तो उम्मीद तो मिलने की नहीं थी। लेकिन मिलने से काफी खुशी हुई है। लोगों ने पुलिस के कार्यशैली की भी सराहना की।

# बीएसएल में वेंडर मीट का आयोजन, टाउनशिप से जुड़े 15 प्रमुख कार्यों पर चर्चा

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो स्टील प्लांट के कॉन्ट्रैक्ट सेल (नॉन-वर्क्स) विभाग द्वारा 9 मई को नगर प्रशासन विभाग से संबंधित 15 प्रमुख कार्यों के लिए एक वेंडर मीट का आयोजन किया गया। इस बैठक में कुल 45 वेंडरों ने भाग लिया. बैठक का मुख्य उद्देश्य संभावित वेंडरों को आगामी निविदाओं के कार्यक्षेत्र, तकनीकी आवश्यकताओं, सुरक्षा मानकों तथा गुणवत्ता संबंधी अपेक्षाओं की विस्तृत जानकारी देना था। साथ ही भविष्य की निविदाओं के लिए वेंडर बेस का विस्तार करना भी इस आयोजन का प्रमुख उद्देश्य रहा. वेंडर मीट में जिन प्रमुख कार्यों पर चर्चा की गई, उनमें दो लाख से अधिक पौधों का वृक्षारोपण, बीएसएल क्षेत्र में विज्ञापन सामग्री का प्रदर्शन, रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, ओवरहेड वाटर टैंक की सफाई, स्किड लोडर के माध्यम से ड्रेन और बर्म की सफाई, सीसीटीवी कैमरा एवं मॉनिटरिंग सिस्टम की स्थापना एवं रखरखाव, 1250 केवीए तक के डिस्ट्रीब्यूशन ट्रांसफॉर्मर की मरम्मत, सुपर सकर एवं जेटिंग मशीन द्वारा सीवरेज लाइन की मैकेनाइज्ड सफाई, मच्छर नियंत्रण हेतु फॉगिंग मशीन के माध्यम से कोल्ड एवं थर्मल फॉगिंग, जलाशयों की डी-सिल्टिंग, बड़े रिजर्वायर डैम की स्टील संरचना की मरम्मत एवं रोप चेंजिंग, बड़े भूमिगत जलाशयों की मैकेनाइज्ड सफाई, मध्यम आकार के चिड़ियाघर का प्रबंधन, तालाबों में मत्स्य पालन एवं हार्वेस्टिंग तथा बीएसएल के दुग्गल गेट के पास ट्रांजिट पार्किंग संचालन जैसे कार्य शामिल थे. बैठक का आयोजन दो सत्रों में किया गया, जिसमें बीएसएल में टेंडर जमा करने की प्रक्रिया पर विस्तृत प्रस्तुति दी गई. अधिकारियों ने निविदा दस्तावेजों के सही तरीके से प्रस्तुतिकरण, पात्रता संबंधी आवश्यकताओं तथा सामान्य त्रुटियों से बचने के उपायों की जानकारी दी, ताकि निविदाओं की अस्वीकृति न्यूनतम हो सके. तकनीकी विशेषज्ञों द्वारा विभिन्न प्रस्तावों, पात्रता मानदंडों तथा अन्य आवश्यक प्रक्रियाओं पर भी विस्तार से प्रस्तुति दी गई. इससे वेंडरों को परियोजनाओं की अपेक्षाओं और मूल्यांकन प्रक्रिया को बेहतर ढंग से समझने में सहायता मिली. वरिष्ठ अधिकारियों ने टाउनशिप में उच्च गुणवत्ता मानकों को बनाए रखने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि इन कार्यों का प्रभावी क्रियान्वयन टाउनशिप निवासियों के कल्याण और पर्यावरणीय स्थिरता के प्रति संगठन की प्रतिबद्धता से सीधे जुड़ा हुआ है. कार्यक्रम में शामिल प्रतिभागियों ने सुव्यवस्थित आयोजन, तकनीकी जानकारी और संबंधित विभागों के साथ सीधे संवाद के अवसर की सराहना की.

**बैठक का आयोजन दो सत्रों में किया गया, जिसमें बीएसएल में टेंडर जमा करने की प्रक्रिया पर विस्तृत प्रस्तुति दी गई**

## बीएसएल का 15 मई से ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो स्टील प्लांट के खेल एवं नागरिक सुविधाएं विभाग के तत्वावधान में ग्रीष्मकालीन क्रीड़ा प्रशिक्षण शिविरझ2026 15 मई से 2 जून तक आयोजित किया जाएगा. शिविर का शुभारम्भ 15 मई को अपराहन 3.30 पर सेक्टरझ4 स्थित मोहन कुमार मंगलम स्टेडियम में होगा. बीएसएल द्वारा आयोजित ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का उद्देश्य खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना एवं बच्चों में खेल भावना विकसित करना है. ग्रीष्मकालीन क्रीड़ा शिविर में कुल 12 खेल एथलेटिक्स, क्रिकेट, फुटबॉल, बैडमिंटन, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, कबड्डी, खो-खो, तीरंदाजी, शतरंज, हॉकी और हैंडबॉल का प्रशिक्षण दिया जाएगा. क्रिकेट के प्रशिक्षण शिविर में 12 से 15 वर्ष के लड़के शामिल हो सकते हैं जबकि अन्य सभी खेलों में 8 से 15 वर्ष के लड़के एवं लड़की दोनों भाग ले सकते हैं. इच्छुक प्रतिभागियों को 14 मई तक प्रातः 10:00 बजे से 12:30 बजे तथा अपराह्न 3:30 बजे से 4:30 बजे के बीच क्रिकेट स्टेडियम, सेक्टर-4 में अपना पंजीकरण करा सकते हैं. क्रिकेट के लिए ₹250 प्रति प्रतिभागी, और अन्य खेलों के लिए ₹150 प्रति प्रतिभागी पंजीकरण शुल्क निर्धारित की गई है. अलग-अलग खेलों के लिए योग्य प्रशिक्षकों एवं उनके सहयोगियों के मार्गदर्शन में शिविर का आयोजन निर्धारित स्थानों में किया जाएगा. इच्छुक बच्चे बीएसएल के ग्रीष्मकालीन क्रीड़ा प्रशिक्षण शिविर का लाभ उठा सकते हैं.

# मिथिला अकादमी पब्लिक स्कूल में मनाया गया मातृ दिवस

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मिथिला अकादमी पब्लिक स्कूल, बोकारो में मातृ दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि के रूप में मीरा लकड़ा , थाना प्रभारी , महिला थाना , बोकारो एवं निर्णायक अखिलेश कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सभी छात्रों की माताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर के किया गया। उसके बाद नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा अपनी माता को समर्पित एक नृत्य पेश किया गया। इस कार्यक्रम में सभी माताओं के लिए नृत्य प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 20 बच्चों की माताओं ने भाग लिया। विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। जिसमें माँ के महत्व के बारे में बताया गया कि माँ अपनी खुशियाँ त्यागकर बच्चों की छोटी-छोटी जरुरतों का ख्याल रखती हैं।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145865 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com